वैशाख कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, रविवार, 05 मई 2024 | वर्ष-25, अंक-92, पृष्ठ-12 मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



# मजबूत भारत, मजबूत सरकार चाहता है : पीएम

### मोदी मौज नहीं, मिशन के लिए पैदा हुआ है, विरासत में विकसित भारत दूंगा

### कांग्रेस और उनके चट्टे-बट्टे संविधान बदल मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं



राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** चियांकी हवाईअड्डे पर महा विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला किया कहा कि 'कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। ये कांग्रेस के निराश-हताश लोग अब कुंठित हो गए हैं। एक कहावत है - जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई! कांग्रेस के शहजादे की हालत वही है। मैं तो गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। इसलिए, 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा मेरे जीवन के अनुभव से आए हैं। जब आज लाभार्थियों से मिलता हूं, तो खुशी के मारे आंसू आ ही जाते हैं। ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो, जिसने कष्ट में जीवन गुजारा हो।' कांग्रेस के शहजादे क्या जाने वे चांदी के चम्मच से खाते हैं। गरीब के घर के में जाकर फोटो खिंचवाते हैं। लेकिन आज तक गरीबों के लिए कुछ भी नहीं किया। गरीबों का आशीर्वाद मेरी शक्ति है।

#### आपके बच्चों को विकसित भारत देकर जाऊंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'जेएमएम-कांग्रेस के नेताओं ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी की है। संपत्ति हो, राजनीति हो, सब कुछ ये अपने-अपने बच्चों के लिए अर्जित कर रहे हैं। ये उनके लिए विरासत में ढेर सारी काली कमाई छोड़ कर जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में काम करते हुए 25 साल हो गए। मोदी पर एक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है कांग्रेस : पीएम मोदी



**गुमला/लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी झारखंड के तूफानी दौरे के अंतिम पड़ाव में शनिवार को गुमला के सिसई पहुंचे। यहां प्रखंड मुख्यालय स्थित मैदान में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे, भाजपा और झारखंड के बीच दिल का रिश्ता है। वहीं मोदी ने कांग्रेस पर संविधान से खिलवाड़ और संविधान के खिलाफ बार-बार धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण का प्रयास करने का आरोप लगाया। पीएम ने कहा की संविधान किसी की निजी जायदाद नहीं, जिस पर कोई अपना अधिकार जमाये। कहा, मेरे रहते कोई भी संविधान को हाथ नहीं लग सकता है। कहा, विपक्ष और कांग्रेस अपनी डफली अपनी राग अलापते रहते हैं और एक सोची समझी राजनीति के तहत आम जनता को गुमराह करते रहते हैं। कांग्रेस संविधान में बदलाव कर आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी, ऐसा वह कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकालकर कर चुकी है। कर्नाटक के सभी मुसलमानों को रातोंरात ओबीसी बना ओबीसी आरक्षण दे दिया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी झारखंड का सम्मान नहीं किया, इनका ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

***प्रधानमंत्री*** ने कहा कि झारखंड और झारखंडवासियों के भावनाओं को यदि कोई दिल से समझता है और सुलझाता है तो वह सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अटल और भाजपा ने बनाया है, कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया , जबकि भाजपा की ताकत थी और अटल की दूर दृष्टि ही थी कि झारखंड अलग राज्य बना।

***मोदी*** ने कहा घुसपैठियों के करण झारखंड बंगाल बन जाएगा, आज कांग्रेस और झामुमो में लूट की रेस चल रही है, बालू सहित प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है और तो और छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं। आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद , झामुमो और कांग्रेस ने सेना की जमीन पर भी आंखें गड़ा रखी है।

सेंसेक्स 73,878.15 ▼-732.96
डॉलर 83.382 ▼-0.013

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,350
चांदी (1 किलो) 87,000

### आज के मैच

PUNJAB KINGS VS CHENNAI SUPER KINGS

समय : 05 मई, 3:30 बजे से
स्थान : धर्मशाला

### आज के मैच

LUCKNOW SUPER GIANTS VS Kolkata Knight Riders

समय : 05 मई, 7:30 बजे से
स्थान : लखनऊ

### एक नजर

#### सात को आएंगे राहुल प्रियंका गांधी 13 को बाघमारा में करेंगी सभा

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सात मई को झारखंड आ रहे हैं। वह चाईबासा में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी और गुमला के बसिया में लोहरदगा लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका 13 मई को झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी। वह इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य सहयोगी दलों के नेता मंच साझा करेंगे।

**आजकल**




#### जेपीएससी की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

## सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट, 37 पर आरोप

### आरोपियों में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद, वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी, राधा गोविंद नागेश सहित कई पदाधिकारियों के नाम हैं शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने शनिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दायर चार्टशीट में कुल 37 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद , वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी, राधा गोविंद नागेश सहित अन्य पदाधिकारी के नाम शामिल हैं, जो वर्तमान में कहीं ना कहीं राज्य के जिलों में पदस्थापित हैं। इस मामले की सीबीआई जांच 12 साल से अधिक समय से चल रही है लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं हुई। इसे लेकर झारखंड हाईकोर्ट में कई बार सुनवाई भी हुई है। अदालत ने जांच में हो रही देरी को लेकर सीबीआई से जवाब तलब भी किया था। हालांकि, जांच एजेंसी पहले मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने 2012 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद परीक्षा में नियुक्त पदाधिकारियों के वेतनमान पर रोक लगा दिया गया था। बाद में हाई कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दी गयी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए इस फैसले को पलट दिया। कुछ दिन पूर्व झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएम मोदी मातृ दिवस पर वाराणसी से करेंगे नामांकन

-आरपी सिंह। नई दिल्ली



13 मई को पीएम मोदी करेंगे रोड शो

14 मई 2024 मंगलवार को मातृ दिवस है। विश्व भर में इस तारीख को मातृ दिवस के रूप में मनाया जाता है। 14मई 2024 को दोपहर 3.41 से शाम 5.23 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग है। इस दिन गंगा सप्तमी भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी 14 मई 2024 मंगलवार को वाराणसी संसदीय सीट वाराणसी से नामांकन करेंगे। वह इसके लिए एक दिन पहले 13 मई 2024 सोमवार को काशी पहुँचेंगे । विधि विधान से बाबा काशी विश्वनाथ का पूजा करेंगे। वाराणसी में सातवें फेज में मतदान होगा। वह दो दिन के वाराणसी दौरे के दौरान 13 मई को एक बड़ा रोड शो भी करेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार वाराणसी लोकसभा सीट पर सातवें चरण में 1 जून को वोटिंग होनी है, जिसके लिए 7 मई से 14 मई को नामांकन होगा। मोदी ने 2019 के चुनाव में भी नामांकन से पहले बड़ा रोड शो किया था। मालूम हो कि बीते लोकसभा चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट से मोदी ने 4,79,505 वोटों के अंतर से सीट जीती थी। दूसरे नंबर पर सपा नेता शालिनी यादव तथा तीसरे नंबर पर कांग्रेस नेता अजय राय रहे थे। इस बार भी कांग्रेस ने इस सीट से अजय राय को ही प्रत्याशी घोषित किया है। सपा उनका समर्थन करेगी।

| राजनीतिक पार्टी | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 6,74,664 |
| सपा | शालिनी यादव | 1,95,159 |
| कांग्रेस | अजय राय | 1,52,548 |

## मानकी मुंडा व्यवस्था खत्म करना चाहता है केंद्र : सीएम चंपाई सोरेन

■ वन कानून शिथिल किया जा रहा, महंगाई-बेरोजगारी पर नहीं बोलते पीएम



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

लोकसभा चुनाव के महासमर में अब मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन केंद्रीय भूमिका में आते दिख रहे हैं। शनिवार को चक्रधरपुर के बुढ़ीगोड़ा मैदान में सिंहभूम सीट से लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री पर झूठ बोलने व धोखा देने का आरोप लगाया। कहा मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार मानकी मुंडा व्यवस्था को खत्म कर देना चाहती है। केंद्र सरकार वन अधिनियम कानून शिथिल कर रही है। देश में महंगाई, बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन प्रधानमंत्री इस बारे में बात नहीं करते हैं। भाजपा जुमलेबाजी वालों की सरकार है, उन्हें वोट मांगने का अधिकार नहीं है। कहा, जब केंद्र सरकार ने आवास योजना का पैसा देना बंद कर दिया तो राज्य की सरकार ने आबुआ आवास योजना का लाभ देकर तीन कमरों का पक्का मकान देने की प्रक्रिया शुरू की। राज्य सरकार द्वारा 125 यूनिट बिजली फ्री में दी जा रही है। हम जो कहते हैं अपना वायदा पूरा करते हैं। सीएम ने कहा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मैं प्रत्याशी के रूप में नहीं, बेटी बन के आई हूं : कल्पना सोरेन



**रांची।** गांडेय से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शनिवार को उत्सव उपवन में गांडेय विधानसभा क्षेत्र की 15 पंचायतों के 68 गांवों के आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनसे सीधा संवाद कायम किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा कि वे आपके सामने प्रत्याशी के रूप में नहीं आयी हूं, बल्कि आपकी बेटी बन के आयी हूं। कल्पना सोरेन ने उनकी परेशानियों को समझा और कहा कि आदिवासी समुदाय के बहुत अच्छे हालात नहीं है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर


**इंडिया**

## सर्जन के चाकू की तरह एआई सर्जन करेगा या विसर्जन



सुनील बादल

***सदियों*** पहले प्राचीन किस्से कहानियों के महामानव या जिन्न या साइंस फिक्शन पर आधारित अनेक उपन्यासों और फिल्मों में जिस कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारनामों और खतरे के अंदेशे को दशार्या गया था उसे प्रत्यक्ष देखने समझने का समय आ गया है । लगातार एक ही प्रकार के कार्य और उसके अनुभव का मानव मस्तिष्क से कई गुना अधिक तेज गति से विश्लेषण और उसके आधार पर सटीक त्रुटिरहित कार्य आज ये अदृश्य सुपर मानव कर रहे हैं जिसकी विश्वस्तर पर चर्चा हो रही है। **कोरोना काल में प्रायः** बंद ग्राहक सेवा व्हाट्सएप पर सीमित हो गई थी पर आज एआई महिला हमारे प्रश्नों का सिर्फ मधुरता और विनम्रता से जवाब दे रही है वरन शिकायत संख्या और सुविधाओं का इस प्रकार जवाब दे रही है कि हम में से अनेक लोगों को भान तक नहीं हो रहा कि हमारी बातचीत मनुष्य से नहीं हुई। टीवी के लिए टाइप की गई स्क्रिप्ट की एंकरिंग से लेकर जटिल मामलों में पुराने डाटा से पलक झपकते विशेषज्ञता भरा निर्णय सुना रहे ये महामानव कल सभ्यता के अस्तित्व को खतरे में डाल सकते हैं। यह टिप्पणी टेस्ला के सीईओ और 'एक्स' के मालिक एलन मस्क ने ब्रिटेन में आयोजित दुनिया के पहले वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सुरक्षा शिखर सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि इस बात की शून्य से भी अधिक संभावना है कि एआई हम सभी को मार डालेगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को अगर पर्यावरण आंदोलन के लिए प्रोग्राम किया जाता है तो यह मानवता के विनाश का कारण बन सकता है। सस्ते और मानवजनित खर्चों से दूर यह तकनीक के अभी शुरूआती दिन हैं, लेकिन इसके अस्तित्व में आते ही न केवल विवादों में घिर गई, बल्कि मानव अस्तित्व को ही मिटाने की क्षमता हासिल कर लेने के मुकाम तक चुटकियों में पहुंच सकने की स्थिति में आ गई। महज पांच सालों में तीस फीसद नौकरियों को एआइ और 'आटोमेशन' द्वारा हड़प लिया गया।




अमेरिका की दिग्गज निवेश बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट बताती है कि एआई तीस करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के बराबर जगह ले सकता है। जिस सक्रियता के साथ, जल्दबाजी में, बड़े-बड़े सपने संजोकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस (एआई) का खाका तैयार किया गया, उसे मूर्त रूप दिया गया, वही अब उल्टा पड़ रहा है। ऐसा लगता है कि इसे लेकर किया गया आकलन सकारात्मक न होकर नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। मानवता के लिए न केवल बड़ा, बल्कि इतना बड़ा खतरा बन गया है कि सदी तो छोड़िए, कुछ दशक में ही विनाश की संभावनाएं बलवती लगने लगी हैं। आर्टिफिशियल इटेलिजेंस दुनिया की श्रेष्ठ तकनीकों में से एक है। यह दो शब्दों आर्टिफिशियल और इंटेलिजेंस से मिलकर बनी है। इसका अर्थ है मानव निर्मित सोच शक्ति। इस तकनीक की सहायता से ऐसा सिस्टम तैयार किया जा सकता है, जो मानव बुद्धिमत्ता यानी इंटेलिजेंस के बराबर होगा। इस तकनीक के माध्यम से अल्गोरिदम सीखने, पहचानने, समस्या-समाधान, भाषा, लाजिकल रीजनिंग, डिजिटल डेटा प्रोसेसिंग,बायोइंफार्मेटिक्स तथा मशीन बायोलाजी को आसानी से समझा जा सकता है। इसके अलावा यह तकनीक खुद सोचने, समझने और कार्य करने में सक्षम है।सन 1955 में जॉन मेकार्थी ने आधिकारिक तौर पर इस तकनीक को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का नाम दिया था। जॉन मेकार्थी अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक थे। मशीनों को स्मार्ट बनाने के लिए उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को परिभाषित किया था। चार प्रकार की होती है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रतिक्रिया तंत्र - यह सबसे पुरानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम की फॉर्म है। ये मशीन पुराने डेटा को संग्रहीत करने में सक्षम नहीं होती और निर्णय लेने के लिए पिछले अनुभवों का इस्तेमाल भी नहीं करती हैं। यह लिमिटेड डेटा स्टोर करके प्रतिक्रिया देती है। उदाहरण के तौर पर आइबीएन ने वर्ष 1997 में शतरंज खेलने वाला सुपर कंप्यूटर गहरे नीले जिनसे उस समय के मशहूर शतरंज खिलाड़ी गैरी कैस्परोवा को हराया था। इस सुपर कंप्यूटर में मेमोरी को स्टोर करने की सुविधा नहीं दी गई थी। डीप ब्लू ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड में गर्मी से मिलेगी राहत, छह मई से बारिश की संभावना

**रांची।** राज्य में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना। सात मई राज्य में कुछ स्थानों पर और आठ और नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्ष होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। राज्य में नौ मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। इसमें मुख्य रूप से दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है।

## एक नजर

### बिजली के नये कनेक्शन के लिए नहीं हो पा रहा ऑनलाइन आवेदन

**सिल्ली।** सिल्ली में पिछले 15 दिनों से बिजली कनेक्शन के लिए नये उपभोक्ताओं का आनलाइन आवेदन नही हो पा रहा। स्थानीय विद्युत कर्मी भी इस संबंध में कुछ भी बोल पाने में असमर्थ हैं। क्षेत्र मे नए उपभोक्ता भी रोजाना बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए विभाग का पोर्टल नहीं खुल रहा है। जिससे उपभोक्ता काफी परेशान है। इस संबंध में विभाग के कणीय अभियंता कमलेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पिछले दिनों विभाग के द्वारा ऑनलाइन आवेदन के फॉर्मेट को बदला गया है। इसके पोर्टल को सुधार किया जा रहा है अब नये उपभोक्ता जल्द ही ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे।

### सिल्ली पॉलीटेक्निक में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 11 मई से

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक में आगामी 11 से 12 मई तक कम्प्यूटेशनल और गणितीय तरीके पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन (सीएमईएस 2024) का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, एकेडमिक एडवाइजर ऑफ गवर्नर डॉ बाला गुरु स्वामी, वाइस चांसलर डॉ डीके सिंह, आईएएस एमडी रियाज अहमद, टेक्नो इंडिया ग्रुप के वाइस चेयरमैन मोहित चट्टोपाध्याय, आईईआई के अध्यक्ष एमके वर्मा समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इसकी जानकारी सिल्ली पॉलिटेक्निक कार्यालय से दी गई।

### शौच के बहाने कैदी पुलिस को चकमा देकर हो गया फरार

**दुमका।** पश्चिम बंगाल के दमदम पुलिस स्टेशन के पीएसआई उत्पल तरफदार के चंगुल से लकड़ापहाड़ी पेट्रोल पंप के पास से आरोपित फरार हो गया। जानकारी के अनुसार दमदम पुलिस स्टेशन के एक मामले में बिहार के बांका जिले के कटहरा गांव के आरोपित मंटू यादव उर्फ कुमार को गिरफ्तार कर अपने साथ ले जा रही थी। इसी दौरान जिले के जामा थाना क्षेत्र के लकड़ापहाड़ी पेट्रोल पंप के पास शौच के लिए गाड़ी रोकवाया और मौका का फायदा उठाकर मंटू यादव अंधेरे में फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब आरोपित का कहीं पता नहीं चला तो अंततः जामा थाना पुलिस को लिखित सूचना दी गयी। थाना पुलिस ने शनिवार को मामला दर्ज किया गया है।

### खूंटी जिले में 10 मई तक होगी होम वोटिंग

**खूंटी।** होम वोटिंग कराने के लिए प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों, माइक्रो आब्जर्वर, बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर और पुलिस पदाधिकारी द्वारा शनिवार को चिह्नित मतदाताओं के घर पहुंचकर होम वोटिंग कराई। यहां होम वोटिंग का प्रथम चरण तन से सात मई द्वितीय चरण के लिए नौ और 10 मई तक चलेगा। पोस्टल बैलेट अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन और अब्सेंटी वोटर पर्सन विथ डिसेबिलिटी के मतदान के लिए गठित प्रखण्डवार पोलिंग टीम पहुंची।

63वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 247 छात्र हुए ग्रेजुएट

# एक्सआईएसएस अनूठे प्रोफेशनल्स को गढ़ता है : राजीव दुबे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
देश के प्रमुख बी-स्कूलों में से एक जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने शनिवार को संस्थान परिसर में अपना 63वां वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया।
247 विद्यार्थियों, जिनमें ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के 75 छात्र, रूरल मैनेजमेंट के 55 छात्र, फाइनेंशियल मैनेजमेंट के 58 छात्र, और मार्केटिंग मैनेजमेंट के 59 छात्र शामिल हैं, को समारोह के दौरान स्नातक हुए। सभी कार्यक्रमों में से 22 छात्रों को शीर्ष रैंक धारक घोषित किया गया और उनमें 11 स्वर्ण, 7 रजत और 4 कांस्य पदक वितरित किए गए। इसके साथ ही 6 छात्रों के बीच 1,72,000 रुपये के नकद पुरस्कार का वितरण भी किया गया। इस बीच, 24 छात्रों को 7.2 लाख रुपये की संस्थागत छात्रवृत्ति से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजीव दुबे, चेयरमैन, महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड, महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड, महिंद्रा स्टील सर्विस सेंटर लिमिटेड, महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, जिनेवा के गवर्निंग बॉडी के सदस्य मुख्य अतिथि थे। स्नातक करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि 2024 की कक्षा सकारात्मक दृष्टिकोण और दुनिया को बदलने के दृढ़ संकल्प के साथ दुनिया में प्रवेश करे। वास्तव में, एक्सआईएसएस अनूठे प्रोफेशनल्स को गढ़ता है। इससे पहले फादर अजीत कुमार खेस एसजे, चेयरमैन, एक्सआईएसएस गवर्निंग बॉडी ने 63वें दीक्षांत समारोह का उद्घाटन किया।

# मांडर में बैठक कर शादी-विवाह में फिजूलखर्ची पर रोक का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** प्रखण्ड स्थित मदरसा महमूदिया सुरसा मुरमा के बगीचा में मरकजी अंजुमन मांडर प्रखंड की एक अहम बैठक सदर नुरुल्लाह हबीब नदी की सदारत में हुई। इस बैठक में मांडर प्रखंड के सभी 85 अंजुमनों के सदर सेक्रेटरी एवं खजांची साहिबान सहित दानिश्वर और बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मुस्लिम समाज में जो बुराइयां हैं उसे खत्म करना है। शादी विवाह में फिजूलखर्ची को रोकना है। दहेज प्रथा पर अंकुश लगाना है। बारात की संख्या 50 व्यक्तियों तक सीमित किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा किया गया और कहा गया कि जो भी उम्मीदवार या पार्टी मुसलमानों के मसले पर लोकसभा और विधानसभा में आवाज उठाएगी उनके हक और हिस्सेदारी की बात करेगा मुस्लिम समाज उनका समर्थन और वोट देने की बात करेगा। साथ ही मीटिंग में तय किया गया कि मांडर प्रखंड में प्लस टू अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बनवाना, आबादी के अनुपात में विकास योजनाओं में हिस्सेदारी एवं भागीदारी सुनिश्चित कराना आदि मुद्दों की आवाज उठाएगा मुस्लिम समाज उन्हें ही समर्थन करेगा। अंजुमन ने यह फैसला लिया अब हम किसी पार्टी की गुलामी नहीं करेंगे। हम प्रत्याशी के गुण दोष के आधार पर फैसला लेंगे और जल्द ही एक और मीटिंग होगी तब मुस्लिम समाज फैसला लेगा।

### विश्व हैंड हाइजिन दिवस पर चला जागरूकता अभियान

**रांची।** विश्व हैंड हाइजिन दिवस के अवसर पर, भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, राँची ने डीएवी नंदराज स्कूल में स्वच्छ हाथों के महत्व को प्रमोट करने के लिए संयुक्त जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मेडिका हॉस्पिटल के इमरजेंसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित सेंगर और इंफेक्शन कंट्रोल हेड डॉ. शीतल बंकर ने विशेष रूप से हैंड हाइजीन के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित जनसमूह को हाथों की स्वच्छता की शपथ दिलवाई। इसके अलावा, मेडिका हॉस्पिटल में एक फ्लैश मॉब आयोजित किया गया, जिसमें एनएस सिस्टर तंजीत कौर इंफेक्शन कंट्रोल टीम की सिस्टर हीना निर्देशित स्किट के माध्यम से हैंड हाइजीन का संदेश दिखाया गया. मेडिका हॉस्पिटल के एवीपी अनिल कुमार ने स्वच्छता देते हुए कहा कि मेडिका प्रत्येक स्वास्थ्य अभियान में अग्रणी भूमिका निभाता है और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति सजग रहता है।

# बच्चों में नैसर्गिक प्रतिभा का भंडार हमें उपयोग करने की जरूरत : सुमेधा

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल में संकुल स्तरीय विशेष गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीपीओ लीलावती तिर्की ने शिक्षक शिक्षिकाओं से कहा कि सभी विद्यालयों में प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम को शत प्रतिशत लागु करें और विद्यालय के वातावरण, शैक्षणिक स्तर में सुधार तथा विद्यालय को प्राइवेट स्कूल के तर्ज पर बेहतर बनाने का गंभीर प्रयास करें। इस दौरान राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया की शिक्षिका सुमेधा कुमारी ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट की अवधारणा की जानकारी दी उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा का भंडार होता है। हमें उनके टैलेंट का उपयोग प्रोजेक्ट इंपैक्ट में करना है। बच्चों में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए काम करने की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ आप इतनी मिलनसार हो जाएं कि बच्चा आपका मुराद बन जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में नैसर्गिक प्रतिभा होती है। उनकी प्रतिभा को और अधिक निखारने और उनकी क्षमता का उपयोग प्रातः कालीन प्रार्थना सभा एवं विद्यालय में होने वाले गतिविधियों में शामिल करना चाहिए। शिक्षकों की क्रियाकलाप से बच्चों में सर्वांगीण विकास आती है। हमें अपने कर्तव्यों एवं विभागीय निदेशों का अक्षरशः पालन करना चाहिए। वहीं लेखापाल दीपक कुमार ने विद्यालयों के फंड का उपयोग सहित डीएमएफटी सहित प्रोजेक्ट इंपैक्ट में उपयोग होने वाली नो कोस्ट, लो कोस्ट एवं हाई कोस्ट के संदर्भ में जानकारी दी। गुरुगोष्ठी की अध्यक्षता प्रकाश उरांव एवं संचालन संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर प्रधान शिक्षिका स्वर्ण लता कुजूर, सागेन होरो, विनोद लकड़ा, हफिन्द्र प्रधान, जोसेफ बृजिया, रुपेश कुमार पाठक, समीउल्लाह हक, सुजीत कुमार रक्षित, शांति एक्का, वीणा केरकेट्टा, उषा सरोजिनी मिंज, फूलमणी मिंज, अनिल होरो, रुपा कुमारी, कमेर्ला खलखो, अंजना बेक, रश्मि उरांव सफीरा तिर्की, अनिता लकड़ा, उर्मिला कुमारी, बसंती लिंडा, सेरोफिना होरो, निरंगी क्लारा एक्का, रूथ बेरनादेत लकड़ा, चमरु उरांव, उत्तम कुमार मंडल, कालीचरण चौधरी, आगुस्टीन लकड़ा, हरिपाल उरांव, सूरज प्रसाद सिंह, आलोक अल्बर्ट एक्का, लच्छु उरांव, छात्रेश्वर गोप, बुधुवा उरांव सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं मौके पर मौजूद थे। संकुलवार गुरुगोष्ठी की श्रृंखला में सोमवार को महुगांव खास एवं लापुंग संकुल के शिक्षकों की बैठक आयोजित होगी।

चेकनाका पर जांच की कराएं वीडियोग्राफी

# बीडीओ ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश, पंजी का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार द्वारा आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त निकटवर्ती जिला से सीमा पर बनाए गए चेकनाका का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में चेकनाका पर मूलभूत सुविधा यथा छाया, पेयजल, बिजली, ग्लूकोज इत्यादि की व्यवस्था एवं स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जांच किए जा रहे वाहनों से संबंधित पंजी की जांच की गई। अधिकारियों को वाहन का जांच करते हुए भारी मात्रा में नगद, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र आदि निर्वाचन क्षेत्र में लाने पर सघन तलाशी लेने व उसकी वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया। मालूम हो कि आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर खलारी प्रखंड के निकटवर्ती सीमा पर 2 चेकनाका का निर्माण किया गया है। जिसमें 3 पालियों में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व वीडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# रांची विवि में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सघन मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को भाषण, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में किया। इसका आयोजन डॉ ब्रजेश कुमार कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, रांची विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में हुआ था। मतदाता जागरूकता का आयोजन विगत 30 अप्रैल से शुरू हुआ हे, जो आगामी 22 मई चलेगा। डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने के लिए मतदान केंद्र तक लाने के लिए प्रेरित करना आप राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है, ताकि कोई भी मतदाता



अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है, इसका हमें उपयोग करना चाहिए। स्लोगन प्रतियोगिता में शोभा कुमारी, महेश पाहन, पीयूष कुमार, अभिनव कुमार, रोशन कुमार, निशांत कुमार, एलेक्स खलखो, आशुतोष नारायण, उदय शंकर प्रजापति ने सहभागिता की। निबंध प्रतियोगिता में रोहिणी कुमारी, आस्था कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, डॉली कुमारी, आकाश कुमार, अनीशा सोनी, खुशी भारती, अनुष्का रानी, प्रियांशु कुमार, श्रुति भारद्वाज, राहुल कुमार, रूपल झा, शिवम मिश्रा, अनुष्का कुमारी, युवराज कुमार केसरी, मुस्कान कुमारी, अंजली प्रियंका, विशाल दुबे, अंजलि प्रियंका कुंडवाला ने सहभागिता की।

## न्यूज बॉक्स

### मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई योजना

**रांची।** रांची नगर निगम सभागार में शनिवार को आयोजित 'वोट करेगा रांची' में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता की योजना पर सभी के साथ विचार-विमर्श किया गया। तय हुआ कि लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स, रांची के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स और विभिन्न संस्थान अपने-अपने स्तर से सहयोग करेंगे। मौके पर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह डीडीसी, रांची दिनेश कुमार यादव एवं सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाता जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए सुझाव प्राप्त किए। डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आप सभी अपने हुनर और सामर्थ्य का सदुपयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने में करें। मतदाता जागरूकता के लिए कई सुझावों पर अपनी सहमति देते हुए उन्होंने रांची में स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों से मतदान एवं चुनाव से संबंधित सवाल भी पूछे गए एवं सही जवाब देने वालों को उपहार भी प्रदान किया गया। डीडीसी दिनेश यादव ने सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई।

### मारवाड़ी महाविद्यालय में बैठक का आयोजन



**रांची।** शनिवार को अपहराह्न तीन बजे से पांच बजे तक मारवाड़ी महाविद्यालय रांची के पुरूष प्रभाग के इग्नू स्टडी सेंटर में जनवरी 2004 सत्र का इंडक्शन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने किया। साथ ही उन्होंने मुख्य प्रवक्ता के रूप में विषय प्रवेश कराया। मौके पर मुख्यतः एनइपी 2020 के बारे में चर्चा की गई। अध्ययन केन्द्र के अंग्रेजी के प्राध्यापक डॉ. चितरंजन कुमार ने एसाइमेंट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। काउंसलर मुकेश कुमार शर्मा ने एसाइमेंट और बीएसी प्रेटिकल के बारे में बताया। वहीं अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ.वेद्यनाथ कुमार ने केन्द्र की समय सारणी एसीजमेंट जमा करने तथा प्रेटिकल इग्जाम और वार्षिक के बारे में विस्तार से बताया। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन केन्द्र के सह समन्वयक डॉ. वातीर हेम्ब्रम ने ने किया।

### जंगल में लगी आग की चपेट में आने से बचा ग्रामीणों का घर



सिल्ली। रांची पुरुलिया मार्ग पर शनिवार को सिल्ली के कोचा जारा मोड़ के समीप सड़क किनारे ही जंगलों में किसी ने आग लगा दी। आधे ही घंटे में आग फैल कर एक ओर सड़क दूसरी ओर रेलवे लाइन तक पहुंच गई। इसी बीच ग्रामीणों के कुछ घर भी चपेट में आने से बच गए। आग तेजी से फैलकर घरों के समीप रखे पुआल में लगने ही वाली थी इसकी सूचना लोगों ने घर वालों को दी। आनन फानन में घर के लोगों ने पानी की मदद से आग को घर तक फैलने से रोका। महिलाओं ने बताया कि आग के धुएं से वातावरण दूषित होने के कारण इस इलाके में पिछले दो तीन सालों से पलाश के पेड़ों पर होने वाली लाह की खेती भी प्रभावित हो गई है। हम किसानों की आमदनी पर भी असर पड़ा है इस दौरान प्रभारी फॉरेस्टर जय प्रकाश साहू से बात की तो उन्होंने कहा कि मेदनी में भी आग लग गई है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मांडर के बूथों का लिया जायजा



**मांडर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने शनिवार को प्रखण्ड के कैंबो, गुड़गुड़जाड़ी, महुआ जाड़ी, डुमरी समेत अन्य बूथों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर रवि कुमार ने सभी बूथों पर मतदाताओं के लिए प्रयाप्त सुविधा उपलब्ध हो, जैसे की विकलांग के लिए व्हील चेयर, सीनियर सिटीजन के लिए चेयर और प्राथमिकता के लिए अलग से लाइन, पीने का पानी, फस्टएड की सुविधा पर जोर दिया। मतदाता ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने पहुंचे इसके लिए प्रचार प्रसार करे। साथ ही मतदान से पुर्व बी एल ओ द्वारा सभी मतदाताओं को पहचान पत्र पर्ची वितरण करने का आदेश दिया। इस मौके पर डीडिसी दिनेश यादव, आर ई ओ मोनी कुमारी, बीडीओ मनोरंजन कुमार, उड़ाया नारायण सिंह, नेयाज खान सहित अन्य प्राधिकारी मौजूद थे।

### बेड़ो के जहानाबाज गांव के तालाब में डूबने से मनरेगा के अधेड़ मजदूर की हुई मौत



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के जहानाबाज गांव स्थित महुआटिकरा तालाब में डूब जाने से इसी गांव के निवासी करीब 55 वर्षीय मजदूर रामसेवक महतो की मौत हो गई। घटना शनिवार की पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे की है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर सैकड़ों ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे। साथ ही घटना की जानकारी सीओ प्रताप मिंज, थाना प्रभारी नकुल साह और मुखिया लक्ष्मी कोया को दिया। वहीं इसकी सूचना मिलते ही मुखिया लक्ष्मी कोया व बेड़ो थाना के एएसआई एल एम पाण्डेय सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बेड़ो पुलिस के सहयोग से मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाला। साथ ही पुलिस ने शव बरामद कर थाने ले लायी है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए रविवार को रिम्स भेजा जाएगा। मृतक परिजनों ने बताया कि रामसेवक महतो मनरेगा से जुड़ा और घर का इकलौता कमानेवाला वाला मजदूर था। उसकी मौत के बाद घर पर रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि वे मनरेगा से बनने वाले कूओं पर काम कर व अपनी जीविका चलाकर हमलोगों का भरण पोषण किया करते थे। शनिवार को खाली समय मिलने पर वह तालाब की ओर आया था। मृतक अपने पीछे पत्नी जशो देवी, चार पुत्रियों में क्रमशः किरण देवी, रीना देवी, वीणा देवी और मीना देवी व दो पुत्र में क्रमशः मुन्ना महतो व बबलू महतो छोड़ गया है। सभी पुत्रियों की शादी हो गई है। वहीं दोनों पुत्र घर में रहते हैं।

जय प्रकाश भाई पटेल ने किया टाटीझरिया क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क

# धंधेबाजों को सिर्फ धंधा करने वाली भाजपा ही टिकट दे सकती है : जेपी भाई पटेल

### जनसंपर्क के दौरान जेपी भाई पटेल ने कांग्रेस के न्यायपत्र से लोगों को रूबरू करवाया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल लगातार पंचायतों और प्रखंडों का दौरा कर जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं. इस क्रम में शनिवार को उन्होंने टाटीझरिया प्रखंड का दौरा किया. दर्जन से अधिक पंचायतों का भ्रमण कर कांग्रेस के पक्ष में हाथ छाप पर वोट डालने की अपील की. इस दौरान ग्रामीणों ने भी उन्हें गले लगा और सर पर हाथ फेर समर्थन दिया और कांग्रेस को भारी मतों से जिताने का भरोसा दिलाया. सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जगह-जगह कार्यकताओं एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा था. कांग्रेस, झामुमो, आप और लेफ्ट पार्टी के सैंकड़ो कार्यकर्ता उनके साथ चल रहे थे. जेपी भाई पटेल का जोश दोपहर की भारी गर्मी में भी कम नहीं हुआ. इसके इतर गांव वालों उनसे अधिक जोश दिखाई दिया. वह जहां कहीं भी गए, बड़े गर्मजोशी के स्वागत कर स्नेहपूर्ण उन्हें सुना गया. जनसंपर्क के दौरान जेपी भाई पटेल ने कांग्रेस के न्यायपत्र से लोगों को रूबरू करवाते हुए कहा कि कांग्रेस देश के हर वर्ग को ध्यान में रख कर विकास कार्य करने में विशवास रखती है. इसलिए हमने युवा, महिला, पिछड़ा, किसान, मजदूर सभी के लिए न्यायपत्र में न्याय देने की बात कही है. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर भी जोरदार हमला बोला. कहा, भाजपा प्रत्याशी व्यवसायी है. उन्होंने कहा कि पैसे के बल पर उन्होंने टिकट भी खरीदने का काम किया है. उनकी शराब की कंपनी के नाम से चार करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड के माध्यम से भाजपा को दिया गया है जिसके बाद भाजपा ने उन्हें टिकट दे दिया. धंधेबाजों को सिर्फ धंधा करने वाली भाजपा ही टिकेट दे सकती है.

# पेयजल व बिजली की समस्याओं पर हुई बैठक, शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड अंतर्गत ग्राम टांगरकेला, बुढ़नी एवं गेटेया टोली में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में, पेयजल और बिजली की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने भी अपनी भागीदारी की। बैठक में पेयजल और बिजली के आपूर्ति में देरी, उन्हें संशोधित करने के लिए कई कदमों की जरूरत को उठाया गया। डॉ. परमेश्वर ने समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिए और संभावित उपायों पर विचार किया। बैठक के अंत में सभी उपस्थित ने एक साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करने के लिए एक संयुक्त प्रयास करने का आश्वासन दिया। ग्राम टांगरकेला के लोगो ने न्या ट्रांसफर्मर की मांग पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगो को भरोसा दिलाया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई के लिएअनुरोध किया जाएगा। मौके पर उपरोक्त गांव के बुद्धिजीवी वर्ग और कर्मठ समाजसेवी उपस्थित हुए।

### बेड़ो में रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर पोकलो ढोढ़हा के पास सड़क हादसा, एक घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला एनएच 43 में पोकलो ढोढ़हा पुल के समीप शनिवार को लगभग पौने पांच बजे संध्या बुलेट बाइक और ट्रक की आमने सामने की हुई टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा व तंजीर हुसैन घटना स्थल पहुंचे। साथ ही घायल को उन्होंने ग्रामीणों की मदद से ऑटो में उठाकर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ मेघा भगत ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में रिम्स रेफर कर दिया। उधर घायल युवक की पहचान गुमला निवासी कमलेश साहु पिता राम कृष्णा साहू गुमला निवासी के रुप में की गई। तंजीर हुसैन ने बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार युवक गुमला की ओर जा रहा था तभी पोकलो ढोढ़हा पुल के पास रांची की ओर जा एक ट्रक के साथ आमने सामने की टक्कर हो गई ट्रक के टक्कर में बाइक सवार युवक घायल हो गया।

## चडरी में आदिवासी वोटर कोविड काल को याद कर करेंगे वोट

# जिसने दिया सहारा, उसी को वोट हमारा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची संसदीय क्षेत्र में मतदान आगामी 25 मई को होगा। यह लोकसभा क्षेत्र रांची जिला और सरायकेला-खरसावां जिले के कुछ हिस्सों को मिलाकर बना है। यह राज्य का महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र है। साथ ही, रांची झारखंड की राजधानी भी है। रांची लोकसभा क्षेत्र में दो राष्ट्रीय पार्टियां, भाजपा और कांग्रेस, आमने-सामने हैं। इस बार के चुनाव में रांची लोकसभा क्षेत्र में कौन-कौन से मुद्दे हैं, जो मतदान को प्रभावित करेंगे। ये मुद्दे राष्ट्रीय हैं या स्थानीय। अगर मुद्दे स्थानीय हैं, तो रोटी, कपड़ा, मकान, बिजली, पानी, सड़क आदि से जुड़े हैं या कुछ और हैं। इसे रांची शहर में जानने की कोशिश की गई, और वह भी रांची के दिल की धड़कन अलबर्ट एक्का चौक के पास स्थित चडरी में सरना धर्मावलंबियों के बीच। जब चडरी में वोटरों से मिलकर मुद्दे के संबंध में जानकारी ली गई, तो पता चला कि इस बार वोटर सड़क, बिजली, पानी, आवास तथा भोजन से ज्यादा उस बात को महत्व दे रहे हैं कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के समय वर्ष 2020 और 2021 में किन लोगों ने उनकी मदद की थी। यानी, चुनाव विशेषज्ञों के मुद्दे एक तरफ रह गए। जनता वोटिंग के समय इस बात पर भी ध्यान देगी कि कोविड-19 महामारी के दौरान किन लोगों ने उन्हें जिंदगी दी थी, किन लोगों ने उन्हें सहायता पहुंचाई थी। ज्ञात हो कि वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान राजधानी रांची में लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें, क्या नहीं करें। लोग कोराना संक्रमण से मर रहे थे। चडरी में भी कई परिवार अपनों को खोने से तबाह हो गए थे। रांची में कारोबार बंद पड़े थे, हजारों लोगों की नौकरियां चली गई थीं। हजारों परिवार ऐसे हालात में पहुंच गए थे कि दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना उनके लिए मुश्किल हो गया था। जो लोग प्रदेश के बाहर थे, लॉकडाउन के कारण वे घर नहीं आ पा रहे थे। लोग करीब तीन साल के बाद भी यही याद करते हैं कि कैसे कोविड समाप्त हुआ, कैसे लोगों की जिंदगी और अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर आई। कैसे लोगों को फिर रोजगार मिला और जिंदगी सुचारू रूप से चलने लगी। चडरी के वोटर आज इन्हीं बातों को याद कर रहे हैं।

### रांची संसदीय सीट के लिए 25 मई को मतदान




### नमक का हक अदा करेंगे

चडरी क्षेत्र में 600 से अधिक परिवार रहते हैं। इनमें सबसे अधिक चडरी तालाब के सामने और बगल वाली गली में लोग रहते है। यहां पर सबसे अधिक संख्या सरना धर्म मानने वाले आदिवासियों की है। यहां के लोगों ने इस बार वोट को लेकर नमक का हक अदा करने की बात कही है। चडरी सरना समिति इसका उदाहरण है कि उसने कोविड-19 महामारी के दौरान कैसे लोगों की सहायता की। कोरोना संक्रमण के दौरान आसपास के लोगों के पास नौकरियां नहीं होने से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा था, तो ऐसे में समिति ने रोजाना सैकड़ों परिवार के लिए खाना बनाकर खिलाने का काम किया था। चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की माता ने कहा, खराब वक्त में हमलोग मुश्किल में पड़े सभी लोगों की मदद कर रहे थे। जबकि, उस समय यहां की सरकार धर्म देख कर लोगों को खाना दे रही थी। कुछ इलाकों में उस समय सभी घरों में धर्म पूछ कर खाना पहुंचाया गया था। चडरी समिति को रांची के सांसद का भी सहयोग मिला, तब जाकर लोगों तक खाना पहुंचाया गया। सोमरा मुंडा ने कहा, कोरोना में हमने अपना बेटा खोया, जो हमारे घर का एकमात्र सहारा था। उन दिनों खाने को नहीं था। ऐसे में चडरी सरना समिति की ओर से जो खाना मिलता था, उसी से अपने परिवार को गुजारा कर लेते थे। अगनु उरांव ने कहा, कोरोना के समय में काम नहीं था, तो खाने के लाले पड़े हुए थे। जिंदा रहने के लिए जिसने हमारे परिवार को खाना खिलाया है, हम लोग उसी को वोट करेंगे।

## सुप्रभात रांची



देश में आज आम आदमी को अपने और अपने परिवार के लिए दो ही चीजों की सख्त जरूरत है। पहला 'वन नेशन, वन एजुकेशन' और दूसरा 'वन नेशन, वन हेल्थ।' 'वन नेशन, वन एजुकेशन', यानी पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों का सिलेबस एक हो। पूरे देश में शिक्षा में समरूपता रहे, जिससे हर राज्य के विद्यार्थी को, चाहे वह शहर से हो या गांव से, करियर चुनने में समान अवसर मिले। अभिभावकों को शिक्षा माफिया के भंवरजाल से छुटकारा मिले। 'वन नेशन, वन हेल्थ', यानी देश के सभी निजी अस्पतालों में चिकित्सा की दर एक समान हो। चाहे कोई भी ऑपरेशन हो, उसकी दर देश के सभी प्राइवेट अस्पतालों में समरूप हो। अगर सरकार इन दोनों मांगों को पूरा कर देती है, तो फिर देश की दिशा और दशा बदल जाएगी।

दीपेश निराला, सामाजिक कार्यकर्ता, सचिव, सोशल जस्टिस एंड पब्लिक इंटरेस्ट फोरम

## उप प्रशासक ने झिरी प्लांट का किया निरिक्षण

**रांची।** रांची शहर से निकलने वाले लाखों टन कचरे का निष्पादन कर जैव खाद्य बनाने की तकनीक पर आधारित प्लांट की रिंग रोड स्थित झिरी में दो बड़ी योजनाएं प्रगति पर हैं। शनिवार को उप प्रशासक रवींद्र कुमार ने दोनों योजनाओं की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पहला गेल इंडिया द्वारा 150 मीट्रिक टन के दो बायोगैस प्लांट का निर्माण हो रहा है। लगभग 33 एकड़ में डंप बन रहा है, जो घरों से निकलने वाले 18 लाख मीट्रिक टन सूखे तथा गीले कचरे का निष्पादन कार्य करेगा। वहीं, बायोगैस प्लांट के निरीक्षण क्रम में संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 90 प्रतिशत अलग किया हुआ कचरा लगभग 15 टन की औसत से दिया जा रहा है। इस पर उप प्रशासक ने कहा कि निगम और ज्यादा मात्रा बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि सूखे और गीले कचरे का निष्पादन बायोरेमेडिएशन तकनीक से करते हुए इससे उत्पन्न होने वाले ईंधन की सहायता से खाद्य तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इससे जैव खाद्य अलग किया जाएगा। मौके पर नगर प्रबंधक, गेल इंडिया तथा मैसर्स गुरु रामदास कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# रिम्स में दलालों पर नहीं लग रहा अंकुश

## वार्ड में घुसना आसान, मरीजों को करते हैं गुमराह

**अमित कुमार। रांची**

राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में दलालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। नए रिम्स निदेशक के ज्वाइन करने के बाद लग रहा था कि रिम्स में अब दलाली बंद हो जाएगी। लेकिन, आज भी सभी वार्डों में दलाल घूम-घूम कर मरीज एवं उनके परिजनों को बरगला रहे हैं। सुरक्षा गार्ड के अनुपस्थित रहने और आईडी की बेहतर व्यवस्था नहीं होने से रिम्स में प्रवेश करना दलालों के लिए आसान हो जाता है। वे जांच कराने और दवा खरीदने से लेकर ब्लड बैंक जैसी सभी जगहों पर मरीजों के परिजनों पर अपनी नजर गड़ाए रखते हैं। दलाल जैसे ही परिजन को परेशान देखते हैं, वैसे ही वे कई विकल्पों के साथ उनके पास खड़े हो जाते हैं। मरीज के परिजन को लगता है कि ये उनकी मदद करने आए हैं, जबकि वे लूट का जाल बिछा रहे होते हैं।

**सुरक्षा गार्ड रहते है गायब :** रिम्स में कोई भी व्यक्ति बेधड़क आना-जाना कर सकता है। सुरक्षा गार्ड मुस्तैदी के साथ आई कार्ड की जांच नहीं करते हैं। वार्ड तक दलाल को पहुंचने के लिए कई ऐसे रास्ते हैं, जहां पर निगरानी नहीं होती है। ब्लड बैंक की ओर से मुख्य रास्ता होने के साथ चिकित्सा अधीक्षक के ऑफिस की तरफ से भी वार्ड में जाने का रास्ता है, जहां सुरक्षा गार्ड लोगों पर ध्यान नहीं देते हैं।






रिम्स की बेहतरी के लिए कई योजनाएं पाइपलाइन में हैं। वर्तमान में स्वंय निरीक्षण कर दलालों पर नजर बनाए हुए हैं। चुनाव के बाद कई कार्य धरातल पर होते दिखेंगे। दलालों पर नजर रखने के लिए विशेष मॉनीटरिंग की जाएगी।

प्रो (डॉ) राजकुमार, निदेशक, रिम्स।

### रिम्स निदेशक ने ओपीडी का किया औचक निरीक्षण

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने शनिवार को ओपीडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे मेडिसिन, शिशु चिकित्सा, स्किन, न्यूरोलॉजी, सर्जरी, हड्डी रोग और स्त्री रोग विभाग भी गए। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) को ओपीडी में घूमते देखा। उन्होंने उसे ओपीडी को बाधित न करने की सख्त चेतवानी दी। साथ ही, उन्होंने चिकित्सकों को भी हिदायत दी है कि ओपीडी के समय में दवा कंपनी के प्रतिनिधियों से वे नहीं मिलें। पूरा समय मरीजों की चिकित्सा में लगाएं। निदेशक डॉ राजकुमार ने बताया कि चिकित्सकों से मिलने के लिए एमआर का समय निर्धारित है। वहीं, शनिवार को दिन में 2 बजे के बाद मिलने का समय दिया जा सकता है। इस संदर्भ में आदेश भी जारी किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने सभी सीनियर और जूनियर चिकित्सकों को आईकार्ड और नेम प्लेट के साथ उचित एप्रन में रहने का निर्देश दिया। वहीं, निरीक्षण के दौरान ओपीडी पर्ची बनाने के काउंटर पर भीड़ देख कर डॉ राजकुमार ने काउंटरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया।

**केस स्टडी 01 ::**

अमृता भारती बताती हैं कि मेडिसिन विभाग के डॉक्टर से दिखाने के बाद बाहर में एक व्यक्ति यह कह कर पर्चा देखने लगा कि दवा सही लिखी गई है या नहीं। पूछने पर बताया कि यह सब जानकारी के लिए किया जा रहा है।

**केस स्टडी 02 ::**

नगड़ी के राम लखन पासवान बताते हैं, आयुष्मान भारत का फॉर्म भरवाने के लिए मुझसे 600 रुपये मांगे। इसके बाद कहा कि सभी टेस्ट फ्री में हो जाएंगे। साथ ही कहा कि इसी पैसे में आपकी पूरी दवाएं भी मिल जाएंगी।

**केस स्टडी 03 ::**

बिहार के कटिहार से आईं शांति देवी बताती हैं, मेरे पति का देहांत कोरोना के समय रिम्स में इलाज के दौरान हो गया था। उस वक्त मुआवजे की राशि नहीं मिली थी। राशि दिलाने के नाम पर दो हजार रुपये लिया और अब उसका नंबर नहीं लग रहा है।

**केस स्टडी 04 ::**

आईसीयू वार्ड में भर्ती सिल्ली के मरीज की परिजन आशा देवी बताती हैं, रिम्स में एमआरआई बंद है। बाहर की जांच एजेंसी के एक कर्मी ने हमसे संपर्क कर कहा कि बाहर में सस्ते दर में एमआरआई हो जाएगा और रिपोर्ट भी जल्द मिलेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गौ सेवा



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने शनिवार को हरमू रोड स्थित गोशाला में गौ सेवा की। गौ माता को खीरा और सब्जियां आदि खिलाई गई। कार्यक्रम की तैयारी गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डोली बंसल ने की थी। बताया गया कि समर्पण शाखा की कोशिश रहेगी कि महीने के हर ग्यारस को गोमाता कि सेवा हो सके। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया, संयोजिका डॉली बंसल, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, कोमल झुनझुनवाला, श्वेता अग्रवाल, पायल जैन, कविता जालान उपस्थित थीं।

### रांची-नई दिल्ली के बीच डालटनगंज होकर चलेंगी एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें

**रांची।** यात्री सुविधाओं के मद्देनजर रांची-नई दिल्ली के बीच एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी। गाड़ी संख्या 02877/02878 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन मुरी-बरकाकाना-टोरी-लातेहार-डालटनगंज-गढ़वा रोड-जपला-सासाराम-डीडीयू-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या 02877 रांची-नई दिल्ली समर स्पेशल 10 मई से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से 23:55 बजे खुलकर शनिवार को 2:40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यहां से 2:45 बजे प्रस्थान करेगी और 3:53 बजे टोरी पहुंचेगी। यहां से 03:55 बजे प्रस्थान कर 4:20 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां से 04:22 बजे प्रस्थान कर 05:13 बजे डालटनगंज पहुंचेगी। यहां से 05:15 बजे आगे रवाना होगी और छह बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। यहां से 06:05 बजे प्रस्थान कर 22:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली-रांची समर स्पेशल 11 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23:45 बजे खुलकर रविवार को 17:08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। यहां से 17:10 बजे प्रस्थान कर 17:40 बजे डालटनगंज पहुंचेगी। यहां से 17:42 बजे चलकर 18:40 बजे लातेहार पहुंचेगी। यहां से 18:42 बजे रवाना होगी और 19:10 बजे टोरी पहुंचेगी। यहां से 19:12 बजे चलकर 21:25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यहां से 21:30 बजे प्रस्थान कर 00:15 बजे रांची पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे।

### रांची के 21 परीक्षा केंद्रों पर नीट की परीक्षा आज

**रांची।** मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए एनटीए की ओर से नीट यूजी-2024 की परीक्षा रविवार को देशभर के विभिन्न शहरों में आयोजित होगी। रांची में 21 केंद्रों पर परीक्षा होगी, इसमें 11 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। ऑफलाइन मोड पर परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में 11 बजे से प्रवेश मिलना शुरू होगा। वहीं, दोपहर 1.30 बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों को सघन जांच व्यवस्था से होकर गुजरना होगा। हाइटेक मेटल डिटेक्टर से सभी की जांच होगी। किसी भी तरह के उपकरण या अभूषण के साथ अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी अपने साथ सिर्फ पारदर्शी पानी की बोतल ले जा सकेंगे। एनटीए की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार परीक्षा में किसी प्रकार की समस्या होने पर अभ्यर्थी सेंटर सुपरीटेंडेंट, सिटी को-ऑर्डिनेटर से बात कर सकेंगे। परीक्षा के लिए एनटीए की ओर से दो दिन पहले एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया था। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड में दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा।

### राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई आठ को

**रांची।** अपर न्याययुक्त पीके शर्मा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि आठ मई निर्धारित की है। इससे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी थी। मामले में अदालत ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया था। राजेश कोड़ा की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप लगा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के अनुसार राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है।

### साई क्रिकेट कोचिंग सेंटर के युवा क्रिकेटरों के बीच रिलेशंस ने चलाया 'पक्षी बचाओ' अभियान

**रांची।** रिलेशंस कि ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों की रक्षा के लिए मोरहाबादी मैदान के ऑक्सीजन पार्क स्थित साई क्रिकेट कोचिंग सेंटर के युवा क्रिकेटरों के बीच शनिवार को 'पक्षी बचाओ' अभियान चलाया गया। इसमें भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना-पानी देने की अपील भी की गई। मौके पर युवा क्रिकेटरों के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बांटे गए। साथ ही, यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने-अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना-पानी देकर उनकी रक्षा के करने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर समाजसेवी अनुज वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, आनंद शाही, पिंकी शाही, अपूर्व शाही समेत साई क्रिकेट कोचिंग सेंटर के मुख्य कोच माणिक घोष एवं सैकड़ों युवा क्रिकेटर उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

## कालाजार उन्मूलन लक्ष्य पूरा करने के लिए होगा विशेष प्रयास : डॉ तनु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

*कालाजार रोग की राष्ट्रीय समीक्षा बैठक हुई*

*आंकड़ों और डॉक्यूमेंटेशन पर प्रशिक्षण संपन्न*

बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति को समझने के लिए आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक शनिवार को रांची में संपन्न हो गई। साथ ही, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारियों के लिए आंकड़ों और डॉक्यूमेंटेशन पर प्रशिक्षण भी पूरा हो गया।

तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को आईएचआईपी, यानी एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफार्म के माध्यम से कालाजार से संबंधित चुनौतियों को पहचानने और उनके समाधान के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। सत्र के बढ़ते क्रम में कालाजार संबंधित आंकड़ों के महत्व और इसके संकलन की प्रक्रिया को भी समझाया गया। कालाजार उन्मूलन से संबंधित विभिन्न देशों और राज्यों की केस स्टडीज और अनुभव भी साझा किए गए।कार्यक्रम के अंतिम दिन, कालाजार रोग के लक्ष्य को सस्टेन रखने के लिए कालाजार प्रभावित बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के वर्क प्लान तैयार किए गए, ताकि इसके अंतर्गत होने वाली सारी गतिविधियां समय से और सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें। इस बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा की गई कि उपरोक्त सभी राज्यों द्वारा कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को सस्टेन रखने के लिए, राज्य स्तर से ग्राम स्तर तक आयोजित होने वाली गतिविधियों की निरंतर समीक्षा की जाए और किसी भी तरह की कमी होने पर उसको तुरंत दूर किया जाए। समीक्षा बैठक के समापन के अवसर पर निदेशक एनसीवीबीडीसी, भारत सरकार, डॉ तनु जैन ने कहा कि कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को सस्टेन करने के लिए हर स्तर से प्रयास किए जाएंगे।

## श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में मनाई गई वरुथिनी एकादशी

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को वरुथिनी एकादशी उत्सव अत्यन्त श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तों ने पावन ज्योत में आहुति दी और मनोवांछित फल की कामना की। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनीयां, अमित जालान, प्रदीप अग्रवाल, अरुण धानुका, विकाश पाड़िया, अनुराग पोद्दार, सुदर्शन चितलांगिया, विवेक ढांढनीयां, नितेश केजरीवाल का विशेष सहयोग रहा।

# एनईपी के पांच मार्गदर्शक स्तभों पर कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में शनिवार को 'सद्भाव के माध्यम से उत्कृष्टता को सशक्त बनाना : कार्य में प्रेम और स्वतंत्रता' पर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को मानव के रूप में सद्भाव बनाने और बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि से परिपूर्ण किया गया।

कुलपति प्रो (डॉ) रमन कुमार झा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य व्यक्तियों को सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपकरण और रणनीतियां प्रदान करना है। डीन (छात्र कल्याण) डॉ एस चौधरी ने बताया कि यह कार्यशाला एनईपी 2020 के पांच मार्गदर्शक स्तंभों - पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही - को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है। अतिथि वक्ता संजय कुमार सिंह, लीड कंसल्टेंट और डायमेंशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के संस्थापक निदेशक ने कहा कि गहन बातचीत में शामिल होकर - ऐसी बातचीत जो सीमाओं को आगे बढ़ाती है, जिज्ञासा जगाती है और समझ को बढ़ावा देती है - हम अधिक प्रभावशीलता के लिए अपनी जन्मजात क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। ये बातचीत न केवल हमारे भीतर, बल्कि हमारे रिश्तों, कार्यस्थलों और समुदायों में भी परिवर्तनकारी परिवर्तन को खोलने की कुंजी रखती है। कार्यशाला के लिए डायमेंशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है।

प्रतिभागियों में देशभर के शिक्षाविद् शामिल थे। रजिस्ट्रार प्रो (डॉ) जेबी पटनायक और डीन (अकादमिक) प्रो अरविंद कुमार ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं समय की मांग हैं और उन्होंने कार्यशाला के अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# सीसीएल की सतर्कता टीम ने किया खदानों का औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीसीएल के सतर्कता विभाग की टीम ने आम्रपाली ओपन कास्ट प्रोजेक्ट और रजरप्पा प्रोजेक्ट में औचक जांच की। इसमें किसी भी विसंगति की पहचान करने और सुधारात्मक उपायों को तुरंत लागू करने के लिए इन दोनों परियोजनाओं की गहन जांच हुई। कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन और सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार के नेतृत्व में सतर्कता विभाग ऐसे महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। यह पहल कोयला खनन क्षेत्र के भीतर अखंडता और अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देने में सीसीएल के सक्रिय प्रयास को दर्शाता है। इस पहल का उद्देश्य कोयला खनन कार्यों के भीतर नियमों और नैतिक मानकों के पालन सुनिश्चित कराना है। सीसीएल प्रबंधन ने बताया कि एमओसी, सीवीओ सीआईएल और सीवीओ सीसीएल की देखरेख में सतर्कता टीम ने सीएमपीडीआई, सीसीएल मुख्यालय और सीसीएल के कमांड क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ स्टॉक, वे-ब्रिज, रेलवे साइडिंग और डिजिटल टूल्स के प्रयोग एवं दक्षता सहित संचालन के विभिन्न पहलुओं का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया।

बताया गया कि सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस अभियान के तहत औचक सतर्कता जांच से परिचालन में सत्यनिष्ठा, उत्कृष्टता और जिम्मेदार खनन प्रथाओं को सुनिश्चित किया जाता है। कोयला मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप, सीसीएल अपनी गतिविधियों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने में अपनी भूमिका की पुष्टि करता है। इस पहल के फलस्वरूप संचालन, कार्य निष्पादन एवं गुणवत्ता में पारदर्शिता के साथ बेहतरी आएगी, जो इस वित्तीय वर्ष के निर्धारित कोयला उत्पादन लक्ष्य की पूर्ति में सहायक होगी।

## झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने किया प्याऊ का उद्घाटन

**रांची।** मैकी रोड स्थित लालजी एनक्लेव में झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के कार्यालय के पार्किंग स्थल मेन गेट पर शनिवार को अस्थायी घड़े के ठंडे पानी के प्याऊ का उद्घाटन दोपहर 1:30 बजे किया गया। झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत ने इसका उद्घाटन किया। संघ के मानद सचिव प्रमोद सारस्वत ने बताया कि उपरोक्त ठंडे शुद्ध घड़े का जल यहां से आने जाने वाले लोगों को इस गर्मी के अवसर पर प्यास बुझायेगा। आसपास में रहने वाले छोटे दुकानदार, सब्जी मंडी के दुकानदार, रिक्शा चालक ,ठेला चालक सहित मजदूर श्रमिक व दूर दराज से आने वाले महिलाएं और बच्चे इसका लाभ ले सकेंगे ।प्रतिदिन प्रात 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक प्याऊ लोगों के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत, उपाध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष प्रवीण लोहिया, अनिल जालान, सहित कई सदस्य उपस्थित थे ।

## रांची व हटिया रेलवे स्टेशन से सिटी बसों का परिचालन आवश्यक : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

*राजधानी रांची में भी स्टेशन और बस स्टैंड से सिटी बसों का संचालन प्रारंभ किया जाए।*

यात्रियों की ओर से मिल रहे सुझावों पर शनिवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दक्षिण पूर्व रेलवे के डीआरएम को पत्र लिख कर रांची व हटिया रेलवे स्टेशन से सिटी बसों का संचालन शुरू करने की मांग की। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और सह सचिव अमित शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के सभी शहरों में निगम द्वारा सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। जरूरी है कि राजधानी रांची में भी स्टेशन और बस स्टैंड से सिटी बसों का संचालन प्रारंभ किया जाए। कहा गया कि रेलवे स्टेशन पर सिटी बस की अनुपलब्धता के कारण लोगों को अपने गंतव्य स्थान तक जाने में अधिक किराया का भुगतान करना पड़ता है। इसी प्रकार, खादगढ़ा और आईटीआई बस स्टैंड से भी सिटी बसों की उपलब्धता नहीं होने के कारण बाहर से आनेवाले यात्रियों को भारी कठिनाई होती है। उन्होंने मेसरा स्टेशन से भी रांची शहर की कनेक्टिविटी के लिए सिटी बसों की उपलब्धता का आग्रह किया।

सह सचिव अमित शर्मा ने कहा कि रांची व हटिया रेलवे स्टेशन से सिटी बसों का संचालन प्रारंभ करने के लिए नियमित रूप से शहरवासियों के साथ ही विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की ओर हमें सुझाव प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब राजधानी रांची में निगम द्वारा सिटी बसों का संचालन हो रहा है, तो ऐसे में उपयुक्त होगा कि अन्य शहरों की भांति रांची एवं हटिया रेलवे स्टेशन तथा खादगढ़ा व आईटीआई बस स्टैंड से सिटी बसों का संचालन अतिशीघ्र प्रारम्भ किया जाए।



# राहुल शहजादे नहीं, शहीदजादे : मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पीएम नरेंद्र मोदी के उस बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं हैं, बल्कि शहदीजादे हैं, यह पूरा देश ही नहीं पूरा विश्व जानता है। पीएम मोदी शुक्रवार को चाईबासा में आयोजित चुनावी जनसभा में राहुल गांधी को एक बार फिर शहजादे कह कर संबोधित किया था। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर ने शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं तो मैं उन्हें बता दूं कि राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुबार्नी का इतिहास रहा है । उनकी दादी और पिता देश के लिए कुबार्नी दी है। लेकिन मोदी जिस जमात से आते हैं उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है पूरा देश जानता है। 2 दिन से मोदी झारखंड में है,जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला, प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं उसे पूरी जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है।





## अपने 10 साल के काम पर नहीं मांगा वोट

कांग्रेस प्रभारी ने सवालिया लहजे में कहा कि 10 साल में उन्होंने क्या किया, इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की, इसी कारण अपने 10 साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा। भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर पीएम शाम में 70,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं, 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उपमुख्यमंत्री बना देते हैं। असम के सीएम पर भी घोटाले का आरोप लगाया, फिर पार्टी में शामिल करा कर सीएम बना दिया और बंगाल में भी ऐसा ही किया । इलेक्टरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रूपया कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं। 10 वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। कांग्रेस नेता गुलाम मीर ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया, जब उन्होंने पीएम आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास 5 वर्ष पूर्व मोदी द्वारा किया गया था, परंतु उसमें कोई कार्य नहीं हुआ, स पर पलामू की सभा में कुछ नहीं बोलें । सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा और मोदी जुमलों पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। मोदी हिंदू मुसलमान पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डाइवर्ट कर रहे हैं। इससे पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए, जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है।

# आदिवासियों को वोट बैंक समझा : मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने खूंटी जिले के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की चिंता हमारी सरकार ने की है, इससे पहले 60 साल तक राज करने वाले कांग्रेस ने आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा था। मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए खूंटी लोकसभा में 20 एकलव्य खोलने का काम प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही यहां पर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होगा, जहां 12वीं तक बच्चों को शिक्षा भी दी जाएगी और उनके रहने-खाने का इंतजाम भी हमारी सरकार करेगी। मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि खूंटी वासियों के लिए हमारे प्रधानमंत्री के दिल में एक खास जगह है और अपने भाषणों में वे भगवान बिरसा मुंडा को जिक्र हमेशा करते हैं। उन्हीं के नेतृत्व में चल रही सरकार में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को ह्यजनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया। यह खूंटीवासियों के लिए गर्व कि बात है।



## झारखंड सरकार में दलितों का अपमान : बाउरी



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने राज्य के इंडी गठबंधन सरकार पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार दलितों का अपमान कर रही है, एक भी दलित को मंत्री नहीं बनाया गया। नेता प्रतिपक्ष शनिवार पलामू में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या सत्ता में आने के साथ ही शुरू कर दी। उन्होंने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का कभी सम्मान नहीं किया। गरीब, आदिवासी, दलित और वंचितों को संविधान में उठाने की बात करने वाले बाबा साहब को भुला दिया। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सम्मान देने का काम किया। पूरे विश्व में स्थापित करने का काम किया। भाजपा नेता ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा नेता है जो देश ही नहीं दुनिया के कल्याण में लगा हुआ है। इंडी गठबंधन के लोग झूठे वादे कर रहे हैं। लोकतंत्र की हत्या करने वाले संविधान बदलने की बात करते हैं। आपातकाल लगाने वालों ने अपने शासन काल में बाबा साहब का अपमान किया। बाउरी ने कहा कि सत्ता में आने के बाद इंडी गठबंधन की सरकार ने झारखंड को लूट लिया। जल, जंगल, जमीन, पहाड़ और बालू की रक्षा करने का नारा देने वाली सरकार ने हर तरफ लूट मचा दिया। ऐसा लूट मचाया कि जेल की हवा खाने चले गए।

# न्यूज बॉक्स

## राजद के स्टार प्रचारक में तेजस्वी यादव सहित 38 लोग शामिल



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल ने झारखंड में लोकसभा चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए 38 नेताओं को स्टार प्रचारक में शामिल किया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयोग से आए झारखण्ड में 38 स्टार प्रचारकों का लिस्ट जारी किया है। जिसमें प्रमुख रूप से बिहार सरकार में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव अब्दुल बारी सिद्दीकी,मनोज झा, श्याम रजक, भोला प्र यादव, जयप्रकाश नारायण यादव, उदय नारायण चौधरी, इसराइल मंसूरी, सत्यानंद भोक्ता,संजय कु सिंह यादव, गौतम सागर राणा ,सुरेश पासवान ,संजय प्र यादव ,मो नेहालुद्दीन ,स्वीटी सीमा हेंब्रम , अनीता देवी ,फैयाज अहमद ,श्यानदास सिंह ,जमरूद्दीन अंसारी, नरेश सिंह, मनोज पांडेय, चंद्रिका यादव, रानी कुमारी, विजय राम, गिरधारी गोप, सुरेश पासवान-देव, लक्ष्मण यादव घनश्याम चौधरी हैं।

## छात्र नेता देवेंद्र महतो को रांची पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रांची।** छात्र नेता और झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे शनिवार को रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के लिए रांची समाहरणालय पहुंचे थे। रांची में विधानसभा घेराव मामले में पुलिस ने देवेंद्रनाथ को गिरफ्तार किया है। पुलिस की नजरों से बचने के लिए देवेंद्र महतो आदिवासी पारंपरिक पोशाक पहनकर नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे थे। इस दौरान पहले से ही इंतजार कर रही पुलिस की नजर देवेन्द्र पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे, लेकिन नामांकन से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बाद में उनके प्रतिनिधि ने नामांकन पत्र दाखिल किया। देवेंद्र महतो के खिलाफ विधानसभा घेराव मामले में नगड़ी थाना केस संख्या 48/22 में दर्ज हुआ था।

## झामुमो नेता बसंत लौंगा 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित

**रांची।** झामुमो नेता और पूर्व विधायक बसंत लौंगा को पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया है। यह जानकारी झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने दी है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार बसंत लौंगा ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं करते हुए खूंटी लोकसभा से निर्दलीय नामांकन किया है। साथ ही उन पर पार्टी के कार्यकताओं को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया गया है।

## भाजमो प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने दाखिल किया नामांकन



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान विशेष रूप से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय सहित सैकड़ों भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता, स्थानीय बुद्धिजीवी नागरिकगण, रांची के विभिन्न धार्मिक संगठनों के वरीय पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। इससे पूर्व तिवारी सुबह 11 बजे मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर में पूजा किया फिर 11.15 बजे फिरायालाल चौक पर अमर शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात तिवारी 11.30 बजे रांची विश्वविद्यालय के गेट के समीप जुलूस की शक्ल में पहले से मौजूद अपने समर्थकों के साथ रांची समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय गए और अपना पर्चा दाखिल किया।नामांकन दाखिल के उपरांत तिवारी बिरसा चौक जा कर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 17 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

**रांची ।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के छठे दिन अब तक कुल 17 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। शनिवार 04 मई को 07 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। अबुआ झारखंड पार्टी के वीरेंद्र नाथ मांझी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा धर्मेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के निपु सिंह, निर्दलीय देवेंद्र नाथ महतो, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रवीण कच्छप, निर्दलीय कामेश्वर प्रसाद साव, एकल सनातन भारत दल के सर्वेश्वरी साहू ने नामांकन पर्चा भरा। निर्दलीय अभ्यर्थी देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन उनके प्रस्तावकों द्वारा दाखिल किया गया।

# अपनी करनी से जेल में बंद हैं हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता । गुमला**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। वे हर बार कहते हैं कि भाजपा वालों ने उन्हें फंसा दिया। ईडी वालों ने हमें फंसा दिया। कल झारखंड हाई कोर्ट का निर्णय आया। झारखंड हाई कोर्ट ने साफ-साफ कह दिया कि उन्हें कोई फंसाया नहीं है। वह अपनी करनी से आज जेल में बंद हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल शनिवार को गुमला के सिसई में जनसभा को संबोधित करते कहा कि कांग्रेस पार्टी की अतीत को हम सभी लोग जानते हैं। कांग्रेस पार्टी झारखंड की विरोधी रही है। झारखंड वासियों की भी विरोधी रही है। विकास की भी विरोधी रही है। मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन आजादी के पहले से चल रहा था। केंद्र में 50-60 साल तक कांग्रेस की सरकार थी। उसने कभी झारखंड अलग राज्य नहीं बनने दिया। उल्टे अलग राज्य की मांग करने वाले लोगों को खरीद लिया। पहले उन्होंने जयपाल सिंह मुंडा को खरीदा। इसके बाद शिबू सोरेन को खरीदा। भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने पर उन्होंने झारखंड अलग राज्य का गठन कर दिया। भाजपा जो कहती है वह करती है। मरांडी ने कहा कि आज झारखंड में कांग्रेस, राजद और जेएमएम की सरकार चल रही है। इन लोगों ने राज्य को सिर्फ लूटने का ही काम किया है। जितने भी खनिज हैं, यहां तक कि नदी के बालू को भी नहीं छोड़ा। इस लोकसभा चुनाव में हम सभी को संकल्प लेना है कि लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को जिताना है और देश में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।

# मौका मिला तो केंद्र व राज्य सरकार के बीच खाई को पाटने का करूंगी काम : यशस्विनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के खाई को भरने की जरूरत है। यदि जनता ने मुझे मौका दिया तो इस खाई को भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया करूंगी। यशस्विनी शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थी।यशस्विनी ने कहा कि रांची के विकास और महिला सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं। रांची के बने 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ। कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था, लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे बंद होने लगे हैं। इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लड़ा जायेगा। सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल के जबाब में कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी गलत है या सही यह कानून तय करेगा। यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। सहाय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है। देश में अलग-अलग तरह के लोग रहते हैं, उसे देखकर हमें आगे का निर्णय लेना चाहिए। पेपर लीक के मामले हो रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस के न्याय पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सरकार आने के बाद एक सशक्त कानून बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि एचईसी को बेचने की तैयारी चल रही है। एचईसी को हमें बचाने की जरूरत है। कई साल से कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिली है।

### एचआरडीसी सभागार में युवाओं को किया संबोधित

यशस्विनी सहाय ने शनिवार को गोस्सनर कंपाउंड स्थित एचआरडीसी सभागार में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव सिर्फ मेरा नहीं, हम सबों का भविष्य तय करेगा। आप युवा हैं आपको आपकी जिम्मेवारी बताने की जरूरत नहीं है । आप खुद अपनी जिम्मेवारी समझते हैं। आज लोकतंत्र की रक्षा करने की जरूरत है। संविधान को बदलने का कुचक्र रचा जा रहा है। अपने अस्तित्व को बचाने के लिए चुनाव में जरूर भाग लें ।वोट देना बहुत जरूरी है। वोट नहीं देने से हमारी शक्ति ही कमजोर होगी।

# कोडरमा से 17 और गांडेय से 11 प्रत्याशी मैदान में



अनुपमा



विनोद सिंह



जयप्रकाश वर्मा



कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह के पपरवाटांड स्थित समाहरणालय में नामांकन खत्म होने के बाद शनिवार को स्क्रूटनी की प्रकिया को पूरा किया गया। इस दौरान डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने जहां कोडरमा के प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र की स्क्रूटनी किया, वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी ने गांडेय उप चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र की स्क्रूटनी किया। 26 अप्रैल से शुरू हुए नामांकन की प्रकिया के अंतिम दिन शुक्रवार तक कोडरमा के लिए दलीय और निर्दलीय आधार पर 18 प्रत्याशियों ने 30 सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया था। शनिवार को डीसी की स्क्रूटनी के बाद अब चुनावी मैदान में 17 प्रत्याशी रह गए हैं। एक प्रत्याशी का पर्चा रद्द कर किया गया। कोडरमा के चुनावी रण में भाजपा से अन्नपूर्णा देवी, इंडी गठबंधन से विनोद सिंह, निर्दलीय जयप्रकाश वर्मा, मूल निवासी समाज पार्टी से अजय कृष्ण, लोकहित अधिकार पार्टी से अखिलेशवर साहू के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों में जयनारायण दास, राजेश, रामेशवर समेत कई अन्य हैं। इधर, गांडेय उपचुनाव के रण में 13 प्रत्याशियों ने नामांकन का प्रपत्र निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष दाखिल किया था। शनिवार को हुए स्क्रूटनी के बाद गांडेय उपचुनाव के रण में अब 11 प्रत्याशी डटे हैं। दो निर्दलीय प्रत्याशियों ज्याउद्दीन अंसारी और मुख्तार अंसारी का नामांकन प्रपत्र रद्द कर दिया गया। चुनावी रण में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा, इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन, निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा, अवधेश सिंह, शब्बीर अंसारी, एआईएमआईएम से इंतेखाब अंसारी, कौसर आजाद, ताहिर अंसारी, शहादत अंसारी हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की जमानत याचिका पर फैसला 10 मई को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाले मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। शनिवार को सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने सुरक्षित आदेश पर 10 मई को फैसला की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी। वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से 15 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की है। इस केस के प्रमुख आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। हेमंत सोरेन को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 30 जनवरी की रात इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार कर लिया था। मामले में अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी ईडी ने गिरफ्तार किया है।

# सीईओ के रविकुमार ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण एवं झारखंड राज्य के पहले चरण में 13 मई 2024 को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मांडर स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रांची जिले के उप विकास आयुक्त, मांडर के प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि साथ थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुढ़ाखुखरा, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुवाजाड़ी, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, डुमरी एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कैम्बो तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गुड़गुड़जाड़ी स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य में बीएलओ सुपरवाइजर की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए ठीक से कार्य करने की चेतावनी दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे बीएलओ को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण दो दिनों में पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। वहीं बीएलओ सुपरवाइजर को इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। वहीं निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तैयारियों को ससमय पूर्ण कराने तथा मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं यथा शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा उसमें रनिंग वाटर शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची तथा मतदान केन्द्र जागरूकता समूह से संबंधित सूची का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान कक्ष में पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य चुनाव कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, बिजली कनेक्शन, लाइट एवं पंखा आदि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं मतदान के दिन किस आयु वर्ग तक के वालेंटियर की सेवा ली जायेगी, इसकी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद कर मतदान करने की अपील की।



## बुढ़ा खुखरा के शाखा डाकघर भी पहुंचे सीईओ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बुढ़ा खुखरा के शाखा डाकघर का औचक निरीक्षण कर वहां आने वाले मतदाता कार्ड से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डाकघर में जो भी वोटर आईडी कार्ड प्राप्त हुए हैं, उसका शीघ्र वितरण कराना सुनिश्चित कराएं।

# धर्म के नाम पर लड़ना जानती है भाजपा : बन्ना गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची / चक्रधरपुर**

**सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चक्रधरपुर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ना जानती है । युवाओं को झूठ सपने दिखाए जाते हैं। केंद्र की सरकार से हर कोई परेशान है, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। भाजपा झूठ बोलकर वोट लेना जानती है।**

### यह लोकसभा चुनाव हमारी अस्तित्व की लड़ाई है : माझी

सिंहभूम सीट से प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव हमारी अस्तित्व की लड़ाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित किया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कोल्हान के लिए कौन से विकास कार्य किए गए। ईचा खरकई डैम के विस्थापितों के बारे में प्रधानमंत्री ने कुछ भी बात नहीं की। हमारे मुखिया हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया गया। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन को जीत दिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनता मजबूत करें।



### भाजपा का राष्ट्रीय राजनातिक दल के रूप में मान्यता निलंबित करें चुनाव आयोग : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने चाईबासा, पलामू और गुमला की जनसभा में पीएम के दिए गए भाषण पर आपत्ति जताते हुए भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को शिकायत की है और 24 घंटे के भीतर भाजपा के राजनीतिक दल की मान्यता रद्द करने और भाजपा के स्टार प्रचारकों को धर्म विशेष पर बोलने पर रोक लगाने की मांग की है। झामुमो प्रवक्ता ने आरोप लगाते कहा है कि पीएम मोदी भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष चुनावी सभाओं में आधारहीन एवं तथ्यों से परे भाषण में गैर संसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए मुस्लिम समुदाय के विषय में नफरती शब्दों का प्रयोगकर रहे हैं।

## एक नजर

### लुंदरू में कान्यकुब्ज ज्योतिषि ब्रह्मण संघ ने मनाया परशुराम जयंती समारोह

**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत लुंदरु ग्राम के देवी मंडप में ज्योतिषी कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ की बैठक गिरिजानंद पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई । जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा के साथ प्रदेश एवम जिला के पदाधिकारी गण शामिल हुए बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण भगवान परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा किए सभी ने बारी बारी से भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किया उसके बाद सलाहकार समिति के सदस्य दिवंगत लखन लाल तिवारी को एक मिनट का मौन रखा गया प्रदेश अध्यक्ष श्री पंडा ने कहा की ब्राह्मणों की एकता और उनके समस्या को लेकर मैं तात्पर्य हूं , जहां हमारी जरूरत पड़ेगा मैं हर समय आप सबों के साथ हूं मुझे आप सभी ने जो दायित्व सौंपा है मैं उसे पूरा करूंगा, सिर्फ आप सभी का साथ और हौसला चाहिए।

### पेयजल को लेकर मचा हाहाकार, प्रमुख ने टैंकर से कराया जलापूर्ति

**बरही ।** गर्मी प्रारंभ होते ही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पेयजल को लेकर हाहाकार मच चुका है. शनिवार को बरही पूर्वी व पश्चिमी पंचायत के विभिन्न मुहल्ले में ऐसा ही नजारा देखने को मिला. स्थानीय लोग पानी व्यवस्था को लेकर परेशान रहे. प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख व बरही पश्चिमी पंसस जीतू ठाकुर के प्रयास से धोबी टोला, तेली टोला में टैंकर से पेयजल उपलब्ध करवाया गया. जिसे लेने के लिए महिलाओ की भीड़ लग गई., स्थानीय पंचायत समिति सदस्य श्री ठाकुर ने बताया कि बढ़ते गर्मी के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया है. मुहल्ले के लगभग जलस्त्रोत सुख चुके हैं. कमोबेश यही स्थिति प्रखंड के कई पंचायत में देखने को मिल रही है.

### जनसंपर्क की तैयारी को लेकर इंडिया गठबंधन दलों की बैठक

**गिद्दी।** गिद्दी सी वाशरी कॉलोनी में शनिवार को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी की जनसंपर्क कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक में उपस्थित गठबंधन दल के नेताओं ने गठबंधन दल के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के डाड़ी प्रखंड में 8 मई को जनसंपर्क कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया। साथ ही कांग्रेस के गारंटी कार्ड को प्रत्येक बूथ के लोगों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के शशिभुषण सिंह और संचालन झामुमो के लखनलाल महतो ने की। बैठक में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार, कौलेश्वर प्रजापति, आरडी मांझी, सुंदरलाल बेदिया, सेवलाल महतो, अजीत प्रजापति, पप्पू सिंह, प्रितलाल महतो, हसनैन अंसारी, गणेश महतो, कमल गोप, नंदकुमार महतो, जमीर अंसारी, तुफानी राम, राजेश बेदिया, प्रमोद महतो, गोविंद राम, दिनेश बेदिया, सहित झामुमो, मासस, भाकपा माले, राजद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आईसेक्ट विवि में किया गया समर्थ भारत कॉन्क्लेव का आयोजन

# आईसेक्ट देशभर के लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने का कर रहा है प्रयास

**◆आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधि शामिल हुए**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में शनिवार को विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका को लेकर वार्षिक सम्मेलन समर्थ कॉन्क्लेव का आयोजन आईसेक्ट एवं एनसीएसडीई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें झारखंड, बिहार समेत विभिन्न राज्यों से जुड़े आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधि शरीक हुए। केनरा बैंक सर्किल ऑफिस रांची के असिस्टेंट मैनेजर प्रमोद कुमार, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, केनरा बैंक के हजारीबाग एजीएम जया कृष्णा, डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय, वैशाली, बिहार के कुलसचिव डॉ ब्रजेश सिंह, प्रो वीसी डॉ बसंत सिंह, आईसेक्ट के बिहार/झारखंड जोनल हेड अंबरीश कुमार, एफआई आईसेक्ट के नेशनल हेड सिद्धार्थ डोगरे समेत अन्य विशेष अतिथियों के हाथो दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बता दें कि उद्यमियों को मिली वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के उभरते क्षेत्रों की जानकारी भारत के अग्रणी सामाजिक उद्यम आईसेक्ट की ओर से देश भर के लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने के प्रयास के तहत बीते 30 अप्रैल से आगामी 25 मई तक भारत के 19 राज्यों में राज्य सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में विशेष अतिथि केनरा बैंक सर्किल ऑफिस रांची के असिस्टेंट मैनेजर प्रमोद कुमार ने कहा कि सामाजिक उद्यमिता और कौशल विकास देश में समावेशी विकास प्राप्त करने के लिए दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। आज कौशल विकास के जरिए ही रोजगार एवं स्वरोजगार से युवाओं को बड़ी संख्या में जोड़ा जा सकता है और देश की आर्थिक प्रगति के द्वारा खोले जा सकते हैं।

## जीएम इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जीएम इंटर महाविद्यालय,इचाक में मतदाता जागरूकता पर डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि आनंद कुमार सिन्हा पूर्व मेंटोर चाणक्य आईएस एकेडमी, हजारीबाग और आकाश रंजन सिंह कैरियर स्टडी प्वाइंट के निदेशक उपस्थित हुए। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता विषय पर विद्यार्थियों में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी शिक्षक सभी संकाय के विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों में से प्रतिमा कुमारी, अनुबला कुमारी, अंजली कुमारी, मोनिका कुमारी, आदित्य कुमार, मनोज कुमार समेत अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लिए प्रतिमा कुमारी ने पक्ष में कहा कि 'हमें शिक्षित नितिवान तथा समानता का भाव रखने वाले जनप्रतिनिधि चुनना चाहिए' वहीं विपक्ष में उदाहरण स्वरूप अनुबला ने कहा कि हमें शिक्षित नीतिवान तथा समानता के भाव रखने वाले जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए। अगर सही जनप्रतिनिधि का चुनाव नहीं करते हैं, तो देश के विकास के लिए कुछ बेहतर कार्य कर पाने में असमर्थ होते हैं। वे जनप्रतिनिधि केवल अपना विकास करते हैं।

अतः इस बार हम सभी मिल कर सही जनप्रतिनिधि का चुनाव अपने-अपने क्षेत्र के लिए करे और शत प्रतिशत मतदान करे।

## न्यूज बॉक्स

### खतियानी परिवार की बैठक में लोकसभा उम्मीदवारों की कथनी पर संशय व्यक्त किया गया



**हजारीबाग।** खतियानी परिवार की बैठक मो हकीम की अध्यक्षता में सदर हजारीबाग के ग्राम चपवा में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में खेद व्यक्त किया गया कि पिछले कई सप्ताह से परिवार की ओर से पक्ष विपक्ष के उम्मीदवारो से ज्वलंत मुद्दों पर जवाब मांगा जा रहा है जिसका माकूल जवाब नही मिला है। शनिवार की बैठक में सईद अहमद,मो साबिर, बोधी साव, मो अशिक,सुरेश महतो, शम्भू ठाकुर बिन्दू देवी,रीता देवी समेत अन्य साथी भी उपस्थित थे।

### सेवा सहयोग समिति के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए हर्ष अजमेरा



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के सिल्वर कला पंचायत में सेवा सहयोग समिति के द्वारा गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत हर्ष अजमेरा ने सिल्वर कला की नारी शक्तियों से सीधा संवाद किया, नारी शक्तियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। बताया कि पानी की समस्या,बिजली की समस्या गांव में काफी दिनों से उत्पन्न है। श्री अजमेरा ने विभिन्न समस्याओं को सुनने के उपरांत कहा की सेवा सहयोग समिति आपकी सेवा में सदैव तत्पर है और रहेगी, साथ ही श्री अजमेरा ने कहा मैं सदैव आपके साथ खड़ा हूं आपकी हर समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य है।

### गोला में सीपीएम जिला कमेटी की विस्तारित बैठक संपन्न

**गोला।** गोला के झिझरीटांड स्थित सीपीएम प्रखंड कार्यालय में रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक का लोविन्द महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरूआत पार्टी के दिवंगत कार्यकताओं का मो कासिम, पतरातु लोकल कमिटी के केके अमबष्टा, गुमला जिला कमेटी के शांति उरांव, कोल कंपनी के का सुधीर प्रसाद व सीपीआई के राष्ट्रीय नेता का अतुल अंजान के तस्वीर पर पुष्पांजलि और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद सचिव ने गत बैठक का लिखित रिपोर्ट पेश किया, जिसपर उपस्थित साथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए रिपोर्ट को पारित किया। इस दौरान आसन्न लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल को समर्थन देने का फैसला लिया गया। जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। कोई भी कार्यकर्ता दबाव महसूस न करें। आप सभी को लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएगी।

### विद्यालय में प्राप्त ज्ञान और संस्कार से जीवन को उन्नत बनाएं : अजय कुमार तिवारी



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली की वंदना सभा में विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव,अजय कुमार तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित, पुष्पार्चन एवं माता सरस्वती वंदना करने के उपरांत भैया- बहनों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि अभी जैक दसवीं परीक्षा 2024 का जो रिजल्ट आया है उसमें सात स्टेट टॉपर सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों के विद्यार्थी हैं। आप सभी भैया बहन- भी उत्कृष्ट पढ़- लिख कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जीत का परचम लहराएंगे। मुझे ऐसा विश्वास है। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने आपको जो संस्कार, अनुशासन एवं गुणवत्ता शिक्षा दी जा है। आप जीवन में उसका अनुपालन करें। आप सभी सादगी, सद्विचार, अनुशासन, समय पालन का संकल्प लेकर देश सेवा का संकल्प लें। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन, आचार्य बंधु -भगिनी एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

### मिशन होस्पिटल व डेंटल कॉलेज ने लगाया चिश्तिया मोहल्ला में नि:शुल्क मेडिकल कैंप



**हजारीबाग।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलंबस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा शहर के चिश्तिया मोहल्ला अजमेरी मस्जिद के समीप निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल चेकअप कैंप समाजसेवी बाबर कुरैशी एवं मोहम्मद आरिफ के संयुक्त पहल पर लगाया गया। कैंप में सामान्य स्वास्थ्य का जांच, दांत का जांच, आंख का जांच, बीपी का जांच एवं ब्लड का जांच के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। जिसमें मेडिकल एंव आंख का चेकअप 174 जरूरतमंद एवं मरीजों को हुआ। डेंटल का चेकअप 70 जरूरतमंद एवं मरीजों को हुआ। इसमें कुल 244 जरूरतमंद एवं मरीजों को उपचार कर चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। कैंप के विधि व्यवस्था एवं सहयोग में समाजसेवी बाबर कुरैशी एवं मोहम्मद आरिफ ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह लगाया जा रहा है।

हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## इस वर्ष रामगढ़ से 76जायरीन हज के लिए जायेंगे : कमेटी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड राज्य हज कमेटी रांची के निर्देश पर शनिवार को मदरसा मजहरे हसनात जमा मस्जिद गोलपर रामगढ़ में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना हाजी मो. हबीब आलम रिजवी ने किया। हज प्रशिक्षण के दौरान 2024 ई. में हज में जाने वाले हज यात्रियों को मौलाना हाजी अबुल कलाम ने घर से लेकर एयरपोर्ट, जेद्दा, मक्का, मदीना और सफा-मरवा आदि सारे अरकान की जानकारी दी। वहीं, रांची से सरफराज अहमद ने भी विस्तार से हज की जानकारी दी। हजरत मुक्ति मो० इजहार अहमद अमजदी ने मसाईल की रोशनी में मुकम्मल जानकारी दी। प्रशिक्षण का आगाज कारी अब्दुल्ला रजवी ने तिलावते कुरान से किया। जबकि इमतियाज अम्बर ने नाते पाक पेश किया। बताया गया कि इस वर्ष जिला रामगढ़ से 76 हाजी हज के लिए जाएंगे। प्रशिक्षण का संचालक कारी मुशताक अहमद रजवी ने किया। उन्होंने बताया कि अल्लाह के मेहमान होते है हज यात्री। प्रशिक्षण में मौलाना सउद आलम, हाजी रईस साहब ने सम्बोधित किया। प्रशिक्षण के बाद हाजियों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के लिए डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

# अमन साहु गिरोह के तीन सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार

**6 फरवरी को इन अपराधियों ने ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट पर गोलीबारी किया था। इस संबंध में ओरमांझी थाना कांड संख्या 18/24 दर्ज किया गया**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा झारखंड राज्य में संगठित आपराधिक गिरोहों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। बताया गया की 3 मई को एटीएस टीमको गुप्त सूचना मिली की अमन साहू गिरोह के अपराधकर्मी विकास कुमार, गुलशन कुमार और माहताब आलम रामगढ़ जिला के पतरातू एवं जयनगर क्षेत्र मे छिपकर रह रहे हैं। साथ ही इनके द्वारा कई जगहों पर गोलीबारी की गई है। सूचना पर एटीएस की टीम ने पतरातू क्षेत्र में छापेमारी किया और उन्हें धर दबोचा। इस दौरान अपराधी विकास कुमार के पास से दो देसी पिस्टल और 8 जिंदा कारतूस मिला। गुलशन कुमार के पास से 8 जिंदा कारतूस और माहताब आलम के पास से 5 जिंदा कारतूस मिला। साथ ही दो मोबाइल फोन जिसका उपयोग अपराधियों द्वारा आपराधिक घटनाओं के लिए किया जाता था बरामद किया गया। बताया गया कि गोलीबारी की घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक को फरार अपराधकर्मी इम्तियाज अंसारी के घर से बरामद किया गया। एटीएस की टीम ने बताया की तीनों अपराधियों एवं पूर्व में गिरफ्तार राजा अंसारी से 6 मार्च को सिकीदरी थाना अंतर्गत ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क निर्माण कार्यस्थल पर गोलीबारी की गई थी। इस संबंध में सिकीदारी थाना कांड संख्या 06/24 दर्ज किया गया था। साथ ही 6 फरवरी को इन अपराधियों ने ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट पर गोलीबारी किया था। इस संबंध में ओरमांझी थाना कांड संख्या 18/24 दर्ज किया गया। उक्त अपराधियों ने 9 फरवरी को 2024 को भुरकुंडा के स्वामी सिद्धांत बाउरी पर गोलीबारी किया था।

## गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी अपने संघ के साथ संवेद शिखर में आज मंगल प्रवेश करेंगी

**◆माता जी जैन धर्म व जैन दर्शन की एक प्रखर वक्ता हैं। उनके प्रवचन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन सहित विभिन्न धर्मों के लोग भी सम्मिलित होते हैं**



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग / रांची गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी अपने संघ के साथ रविवार (5 मई) को पारसनाथ स्थित संवेद शिखर में मंगल प्रवेश करेंगी। यह यात्रा 14 फरवरी को बलिया, उदयपुर से माताजी के निर्देशन में नौ आर्यिका के संघ के साथ शाश्वत तीर्थ की वंदना के लिए प्रारंभ हुई थी। 'तीर्थवंदन महाअभिनंदन' की यह यात्रा बिजोलिया, चांदखेड़ी, सोनागिरी, अयोध्या, बनारस आदि तीर्थ स्थलों में विराजित भगवान महावीर का दर्शन करते हुए संवेद शिखर में पहुंचेगी। हजारीबाग जैन समाज के कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जैन टोंग्या ने बताया कि इस यात्रा में गुरुवर श्री दयासागर जी महाराज की शिष्या गणिनी प्रज्ञामति माताजी सम्मिलित हैं। 'तीर्थवंदन महाअभिनंदन' यात्रा में ध्यानोदय क्षेत्र के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोदावत साथ साथ चल रहे हैं। गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी का कुछ वर्ष पहले हजारीबाग में चातुर्मास संपन्न हुआ था। सुप्रकाशमति माता जी जैन धर्म की एक प्रमुख गणिनी आर्यिका हैं। माता जी जैन धर्म व जैन दर्शन की एक प्रखर वक्ता हैं। उनके प्रवचन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबियों सहित विभिन्न धर्मों के लोग भी सम्मिलित होते हैं। हजारीबाग में चातुर्मास के दौरान हजारीबाग के तत्कालीन एसपी गुप्तेश्वर पांडेय सहित विभिन्न धर्मों के प्रमुख लोग उनके प्रवचन कार्यक्रम जुटा करते थे। गणिनी आर्यिका सुप्रकाशमति माता जी, गणिनी प्रज्ञामति माताजी एवं संघस्थ तीर्थ वंदन यात्री गणों के हजारीबाग जिले के बरही में मंगल प्रवेश पर हजारीबाग जैन समाज के कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जैन टोंग्या, प्रेम टोंग्या, संगीता जैन, एकता जैन, तनिष्का जैन आदि ने भव्य स्वागत किया।

## युवक ने की आत्महत्या, पिता ने लगाया पुलिस प्रताड़ना का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के सिरका मोहल्ला निवासी भोला पासवान पिता नारायण पासवान द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में मृतक के पिता नारायण पासवान ने लिखित आवेदन दिया है। मृतक के पॉकेट से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें उसने अपने मृत्यु के पीछे अपने परिवार वालों का हाथ नहीं होने की बात लिखी है। आवेदन के अनुसार शुक्रवार दिन सुबह 6:30 बजे पुलिस भोला पासवान को थाने ले गई। भोला पासवान के ऊपर बाइक के ऊपर रखे मोबाइल को उठाने का आरोप था।

भोला पासवान ने सुबह 7:30 बजे ही मोबाइल जमा करवा दिया था। उसके बावजूद भी उसे शाम 7:30 बजे तक हथकड़ी से बांधकर रखा गया। इस घटना से आहत होकर उसने फांसी लगा लिया। इस संबंध में बड़ा बाजार ओपी प्रभारी बिट्ठू रजक ने बताया कि भुक्तभोगी जब तक अपना कंप्लेंट वापस नहीं लेगा उसे जेल भेजने के पक्ष में रहेगा तो उसे कैसे छोड़ा जाएगा। भुक्तभोगी के कंप्लेंट वापस लेने के बाद ही आरोपी को छोड़ा गया।

गोरहर पुलिस ने शराब विक्रेता को भेजा जेल

## विदेशी शराब की कई किस्में जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ासिंगा से एक विदेशी शराब विक्रेता को गोरहर पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न कंपनी की शराब बरामद की हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा है कि ग्राम बड़ासिंगा गांव में भुवनेश्वर नायक पिता स्व. बली नायक द्वारा शराब की बिक्री की गुप्त सूचना मिली। जिसके बाद छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में गॉड फादर बीयर 15 पीस, गॉड फादर बोतल बियर 3 पीस, केन बीयर किंग फिशर 6 पीस, स्टेरीलंग रिसीव विदेशी शराब 2पीस, समेत कई शराब और प्लास्टिक गिलास बरामद किया है। वहीं आरोपी भुवनेश्वर नायक को थाना कांड संख्या 12/24 के तहत जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, एएसआई निरजन प्रकाश, हवलदार उपेंद्र कुमार सिंह, उमेश बेदिया, जय कुमार प्रकाश पासवान शामिल थे।

जीटी रोड में धूल उड़ने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

# आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**◆ सड़क निर्माण एजेंसी राज केसरी कंस्ट्रक्शन कंपनी की घोर लापरवाही : ग्रामीण**



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** कोनहराखुर्द हाई स्कूल के समीप सिक्स लेन सड़क चौड़ीकरण के लिए बनाई गई कच्ची सड़क डायवर्सन से धूल गरदा उड़ने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो की कोनहराखुर्द मस्जिद से लेकर हाई स्कूल के बीच लोगों के आने जाने के लिए बनाई गई कच्ची सड़क को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। जिससे वाहनों के गुजरने पर काफी धूल गरदा उड़ रहा है।वहीं सड़क के किनारे रहने वाले लोगों के घरों में धुल घुसने घर वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे गुस्साये स्थानीय लोगों ने सुबह तीन घंटे तक विरोध में सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि कच्ची सड़क और पानी का छिड़काव नहीं होने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य कर रही राज केसरी कंपनी के अधिकारियों से काफी आक्रोशित थे। उनका कहना था कि कंपनी बिना सुरक्षा मानकों कै सड़क का निर्माण कार्य करा रही है। निर्माण एजेंसी काफी लापरवाही बरत रही है। मामले की सूचना मिलने पर राज केसरी कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारी ने कच्ची सड़क पर पीसीसी बनाने का आश्वासन लोगों को दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुये कच्ची सड़क डायवर्सन को बंद कर दिया गया। विरोध करने वालों में महिला स्वाभिमान संस्था सचिव जहूर अंसारी, निजाम अंसारी, मो टिंकू, मुस्लिम अंसारी, जसीम अंसारी, जुबेर अंसारी, अहमद अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहराने वाले शाहबाज हुए सम्मानित

**भुरकुंडा।** दुनिया के सबसे ऊंचे बेस कैंप माउंट एवरेस्ट में तिरंगा लहरा कर सबकी आंखों के तारा बने 29 वर्षीय युवा व्यवसायी शाहबाज आलम के सम्मान में शनिवार को भुरकुंडा में समारोह का आयोजन हुआ। मस्जिद कॉलोनी में आयोजित समारोह में भुरकुंडा व भदानीनगर के लोगों ने माला पहना कर शाहबाज को सम्मानित किया। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि शाहबाज ने दुनिया के सबसे ऊंचे बेस कैंप पर तिरंगा लहरा कर देश के साथ-साथ कोयलांचल भुरकुंडा का नाम रौशन किया है। वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को शाहबाज से प्रेरणा लेते हुए अपनी ऊर्जा को सही दिशा में खर्च करना चाहिए। आगे समारोह में क्षेत्रवासियों ने शाहबाज के पिता व्यवसायी सलाउद्दीन मंसूरी और माता यास्मीन खातून के साथ बहन मुस्कान, नर्गिस व सगुफ्ता परवीन को भी सम्मानित किया।

## एक नजर

### सिमडेगा पुलिस वोट के लिए चलाएगी जागरूकता अभियान

**सिमडेगा।** आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदान की प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से सिमडेगा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में 31 बूथों का चयन किया गया है। जहां पर विगत लोकसभा चनाव 2019 में सबसे कम मतदान दर्ज किया गया है। इन सभी बूथों में सिमडेगा पुलिस के द्वारा कम्यूनिटि पुलिसिंग मोर पुलिस मोय पुलिस के तहत तीन दिवसीय जागरूकता अभियान 5 मई से 7 मई तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत मतदाता हैन्ड बैन्ड पहना कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए, निर्भिक होकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव में होम वोटिंग में लगाए जाने वाले टीम को मिला प्रशिक्षण

**कोडरमा।** कोडरमा के बागीटांड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर अलग-अलग कमरों में विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण डीडीसी सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी ऋतुराज के निर्देशन में दिया गया। इस दौरान होम वोटिंग प्रशिक्षण में लगाए जाने वाले 10 टीम को प्रशिक्षण दिया गया। एक टीम में पांच व्यक्ति को रखा गया है। इसमें एक सेक्टर पदाधिकारी, एक सूक्ष्म प्रेक्षक, दो पोलिंग पदाधिकारी, एक पुलिस पदाधिकारी शामिल रहेंगे। डीडीसी ने कर्मियों को कहा कि ऐसे मतदाता जो बूथ पर जाकर मतदान करने में असमर्थ है, वैसे मतदाताओं को घर पर जाकर वोटिंग कराया जाएगा। इसमें 80 साल से ऊपर, दिव्यांग समेत अन्य मतदाता शामिल हैं। मास्टर ट्रेन सुदीप सहाय ने घर पर जाकर वोटिंग कराने की पूरी प्रक्रिया, उनके कार्य और दायित्व को विस्तार से बताया। घर पर मतदाता अपने मत का प्रयोग पोस्टल बैलैट के जरिए करेंगे। घर पर वोटिंग प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। सभी काम सेक्टर दंडाधिकारी की निगरानी में किया जाएगा।

### भाजपा की बैठक में प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को घर-घर जाकर बताने पर जोर

**झुमरीतिलैया।** भाजपा कोडरमा जिला के मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी की बैठक शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के चाराडीह स्थित आवास पर हुई। जिलाध्यक्ष अनुप जोशी और संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि सभी मंडलों के अध्यक्ष एक या दो दिन के अंदर अनुमति लेकर चुनाव कार्यालय खोलें और सभी प्रभारी,सभी मंडल अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों को घर- घर जाकर बताएं। साथ ही प्रचार वाहन की अनुमति लेकर प्रचार करवाएं। सभी मंच, मोर्चा के अध्यक्षों से भी अपील किया कि अपनी पूरी टीम के साथ सुबह-शाम घर-घर जाकर प्रचार करें और 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कराएं। बैठक में प्रभारी देवनारायण मोदी, सुधीर सिंह,महेन्द्र यादव, मनोज कुमार झुन्नु, विजय यादव,राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा,रामदेव मोदी, विजय राणा, सुरेन्द्र यादव,चन्द्रशेखर जोशी, नवीन चौधरी आदि उपस्थित थे।

---

**लोकसभा चुनाव की अंतिम तैयारी को लेकर उपायुक्त के ने की समीक्षा बैठक**

# सभी पोलिंग पार्टी ससमय मतदान केन्द्रों पर पहुंचाना सुनिश्चित करें

**◆हाथी प्रभावित मतदान केंद्र पर हाथी भगाने के लिए टीम का गठन**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 की अंतिम तैयारियों का समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार प्रखंड विकास पदाधिकारियों से लोकसभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपन्न कराने की दिशा में किए गए अंतिम तैयारीयों की समीक्षा किया। उन्होंने क्लस्टर्स एवं मतदान केंद्रों पर क्या -क्या व्यवस्था सुनिश्चित किया गया जिसका प्रखंड वार जानकारी लिया। साथ ही परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव द्वारा प्रत्येक बूथ में पोलिंग पार्टी के साथ बस की टैगिंग से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस मतदान केंद्र पर बस नहीं पहुंच पायेगी एवं वहां पर छोटी गाड़ियों के साथ टैग किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन मतदान से 90 मिनट पूर्व मॉक पोल का आयोजन किया जाना है जिसे ध्यान में रखते हुए सभी पोलिंग पार्टी को सही समय पर मतदान केंद्र पर पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे और मॉक पोल का रिपोर्ट समय पर देंगे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहां कि क्लस्टर्स से लेकर मतदान केंद्र तक सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण रखेंगे मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो इसकी ध्यान रखेंगे। वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हाथी प्रभावित मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी को सुरक्षित रखने के लिए हाथी भगान के लिए टीम का गठन किया गया है। जो लाइट एवं मसाला लेकर मतदान केंद्र के साथ टैग किया गया है। उन्होंने हामर हाथी मोबाइल एप्लीकेशन आपके बारे में जानकारी दी, उन्होंने बताया कि यह मोबाइल एप्लीकेशन किस क्षेत्र में एवं कितनी दूरी पर हाथी है इसकी जानकारी प्रदान करती है।

## सिमडेगा जिला मुख्यालय में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा मेन रोड में भारतीय जनता पार्टी चुनावी कार्यालय का उद्घाटन लोकसभा प्रभारी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सह पूर्व विधायक रविंद्र राय तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने किया। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी के संदेश को घर-घर तक लोगों के बीच पहुंचाएं भाजपा के घोषणा पत्र को दोहराएं। साथ ही कांग्रेस और झामुमो गठबंधन की सरकार की काले कारनामे को जनता के बीच बताने का कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कार्यकताओं को 13 तारीख के मतदान की तैयारी में जोर शोर से लगने का आह्वान किया साथ ही एक भी मतदाता वोट डालने से चुके ना इस पर ध्यान देने की बात कही मौके पर लोकसभा सहसंयोजक ओमप्रकाश साहु ने कहा हम सभी कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को भारी बहुमत से जिताने के लिए बूथ को मजबूत करें। पूर्व मंत्री सह विधानसभा संयोजक विमला प्रधान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों को पहले मजबूत करें खासकर महिलाएं डोर टू डोर जाकर केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए किए गए घोषणा को बताएं और मोदी जी और अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने का आवाहन करें।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदधिकारियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**डोमचांच।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन डोमचांच के संरक्षक सुनील कुमार सिन्हा, अध्यक्ष विवेक इन्द्रगुरु, उपाध्यक्ष पंकज कुमार कंधवे, सचिव शिवकुमार मेहता और सह कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार मेहता ने शनिवार को डीसी और डीईओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें निजी स्कूलों के केजी से क्लास आठवीं तक प्रातः कालीन समय तालिका के अनुसार सुबह 10 बजे तक संचालित करने की अनुमति मांगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार को भी ईमेल किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले 29 अप्रैल 2024 को प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 58 द्वारा 30 अप्रैल से अगले आदेश तक सभी कोटि के स्कूलों में केजी से आठवीं तक अत्यधिक गर्मी और लू का हवाला देते हुए पठन-पाठन स्थगित किया गया है। लेकिन स्कूल में शिक्षकों को बुलाया गया है और नौंवी से उपर की कक्षाओं की पढ़ाई जारी रखी गई है। इससे स्कूल संचालकों के सामने कई संकट उत्पन्न हो गए हैं।

---

**लोकसभा चुनाव में प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण**

# पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से 686 मतदान कर्मियों ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

**इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट की भी व्यावहारिक जानकारी दी गई**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, सिमडेगा द्वारा सिमडेगा -70 विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों के लिए सिमडेगा महिला कॉलेज, सलडेगा में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीठासीन पदाधिकारियों को डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा डिस्पैच सेंटर से मतदान के दिन मतदान केंद्र और मतदान के बाद कलेक्शन सेंटर पर कार्य निष्पादन एवं दायित्वों से पीठासीन पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की चर्चा करते हुए उन प्रपत्रों को संधारित करने की विधि से अवगत कराया गया। बताया गया कि प्रपत्रों को भरने में विशेष सावधानी की जरूरत होती है। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के डम्मी प्रपत्र का प्रयोग कर संधारित करने के तरीके की व्यावहारिक जानकारी दी गई। पीठासीन पदाधिकारियों को मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों का पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्हें इवीएम के माध्यम से मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की भी व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग का भी आयोजन किया गया। पोस्टल वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले पीठासीन पदाधिकारियों ने संबंधित प्रशिक्षण केंद्र में स्थापित सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से शनिवार को 686 मतदान कर्मियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मौके पर अंचलाधिकारी मो० इम्तियाज अहमद, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी -सह- एलआरडीसी अरुणा कुमारी, सहायक परियोजना -सह- प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग रंजीत सिन्हा एवं मास्टर ट्रेनर सहित अन्य उपस्थित थे।

---

**छोटा नागपुर कल्याण निकेतन कार्यालय में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलाइंस पर हुई चर्चा**

# बाल विवाह में पंचों और सरपंचों की जवाबदेही तय करना राजस्थान कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला : प्रियंका

**बाल विवाह की रोक लगाने से संबंधित कानून बनाकर राजस्थान सरकार ने अब वह जिंदगी को बचाने का काम शुरू किया है**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन के कार्यालय में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य रूप से जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरन सुनवाई करते हुए जारी किया गया आदेश के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बताया गया बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान हाई कोर्ट ने सख्त कानून बनाया पूरे देश में इस तरह की कानून व्यवस्था कायम करने की मांग झारखंड में भी की जाने लगी है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन क एलायंस के सहयोगी संगठन छोटानागपुर कल्याण निकेतन के सचिन प्रियंका सिन्हा ने कहा कि झारखंड और बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में बाल विवाह जैसे मामला तेजी से सामने आ रहा है, जनसंख्या अनियंत्रित हो गई है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह के बाद नाबालिक की जिंदगी बर्बाद हो जाता है।बच्चों की बचपन और बच्चों के अधिकार भी खो जाते हैं, ऐसे जिंदगी को बचाने के लिए बाल विवाह पर रोक लगाना जरूरी है। बाल विवाह की रोक लगाने से संबंधित कानून बनाकर राजस्थान सरकार ने अब वह जिंदगी को बचाने का काम शुरू किया है ,न्याय मूर्ति शुभा और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा सभी बाल विवाह निषेध अफसर से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस के संस्थापक भवन ऋभु ने कहा कि बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है।

## कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने चलाया क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
खूंटी के लोकसभा उम्मीदवार कालीचरण मुंडा शनिवार को सिमडेगा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस के पक्ष में वोट के लिए अपील की कालीचरण मुंडा ने कहा कि देश आज खतरे में है संविधान को बदलने का प्रयास वर्तमान सरकार कर रही है जिसके विरुद्ध सभी लोगों को एकजुट होने की आवश्यकता है।संविधान जिसमे समाज के लोगों का जीवन निहित है। उस डर पर वोट है जब भाजपा की सरकार होती और हमे अपना अस्तित्व, अपना जमीन जल जंगल की रक्षा के लिए आय दिन लड़ना पड़ता और डर लगा रहता कि कब हमारे खिलाफ कोई तुगलकी फरमान जारी न हो जाय। देश मे जाति धर्म के नाम पर अराजकता फैलाने वाले पार्टी के खिलाफ आपको कांग्रेस को वोट करने की बात कही।

---

**डीएवी स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन**

# मतदान भारत का सबसे बड़ा उत्सव है : रोशनी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा में मतदान जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर स्वीप कोषांग की आशा मैक्सिमा लकड़ा और क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी रोशनी कुमारी मौजूद रहे। उन्होंने कक्षा नवम से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को मतदान के विषय में अनेक जानकारियों साझा की। उन्होंने बच्चों से कहा कि अभी आपकी उम्र अठारह वर्ष नहीं हुई है फिर भी आपका बड़ा दायित्व है, अपने माता- पिता और परिवार के बड़े लोगों को मतदान के लिए मतदान केन्द्र तक जाने के लिए कहिए। यह भारत का सबसे बड़ा उत्सव है। स्कूल के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने भी बच्चों को उत्साहित करते हुए मतदान का महत्त्व बतलाया। इस अवसर पर मतदान संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें का प्रदर्शन बच्चों ने भाषण प्रस्तुति, नृत्य एवं चित्रकला का प्रदर्शन किया। बताया गया कि आगे भी अनेक तरह के कार्यक्रम मतदान समाप्ति तक आयोजित किए जाएंगे।

## इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील

**जयनगर।** प्रखंड के कंदरपडीह दक्षिणी टोला, उत्तरी टोला में इंडिया महागठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान झंडे में तीन तारा पर बटन दबा कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को विजय बनाने की अपील की। नेताओं ने कहा कि सभी गांवों में जनता का मिल रहें अपार जनसमर्थन और उत्साह से साफ जाहिर होता है की इस बार कोडरमा लोकसभा के जनता जनार्धन भाजपा को उखाड़ फेंकेगी और बिनोद सिंह को भारी मतों से विजय बनाकर सांसद भेजेगी। जनसंपर्क अभियान में माले प्रखंड सचिव अशोक यादव, माले नेता विजय पासवान, मुंना यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष तसव्वर खान, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, महेश यादव, जागेश्वर साव, देवानंद सिंह तिलक यादव, महादेव साव सहित कई लोग शामिल थे।

---

**कार की गेट खुलने से गिरा बच्चा कंटेनर की चपेट में आया**

# रिम्स में घायल किशोर की मौत




**प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, एसडीओ ने कहा- अगली बार अतिक्रमण करने वालो पर होगी दंडात्मक कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते रात्रि 9 बजे बरही चौक पर कंटेनर की चपेट में आने से मल्लाह टोली निवासी शिवा निषाद के 12 वर्षीय पुत्र समर निषाद बुरी तरह घायल हो गए। गंभीरावस्था में स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती किया गया. जिसे प्रथामिका इलाज के बाद चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया. जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई. घटना की जानकारी देते हुए लोगों ने बताया कि बच्चा सड़क क्रॉस कर रहा था, इसी क्रम में अर्टिगा कार संख्या जेएच 01क्यू 3076 पर बैठे लोगों ने गया रोड बरही चौक के समीप अचानक गेट खोला. जिससे बच्चा टकराकर सड़क पर गिर गया, ठीक इसी समय धनबाद रोड की ओर से जा रही कंटेनर से कुचलने से बच्चा बुरी तरह घायल हो गया. इसकी जानकारी होते ही सैकड़ों की संख्या में स्थानीय पहुंचकर सड़क जाम कर दिए. मौके पर प्रशासन भी पहुंची और जाम हटाने का प्रयास किया. जामकर्ताओं का कहना था कि आज से ठीक करीब छः माह पूर्व इसी प्रकार की घटना में एक बच्चे की मौत हुई थी. उस वक्त प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था. परंतु अतिक्रमण यथा स्थिति बना रहा, जिसका परिणाम ही यह दुर्घटना बना. जामकर्ताओं ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की गई. काफी मशक्कत के बाद जाम हटाया गया.

**हटाए गए अतिक्रमण :** दुर्घटना के दूसरे दिन एसडीओ, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर और सीओ ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. पूरा प्रशासन पुलिस बल और जेसीबी लेकर गया रोड, धनबाद रोड में अतिक्रमण हटाने का काम किया गया. इस दौरान कई कंस्ट्रक्शन भी हटाने के काम किए गए. एसडीओ जोहन टुड्डू ने बताया कि इसके बाद अतिक्रमण करने वालो पर सख्त कारवाई की जायेगी.

---

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा पहुंचे पूर्व आईपीएस राजीव रंजन, भाजपा के लिए मांगा वोट



**सिमडेगा।** पूर्व आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिमडेगा पहुंचे और भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए जनता से देश के विकास के नाम पर वोट मांगे। सिमडेगा के साय पुर जाकर एक जनसभा को संबोधित किए। इस दौरान उन्होंने हरेक जनता को 13 मई को मतदान जरूर करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी विकसित भारत का सपना संजोए हुए देश का विकास करने में जुटे हुए हैं, और यह तबहीं संभव है जब यहां की सारी जनता अपना बहुमूल्य वोट भाजपा को देकर उनके हाथों को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले दो पारी में देश को काफी विकसित किया है और आने वाले समय में कई नई सोंच के साथ भाजपा की मोदी सरकार भारत देश को विश्व के विकसित देशों की श्रेणी में लेकर आएगी। उन्होंने भाजपा के खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को वोट देने की अपील करते हुए कहा की अर्जुन मुंडा इस बार फिर सांसद बनेंगे तो उन्हें निश्चित रूप से उन्हे फिर से मंत्रालय मिलेगा और इस पूरे क्षेत्र का विकास हुए और बेहतर तरीके से करेंगे।

### राष्ट्रीय नवीन मेल ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम




**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 13 में को मतदान होना है, जिसको लेकर सिमडेगा जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है। पिछले दिनों हुए डीसी के साथ बैठक में पत्रकारों को भी प्रचार प्रसार करने से संबंधित अपील की गई थी, जिसके बाद शनिवार को राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ विकास साहू द्वारा सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत अरानी गांव पहुंचकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर ब्यूरो के विकास साहू के द्वारा ग्रामीणों को आगामी 13 मई को सुबह 7:00 से लेकर शाम 5:00 बजे तक अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर वोट करने के लिए अपील किया, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा असहाय लोगों के लिए बीएलओ के माध्यम से वाहन की व्यवस्था की है ताकि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा उन्होंने जानकारी देते हुए बताएं कि मतदान केन्द्रों में पीने की ठंडा पानी ,बैठने की समुचित व्यवस्था आदि सभी प्रकार की सुख सुविधा देने का कार्य किया जा रहा है ताकि लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी नहीं हो ।वहीं उन्होंने यह भी बताया कि सिमडेगा डीसी के द्वारा जिले में 80% वोट का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है इसलिए सभी ग्रामीण जागरूक नागरिक बनकर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हो। मौके पर ग्रामीण वोट के लिए काफी उत्सुक दिखे और सभी लोगों ने सामूहिक रूप से शपथ लेकर चुनाव में वोट करने के लिए संकल्प लिया इस दौरान वोट के लिए नारे भी लगाए।

### महा हैशटैग अभियान के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग( रामगढ़ ) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार के निदेर्शानुसार पूरे राज्य में 7 मई 2024 को शाम 6:00 बजे से 8:00 बजे तक मेन भी इलेक्शन एम्बेस्डर के तहत महा हैशटैग अभियान चलाया जाना है। इसी क्रम में महा हैशटैग अभियान के रामगढ़ जिले में सफल आयोजन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा महा हैशटैग अभियान के तहत रामगढ़ जिले में आयोजित विभिन्न जिला स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से सभी को जानकारी दी गई वहीं उनके द्वारा अभियान के सफल आयोजन में जिला स्तरीय विभागों, कृषि मित्रों, वोटर अवेयरनेस फोरम, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स सहित अन्य के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं उन्होंने अभियान के सफल आयोजन हेतु किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की भी सभी को जानकारी दी।

### बानो के कोनसोदे टिकुनटोली में सड़क नहीं होने से लोग परेशान



**बानो।** प्रखंड के कोनसोदे पंचायत के ग्रामीण सड़क व पुल नहीं रहने से काफी परेशान हैं। ग्रामीणों ने छोटकेतुंगा महादेव टोली से सोय अस्पताल तक लगभग 4 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण की मांग की है ।मालूम हो कि महादेव टोली से सोय हॉस्पिटल तक 1957 में सड़क कच्ची सड़क का निर्माण किया गया था ।इसके बाद एक दो बार कच्ची सड़क का मरम्मत किया गया था ,सड़क मरमत किया हुआ काफी वर्ष हो जाने कारण सड़क काफी जर्जर हो गया है जिसके कारण लोगों को आने-जाने में काफी सुविधा होती है। वहीं सोय नदी में पुल नहीं रहने कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में भी काफी सुविधा होती है ।ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय विधायक और पंचायत को कई बार आवेदन दिया गया लेकिन अब तक कोई पहल नहीं किया गया ।इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बैठक कर रोड नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लिया है।

**सड़क और पुल नहीं रहने से हो रही है परेशानी :** जर्जर सड़क और सोय नदी में पुल नहीं करने से ग्रामीणों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है ।उक्त मार्ग से ही बरसलोया,लसिया के लोग व्यापार करने के लिए आना-जाना करते हैं साथ में ग्रामीणों को भी बानो आना पड़ता है ।स्कूली बच्चों को बरसात के दिनों में काफी परेशानी होती है. सोए नदी में पानी भर जाने से लोगों को घूम के 8-10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करके बानो जाना पड़ता है।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को 25 साल की कारावास

**किरीबुरु।** नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का अभियुक्त सुखलाल बिरूवा को धारा-04(2) पोक्सो में 25 साल कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपए जुमार्ना की सजा न्यायालय ने सुनाई है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि मंझारी थाना कांड सं0-56/2020, पोक्सो एक्ट का अभियुक्त सुखलाल बिरुवा, पिता स्व -जोकलो बिरुवा, ग्राम बुटका, थाना- मंझारी के विरूद्ध नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

### डीप बोरिंग की पाइप से जबरन कनेक्शन कर ले रहे पानी

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड नंबर 20 के गुमटी बस्ती में सार्वजनिक डीप बोरिंग में कुछ दंबग किस्म के परिवारों द्वारा जबरन पाइप लगाकर अवैध तरीके से घरों में कनेक्शन ले लिया गया है. जिसका स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है. शनिवार सुबह बस्ती की महिलाओं ने अभिलंब कार्रवाई की मांग करते हुए आदित्यपुर थाना में बवाल किया है. सार्वजनिक बोरिंग से पाइप कनेक्शन जोड़ने वालों में बस्ती के तकरीबन 10 से 15 परिवार हैं।

### गेस्ट हाउस से पिस्टल व गोली के साथ तीन गिरफ्तार

**धनबाद।** पुलिस ने गोविंदपुर थाना क्षेत्र के खालसा होटल के समीप शांति गेस्ट हाउस में छापेमारी कर तीन अपराधियों को पिस्टल व गोली के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में मो. इमरान, मो. जमशेद व संजीव कुमार शामिल हैं. तीनों गिरिडीह जिले के रहने वाले हैं. तीनों किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे. गुप्त सूचना पर गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें दबोच लिया. पुलिस उन्हें जेल भेजने की तैयारी में थी।

# एसपी ने स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर अलग अलग स्थानों पर इस तरह का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया।

यहां सीसीएल कर्मियों को मतदान के प्रेरित किया गया। एसपी ने उपस्थित कर्मियों को कहा कि खुद ही मतदान करना है और आस पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है. यहां एसपी ने उपस्थित कर्मियों से



मतदान के लिए शपथ भी दिलवाया। इस क्रम में सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी, सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह, सार्जेन्ट मेजर राजेश रंजन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर प्रसाद, सीसीएल के पदाधिकारी अनिल पासवान, एनके सिंह, शम्मी कपूर, आरपी यादव, श्रवण कुमार, राज्यवर्धन समेत कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### बिना चालान के डंप किया जा रहा बालू

**बिरनी।** सड़क निर्माण में धड़ल्ले से अवैध बालू का उपयोग किया जा रहा है और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। बिना चालान का बालू का भारी मात्रा में डंपिंग किया जा रहा है। बता दें कि बिरनी प्रखंड के खाखीपिपर में कई ट्रैक्टर से अवैध तरीके से बालू डम्प कर के रखे जाता है। जब इस संबंध में इस सड़क निर्माण में देख रेख कर रहे मुंशी मुख्तार अंसारी से पूछा गया तो कहा कि इरगा नदी से बालू का निकाल कर लाया जाता है। फिर जाकर सड़क कार्य निर्माण होता है। सवाल पूछा गया की बिना चालान कैसे उठा रहे हैं। तो उन्होंने बताया कि अभी कहीं से चालान नहीं दिया जा रहा है। तो फिर सब काम बंद हो जाएगा। इस संबंध में बिरनी सीओ सारांश जैन ने कहा कि इस तरह कोई भी सूचना किसी प्रकार नहीं मिला है। मुझे आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है। इस पर जाँच किया जायेगा।अगर अवैध रूप से बालू का उठाव किया गया हो तो कार्रवाई किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### शारदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल बताया वोट का महत्व



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के चंद्री पंचायत स्थित बड़दा बाईडीह गांव के शारदा पब्लिक स्कूल की ओर से शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई.इस मतदाता जागरूकता रैली में चंद्री पंचायत की मुखिया शुरूमनी बारला, पूर्व मुखिया बाबूराम बारला, विद्यालय के प्राचार्य भजन लाल महतो के अलावे शिक्षक, शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए. जागरूकता रैली के दौरान विद्यालय के लगभग 500 छात्र छात्राएं ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए चल रहे थे. इस दौरान मतदाताओं को 13 में को अवश्य रूप से मतदान करने की बात कही गई. ग्रामीणों को बताया गया कि अपने वोट डालकर हम सही जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं, इसलिए इसे पीछे ना रहे और मतदान के दिन अपने-अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें.जागरूकता रैली के दौरान छात्र-छात्राएं हाथ में मतदाता जागरूकता संबंधित पोस्टर बैनर लिए हुए लोगों को जागरुक करते हुए चल रहे थे।

### रेलवे स्काउट्स एंड गाइड ने शुरू की स्टेशन पर जल सेवा




**आदित्यपुर।** आदित्यपुर रेलवे स्टेशन में भीषण गर्मी को देखते हुए रेलवे स्काउट्स एंड गाइड के द्वारा यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर पानी पिलाया गया. यह अभियान पूरी गर्मी चलेगी. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से, आदित्यपुर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी (डीएमई) प्रदीप कुमार गुप्ता, महापात्रा, प्रदीप प्रसाद, संजय गुप्ता, अरुण मंडल, डीके सिन्हा, स्कॉट्स एंड ग्वीडिस के संजीत महतो, बिशवेंदु बेहरा, समाजसेवी अभिलाष मिश्रा, संतोष कुमार, रामा शंकर वर्मा, ओम प्रकाश प्रसाद, सहित रेलवे के कर्मचारी एवं स्काट्स की पूरी टीम इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

### वोट बहिष्कार को लेकर चतरो चट्टी थाना क्षेत्र में माओवादियों ने की पोस्टरबाजी




**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुर्कनालो में शनिवार देर रात माओवादियों ने पोस्टर चिपका कर फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है. चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कर्री पंचायत के कुर्कनालो में पोस्टरबाजी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पोस्टरों को हटाया. इसमें माओवादियों ने आम लोगों के नाम प्रेषित पत्र में वोट वहिष्कार करने का ऐलान किया है. उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमेटी भाकपा माओवादी की तरफ से जारी किये गए पोस्टर में लिखा है कि सशस्त्र संघर्ष के जरिये जल, जंगल और जमीन पर जनता का अधिकार कायम करें।

### टाटानगर स्टेशन समेत कई स्टेशनों का निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम

**जमशेदपुर।** टाटानगर स्टेशन समेत अन्य स्टेशनों को अमृत भारत योजना तहत पुनर्विकास किया जाना है. इसको लेकर शनिवार को चक्रधरपुर डिवीजन के डीआरएम अरुण जे राठौड़ टाटानगर स्टेशन पहुंचे. वे सुबह 11 बजे अपने निरीक्षण यान से टाटानगर पहुंचे. डीआरएम के साथ चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आरके गुप्ता व सीनियर डीसीएम गजराज सिंह समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे. डीआरएम ने आदित्यपुर, गम्हरिया, सीनी, राजखरसावां, टाटानगर रेलवे स्टेशन और बादामपहाड़ स्टेशनों में चल रहे रिडेवलपमेंट कार्य को लेकर निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर को समय पर कर पूरा करने का निर्देश दिया.टाटानगर रेलवे स्टेशन पर के प्लेटफार्म नंबर वन का निरीक्षण करते हुए डीआरएम ने स्टेशन नए फुट ओवर ब्रिज का भी निरीक्षण किया जहां लिफ्ट के साथ यात्रियों को किसी भी तरीके का कठिनाई का सामना न करना पड़े दिव्यांग को लेकर भी क्या व्यवस्था होगी उनको लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## मंत्री बेबी देवी ने गांडेय के गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी द्वारा गांडेय उपचुनाव को लेकर गांडेय प्रखंड के बुधुडीह, दासडीह आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन को जनता से समर्थन देने की बात कही। बेबी देवी ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमने देखा कि जनता काफी उत्साहित है। गांडेय विधानसभा के उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी की जीत होगी। जनता उनके साथ है। इस दौरान वे गांडेय स्थित पार्टी कार्यालय में रुकीं और कार्यकताओं से मिली। साथ ही आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। मौके पर राजू महतो, जिला सचिव महालाल सोरेन, झामुमो प्रखंड सचिव भैरो वर्मा, हीरालाल मुर्मू, बबली मरांडी, बैजनाथ राणा, भागवत सिंह, मुखिया दशरथ किस्कू, दासडीह मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मंडल, संजय तिवारी, कन्हैया साव, परमेश्वर मुर्मू, बैजनाथ मुर्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीआरसी कार्यालय तिसरी को मर्ज स्कूल के पुराने भवन में किया गया शिफ्ट

### कार्यालय जर्जर होने से बना रहता है डर, कर्मियों को होगी राहत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी बीआरसी के भवन के जर्जर होने के कारण इसे पास ही मर्ज किया गया। इसे कन्या मध्य विद्यालय भवन में शनिवार को शिफ्ट कर दिया गया। विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार चौधरी ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया गया। बता दें कि बीआरसी कार्यालय जर्जर हो चूका था। भवन के कई हिस्सों में दरारें पड़ी हुई थी। कार्यालय को उक्त बिल्डिंग में शिफ्ट करने से बीआरसी कर्मी सहित शिक्षकों को भी काफी राहत मिलेगी। मौके पर बीईईओ श्री चौधरी ने कहा कि पुराने बीआरसी भवन में कमरों की कमी नहीं है लेकिन सभी कमरे जर्जर हो चुके हैं, बरसात के दिनों



में छत से पानी भी रिसता था।

इस भवन में हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता था। जिले के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सामने स्कूल के एक पुराना बिल्डिंग खाली रहने पर यहां बीआरसी कार्यालय को शिफ्ट किया गया है। इस दौरान गुरुगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें ई विद्यावाहिनी में शिक्षक एवं बच्चों की उपस्थिति, शत्र 24-25 का नया नामांकन शत प्रतिशत पूर्ण करने, मध्या भोजन,मतदान केंद्रों की अधतन स्थिति आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर सीआरसीसी मृत्यंजय कुमार, संजीत भारती, ऑपरेटर पवन कुमार, कस्तूरबा विधालय के वार्डन शिखा देवी, पंकज सिंह, अविनाश पांडेय, बलवीर यादव, बैकुंठ अग्रवाल, उपेंद्र शर्मा सहित दर्जनों शिक्षाविद शामिल थे।

# अक्षय तृतीया में न हो कोई बाल विवाह.. लिया गया संकल्प

### हैप्पी सैटरडे के दिन बाल विवाह पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

प्लस टू उच्च विद्यालय, अटका मे बनवासी विकास आश्रम, बगोदर, गिरिडीह के द्वारा तथा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से हैप्पी सटरडे नामक कार्यक्रम के अंतर्गत अक्षय तृतीया शुभ मुहूर्त बाल विवाह बिषयक भाषण प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे विद्यालय के 100 छात्र -छात्राएं भाग लिया जिसमे भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रिया कुमारी, द्वितीय श्वेता रानी, तृतीय राहुल कुमार को चयनित किया गया।

कार्यक्रम मे प्रचार्य शिशिर कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है। लड़की कि शादी 18 वर्ष के बाद तथा लडके कि शादी 21 वर्ष बाद शादी बैध मानी जाती है बाल विवाह होने पर दो वर्ष कि सजा तथा एक लाख जुमार्ने कि प्रावधान है। बाल विवाह होने से ज्यादा प्रभावित लड़कियां होती है। कम उम्र शादी कम उम्र मे बच्चे जिसका दुष्परिणाम मातृ शिशु मृत्यु दर मे बृद्धि, खून मे कमी कुपोषित बच्चे जैसे बहुत बीमारियों से ग्रसित हो जाना और अंत मे कम उम्र मे मृत्यु और कहा इस कुप्रथा को जन जन को जानकारी देना है बाल विवाह को मिटाना है। शिक्षिका ज्योति कुमारी, आरती कुमारी, गीतांजलि मीणा, निवास पाण्डेय रामेश्वर कुमार सुनील कुमार, रंजीत कुमार राजेश यादव छात्रा निकिता कुमारी, दीपिका कुमारी, रानी कुमारी, आशा कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रिया कुमारी, कोमल कुमारी निधि कुमारी, प्रेम कुमार, अरुण कुमार, सूरज कुमार, आकाश कुमार बनवासी विकास आश्रम से ओम प्रकाश महतो, रवि कुमार आदि कि सराहनीय भूमिका रही।

## ग्रामीण मौलिक व बुनियादी सुविधाओं से आज भी हैं वंचित : सुशील बारला



**नवीन मेल संवाददाता। किरीबुरु**

आदिवासी समन्वय समिति (आस) के संयोजक सुशील बारला के नेतृत्व में आस पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने झामुमो के गढ़ गोईलकेरा स्थित कैदा गांव में बैठक की. इस बैठक में कैदा के अलावे आठ गांव के मुंडा, डकुआ, दिउरी, ग्राम सभा सदस्य, आस कार्यकर्ता व अन्य प्रबुद्ध लोग शामिल हुये. इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभा को सशक्त बनाना, ग्राम सभा के माध्यम से हीं विकास कार्यों का संचालन, ग्रामीणों का मौलिक अधिकार व बुनियादी सुविधाएं बहाल करना एवं आस संगठन को गांव गांव में मजबूत करना है. इस संबंध में सुशील बारला ने बताया कि यह बैठक गोईलकेरा प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों की समस्याओं, ग्रामीणों को उनका मौलिक अधिकार दिलाने व बुनियादी सुविधाओं को धरातल पर संघर्ष के जरीये उतारने, ग्राम सभा को सशक्त बनाते हुये तमाम विकास कार्य ग्राम सभा के माध्यम से संचालित कराने एवं आस संगठन को गांव गांव में मजबूत करने आदि को लेकर आयोजित किया गया है. उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र आज भी विकास के मामले में काफी पीछे है।

### अपसार संभाल रहा प्रिंस खान की रंगदारी का कारोबार

**धनबाद।** धनबाद के कोयला नगर निवासी संजय सिंह की रेकी करने के दौरान हथियार के साथ पकड़ाए प्रिंस खान के गुर्गे डोरेमोन उर्फ अयान अंसारी उर्फ अयान शेख व अरमान पटियाला को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया. दोनों को पुलिस की स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना पर आधार पर तीन दिन पहले कोयला नगर के समीप से पकड़ा था. पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया है कि फिलहाल धनबाद में गैंगस्टर प्रिंस खान की रंगदारी का काम अपसार उर्फ हामिद संभाल रहा है. पुलिस को दिए बयान में डोरेमोन उर्फ अयान व अरमान पटियाला ने अपना जुर्म कुबूल करते हुए बताया है कि दोनों प्रिंस के लिए काम करते हैं. कुछ दिनों पहले ही उनकी मुलाकात अपसार उर्फ सुभान हमीद से हुई थी. प्रिंस खान के लिए फिरौती वसूलने, रकम को प्रिंस तक पहुंचाने व नए लड़कों को गिरोह में शामिल करने का सारा कारोबार वही संभालता है।

# कोडरमा लोस चुनाव को लेकर कोर कमेटी एवं प्रबंधन कमेटी की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कोडरमा लोकसभा का लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति और कोर कमेटी की बैठक प्रधान कार्यालय गिरिडीह में संपन्न हुई। इस लोकसभा चुनाव 2024 की जीत की कार्य योजना तैयार की गई एवं संगठन को लोकसभा चुनावी अभियानों में जुटने का आह्वान किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने बताया कि निश्चित रूप से हमारी जीत होगी और यह जीत जनता के नाम होगी। पिछले चुनाव के बाद जो भी कार्य क्षेत्र में रह गए हैं इस बार चुनाव जीतने के बाद उसको पूरा करवाने में भरपूर सहयोग रहेगा। उन्होंने कार्यकताओं और सहयोगियों से भी अपील किया कि शहर से गांव और घर घर पहुंचकर जनसंपर्क के माध्यम से जनता को अधिक से अधिक मत



देने के लिए उत्साहित करें ताकि वह अपना मत देकर श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को जीतने में भरपूर सहयोग करे। इस बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी,लोकसभा प्रभारी विकाश प्रीतम, विधायक केदार हाजरा, विधायक अमित यादव, विधायक नीरा यादव, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, सह संयोजक प्रणव वर्मा, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, कोडरमा प्रभारी भैया अभिमन्यु, गिरिडीह जिला प्रभारी रोहित सिंह, लक्ष्मण सिंह, अरुण हाजरा, दिनेश यादव सहित विधानसभा संयोजकगण, लोकसभा कोर कमिटी एवं चुनाव प्रबंधन समिती के पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

### गझंडी स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस से कटकर लोको पायलट की मौत

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के गझंडी रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से लोको पायलट पंकज कुमार सिंह (36 वर्ष) की मौत हो गई. वह बैंकर पायलट की ड्यूटी में गोमो से गझंडी गए थे. घटना शनिवार तड़के करीब 4.30 बजे की है. जानकारी के अनुसार, पंकज कुमार सिंह सुबह 4 बजे ड्यूटी ऑफ करने के बाद चाबी हैंड ओवर करने के लिए रेलवे लाइन क्रॉस कर रहे थे. इसी बीच अचानक तेज गति से आ रही नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए. ट्रेन से कटकर उनका शरीर शरीर दो भागों में बंट गया. सूचना मिलते ही कोडरमा जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पोस्टमार्टम के बाद शव क्रू लॉबी में रखा गया, जहां लोको पायलटों ने श्रधांजलि दी. घटना की सूचना मिलते ही गोमो रेलवे कॉलोनी स्थित आवास में मातम छा गया।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय खूँटी**
**(पोस्टल बैलेट कोषांग)**
postalballotcellkhunti@gmail.com

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शिका No. 52/2023/SDR/VOL-IV दिनाँक 31/10/2023 एवं निर्वाची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका के कंडिका 11 में वर्णित निर्देश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य में संलग्न कर्मियों के द्वारा Facilitation Centre एवं आवश्यक सेवा में संलग्न कर्मियों के द्वारा PVC (Postal Voting Center) के माध्यम से मतदान हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–41 दिनाँक 04/04/2024 द्वारा Facilitation Centre एवं PVC (Postal Voting Center) की स्थापना हेतु निर्धारित स्थल को प्रशिक्षण कोषांग, लोकसभा निर्वाचन 2024 के ज्ञापांक 121 दिनाँक 30/04/2024 के आलोक में निम्नरूपेण संशोधित किया जाता है।

| क्र० सं० | केन्द्र का नाम | केन्द्र का स्थान | गठित केन्द्र की संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Facilitation Centre | बिरसा कॉलेज, खूँटी | 7 | मतदान कार्य में संलग्न कर्मी हेतु (03 खूँटी विधानसभा हेतु, 03 तोरपा विधानसभा, 01 अन्य विधानसभा हेतु) |
| | | लोयला कॉलेज, खूँटी | 7 | मतदान कार्य में संलग्न कर्मी हेतु (03 खूँटी विधानसभा हेतु, 03 तोरपा विधानसभा, 01 अन्य विधानसभा हेतु) |
| 2 | Facilitation Centre | बिरसा कॉलेज, खूँटी (बहुउद्देषीय भवन) | 4 | पुलिस कर्मी हेतु |
| 3 | Postal Voting Centre (PVC) | समाहरणालय (ब्लॉक B) | 2 | आवश्यक सेवाओं हेतु |

उपरोक्त वर्णित Facilitation Centre द्वितीय चरण के प्रशिक्षण की अवधि के दौरान एवं Postal Voting Centre (PVC) मतदान की तिथि के 3 दिन पूर्व तक क्रियाशील रहेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, ,खूँटी

PR 324418Election(24-25)#D

## चुनावी समीकरण

# विपक्ष के टूलकिट मुद्दों की निकली हवा


मृत्युंजय दीक्षित

**स्वतंत्रता** के बाद देश में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है। जब से लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार आरम्भ किया है तभी से राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता तमाम मंचों पर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी जी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। दोबारा चुनाव नहीं। इसके अतिरिक्त यह लोग प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो वायरल कर झूठ फैला रहे हैं। शाह के वीडियो प्रकरण में गिरफ्तारी भी हुई हैं। चुनाव प्रचार में जुटे प्रधानमंत्री मोदी ने इस फर्जी वीडियो प्रकरण को अपने पक्ष में मोड़कर मुद्दा बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है साथ ही। वो संविधान और आरक्षण के नाम पर विगत 70 साल में पिछली सरकारों ने जो किया उसे बेनकाब कर रहे हैं। विपक्ष वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का अभियान चला रहा है। बिहार में 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच गठबंधन हुआ था तब इन दलों ने संघ के खिलाफ विष वमन किया था। मायावती ने भी एक पुस्तक घर-घर बंटवाकर संघ को आरक्षण विरोधी करार करने की कोशिश कर चुकी हैं। अब समय बदल चुका है। यह 2024 की बदली हुई भाजपा और संघ है। दोनों दुष्प्रचार के प्रति पूरी तरह सतर्क और सशक्त हैं। इस बार कांग्रेस नेताओं का यह दांव जमीनी धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। संघ ने साफ कर दिया है कि वह हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का पक्षधर रहा है। संघ का मानना है कि जब तक सामाजिक भेदभाव है या आरक्षण देने के कारण हैं तब तक आरक्षण जारी रहे। राहुल गांधी आजकल भाजपा को संविधान विरोधी साबित करने में दिन-रात एक किए हुए हैं जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज आम नागरिक अपने संविधान को जान रहा है, पढ़ रहा है और उसके अनुरूप आचरण करना चाह रहा है और उसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास ही हैं। अब हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान को अब वेबसाइट पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नए संसद भवन के उद्घाटन और सेंगोल स्थापना के अवसर पर सदन के सदस्यों को भी संविधान की मूल प्रति दी गई । सच यह है कि संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूलभूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी। आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया। मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया । कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक होकर रह गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था। इसी प्रकार कांग्रेस अयोध्या में प्रभु राम की जन्मभूमि और उस पर बन रहे भव्य मंदिर के प्रति भी नकारात्मक रही है। जन-जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पहले तो मुद्दे को लटकाने और भटकाने के लिए जी जान लगाती रही, इसमें असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर बैठी। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करके राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल के बयान को मिथ्या बताया। राहुल गांधी अपनी जनसभाओं में यह आरोप भी लगा रहे हैं कि वहां कोई गरीब, महिला, किसान और युवा दर्शन के लिए नहीं गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# प्रेरणा से कामों को गति मिलती है


राजीव थेपड़ा

**जरा** कल्पना कीजिए कि आप कोई चार पहिया वाहन चला रहे हैं और आपके समक्ष अचानक कोई अन्य वाहन आता हुआ दिखाई देता है और जैसे वह टकराने को ही है। उस समय आप क्या करते हैं ? क्या आप अपने वाहन को उस वाहन से टकराने देते हैं या स्टेयरिंग पर अपनी पकड़ को मजबूत करके अपने वाहन को दाएं या बाएं जाकर उस अवश्यसंभावित दुर्घटना से बचने का प्रयास करते हैं? निश्चित तौर पर मैं यह कह सकता हूं कि आप दुर्घटना से बचने के लिए हर संभावित यत्न करते हैं। जीवन एकदम वैसा ही है। अपने आपको कहीं भी पहुंचने के लिए उस दिशा में अथक परिश्रम करना ही पड़ता है। मान लीजिए आप घर से निकले, तो यदि आपको जहां जाना है, वहां जाने की कोई कल्पना ही ना हो कि आप किस जगह जाना चाहते हैं और कोई वजह भी ना हो कि आप क्यों जाना चाहते हैं। तो आप भला क्यों घर से निकलने के बाद कहीं जाएंगे और जाएंगे तो आखिर कहां जाएंगे ? निश्चित तौर पर आपको जहां जाना है, वह जगह आपकी सोच में, आपकी कल्पना में, आपके दिल में और आपके दिमाग में होनी चाहिए और यह भी आवश्यक है कि आपको वहां पर क्यों जाना है। क्योंकि जब तक आप यह नहीं जानते कि आपको कोई भी काम क्यों करना है, तब तक कभी भी आप उसे काम को सही ढंग से नहीं कर सकते। मान लिया कि आप पढ़ाई कर रहे हैं, किन्तु यदि आपको यह पता ही नहीं हो कि पढ़ाई करने से आपको क्या लाभ होने वाला है और पढ़ने के बाद आपको किस विषय में कौन से एग्जाम देने हैं, तो आप भला किस दृष्टि से या किसी लक्ष्य से पढ़ाई करेंगे? अथवा क्यों पढ़ाई करेंगे ? तो इस प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसकी प्रेरणा निश्चित रूप से आपको मिलने वाला कोई ना कोई लाभ होता है। जिससे आप अपने जीवन को थोड़ा और बेहतर बना लेते हैं और जितना ज्यादा उस कार्य को करते चले जाते हैं, उतना ज्यादा उसमें पारंगत यानी एक्सपर्ट होते चले जाते हैं। बहुत लोग कहते हैं कि मुझे काम करने को प्रेरणा (मोटिवेशन) नहीं मिलती। यह बात सच है कि किसी भी मोटिवेशन/प्रेरणा से कोई भी काम और भी अधिक अच्छे तरीके से किया जा सकता है। लेकिन आप विश्वास कीजिए कि इसका उल्टा भी बिल्कुल सच है। मतलब किसी भी काम को आप जितनी भी अधिक बार करते हैं, उतना ही उसमें पारंगत होते चले जाते हैं और जितनी अधिक बार आप उसे काम को करते हैं। उतने अधिक प्रेरित होते चले जाते हैं। क्योंकि किसी भी कार्य को अधिक से अधिक बार किए जाने के कारण उस अभ्यास से मिलने वाली सफलता आपको खुद ब खुद प्रेरित करती है। तो जितनी यह बात सच है कि प्रेरणा से कामों को गति मिलती है, उतनी ही यह बात भी सच है कि कामों को बार-बार करने से उससे मिलने वाली प्रेरणा के चलते आपके कार्यों को और भी अधिक गति मिलती है। और मजे की बात है कि इससे मिलने वाली प्रेरणाएं भी दुगनी और तिगुनी होती चली जाती हैं। एक समय ऐसा आता है कि आप स्वतः प्रेरित व्यक्तित्व बन जाते हैं और किसी के द्वारा आपके विषय में अथवा आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों के विषय में कुछ भी नकारात्मक कहे जाने से, आप नकारात्मक नहीं होते या यूं कहें कि आपको इस बात से कोई अंतर नहीं पड़ता कि आपके बारे में कोई क्या कह रहा है। इसके अलावा एक बात और है क्योंकि सच तो यह है की सुनी हुई बातों से हम केवल मन ही मन प्रेरित होते हैं। किन्तु सफलता की राह में मन ही मन प्रेरित होने का कोई अर्थ ही नहीं है।क्योंकि जब तक हम किसी भी कार्य को करने की दिशा में अपने पांव बढ़ा नहीं लेते और उन पांव को लगातार चलते रहने के लिए सतत अभ्यास करते रहने का अपना स्वभाव नहीं बना लेते, तब तक हमारा कोई भी काम किसी भी रूप में हमें कोई सुखद परिणाम नहीं दे सकता। तो इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि किसी भी कार्य के पूर्ण होने के लिए सबसे पहले उस कार्य का आरंभ होना आवश्यक है, किन्तु फिर उसके बाद उस पर सतत चलते जाना उससे भी अधिक आवश्यक है। किन्तु सबसे बड़ी बात वह सतत चलना या किसी भी कार्य में अभ्यास करना किसी भी प्रकार के अनमनेपन से नहीं, बल्कि अपना पूरा मन लगाकर उसे करना ही आपको आपके मनोनकुल परिणाम प्राप्त करवा सकता है। क्योंकि जब तक किसी भी चीज में आप अपना पूरा मन नहीं उड़ेल देते, तब तक आप उस कार्य को चाहे कितनी ही बार क्यों न कर लें, आप उसमें पारंगत नहीं हो सकते। इस प्रकार किसी भी विषय में पारंगतता प्राप्त करने के लिए केवल और केवल मन से किया गया सतत अभ्यास ही सबसे महत्ती आवश्यकता होती है। किसी भी कार्य को करने के पश्चात आपको क्या मिलने वाला है, यह भी उतना ही आवश्यक विषय है। क्योंकि यदि किसी कार्य को करने से आपको यदि कोई छोटी चीज मिलाने वाली है, तो आप उसमें उतना मन नहीं उड़ेलते। लेकिन उससे थोड़ी ज्यादा बड़ी चीज मिलती है, तो अपना मन, अपना अभ्यास और भी अच्छी तरह उड़ेलते हैं और यदि उससे भी बड़ी चीज मिलाने वाली हो, तो आपका अभ्यास और भी बढ़ जाता है। तो इसका यह भी अर्थ है कि किसी भी कार्य को करने पर उसके परिणाम के रूप में आपको आनुपातिक रूप से और बड़ा, और बड़ा, और बड़ा लाभ मिलने की संभावना हो, तो आप उस कार्य को करने में अपने आप को पूरी तरह से उड़ेल देते हैं। कोई भी काम छोटा और बड़ा नहीं होता, बल्कि आप जितनी पारंगतता से किसी कार्य को करते हैं और जितना ही उसमें घुसते चले जाते हैं, वो काम उतना ही बड़ा होता चला जाता है। यानी किसी भी विषय में, किसी भी कार्य से कोई व्यक्ति यदि थोड़ा कमाता है और उसी कार्य से कोई दूसरा व्यक्ति उससे अधिक कमाता है, कोई तीसरा व्यक्ति उससे अधिक, तो कोई चौथा व्यक्ति उससे अधिक और कोई पांचवा व्यक्ति उससे भी अधिक कमाता है और कोई ऐसा भी व्यक्ति होता है कि वह इस कार्य से इतना अधिक कमा रहा होता है कि आपकी आंखें फट जाती है! तो इसका अर्थ केवल इतना ही है कि सबसे ज्यादा कमाने वाले उस व्यक्ति ने उस कार्य में छिपे हुए उस विजन को देख लिया, जो आप लोगों में से किसी ने नहीं देखा। या फिर उसे व्यक्ति ने उस कार्य में इतनी अधिक मेहनत की और इससे उसने उसे कार्य में इतनी पारंगतता प्राप्त कर ली, कि वह एक अलग ही युक्तिजनक ढंग से उस कार्य को करने लगा और उसकी कमाई बढ़ती चली गई। इसी प्रकार यह माना जा सकता है कि कोई भी बात छोटी या बड़ी नहीं होती, बल्कि आप उसे बात को जितना फैलाना और बड़ा करना चाहते हैं, वह उतनी ही बड़ी होती चली जाती हैं किसी चीज से एक रुपया भी कमाया जा सकता है, सौ भी, हजार भी, लाख रुपया भी और करोड़ भी। यह केवल और केवल आपके ऊपर निर्भर है कि आप उसमें अपना कौन सा विजन देख पाए हैं अथवा आप उस कार्य में कौन से सपना डाल पाए हैं! तो जितने बड़े सपने आप किसी कार्य में डालेंगे, उतना ही ज्यादा उसको करते हुए आप और ऊंचे, और ऊंचे, और ऊंचे होते चले जाएंगे। अंततः इस बात को यूं कहा जा सकता है कि आप अपनी कल्पना के अनुसार ही अपना कद, अपनी प्रतिष्ठा, अपनी कमाई तय करते हैं। तो किसी भी मंच पर आपने देखा होगा कि बहुत सारे मोटिवेशनल स्पीकर आपको मिलते हैं। उस सभागार में आप सब मंच के नीचे बैठे उन्हें सुनते हैं, एक घंटा, दो घंटा, तीन घंटा, चार घंटा, पांच घंटा, यहां तक कि पूरे के पूरे दिन सुनते चले जाते हैं और उन घंटों में उनके लिए आप न जाने कितनी ही बार कितनी ही जोरदार तालियां बजाते हैं। आपको लगता है कि आप मोटिवेट हो रहे हैं। आप प्रेरित हो रहे हैं। किंतु सच में ऐसा नहीं होता! क्योंकि उस सभागार में बैठे सैकड़ों और हजारों व्यक्तियों के साथ बैठे हुए होने के कारण वहां निर्मित वातावरण के कारण ऐसा हो जाता है कि आप सबका साथ दिए बगैर नहीं हो रह पाते और आपको लगता है कि सामने वाला जो कह रहा है, वह बहुत बेहतर है और वह आपके लिए भी बेहतर है। किंतु सच तो यह है कि सभागार से बाहर निकलने के पश्चात आपके आपके घर तक पहुंचने तक वह मोटिवेशन हर क्षण कम होता हुआ, आपके अपने घर पहुंचने तक अथवा किसी और कार्य में लगने तक पूरी तरह से विदा हो चुका होता है! इस बात का यह अर्थ निकाला जा सकता है कि बाहरी मोटिवेशन कुछ क्षण भर की बात है, लेकिन अपने स्वयं के भीतर पैदा हुआ इमोशन और मोटिवेशन ही सबसे गहरी बात है। हां, यह अवश्य हो सकता है कि उस हाल में किसी को सुनकर कोई बात आपके मन को भा जाए। आपके हृदय को चुभ जाए और यह भी हो सकता है कि किसी बात से आप किसी हद तक प्रेरित हो जाएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# विवाह भारतीय समाज की मजबूती का आधार


हृदयनारायण दीक्षित

**आधुनिक** सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है। लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है। लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निमार्ता और मुखिया रहे हैं। लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतसंर्वाद व अंतसंर्गीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, ''हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।'' अग्नि देवता के चारों ओर सात चक्कर लगाने की परम्परा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, ''हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से सम्बद्ध करते हैं।'' स्तुति है कि,''हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।'' पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,''यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।'' देवों से स्तुति है कि, ''इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।'' फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, ''आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।'' प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परम्परा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं। जीवन दिक्काल के भीतर है। जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। सम्भावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमन्त, शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धों के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, ''आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है?'' युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, ''पिता आकाश से ऊंचा है।'' यक्ष ने फिर पूछा, ''पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?'' युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, ''माता पृथ्वी से भारी है। माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।'' हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## चुनाव पर चर्चा

# आयोग की कोशिश है मतदान प्रतिशत बढ़ना चाहिए


मुकुंद

**इस** समय भारत निर्वाचन आयोग का सारा ध्यान आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित है। आयोग ने इस बार अब तक के सबसे बड़े जागरुकता एवं सुविधा संबंधी उपायों को और भी अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया है। सार्वजनिक और निजी संगठनों और मशहूर हस्तियों को मतदाता संपर्क अभियानों में शामिल किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के तीसरे चरण के लिए गर्म मौसम के पूर्वानुमान की स्थिति से निपटने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। इस बारे में भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की रिपोर्ट में विस्तार से चर्चा की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान में मामूली गिरावट से आयोग चिंतित है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह चुनाव में भागीदारी के भारतीय इतिहास की दृष्टि से बेहतर है, लेकिन 2019 में स्थापित उच्च मानक से कहीं न कहीं कम ही है। इसे गंभीरता से लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने अपना सारा ध्यान मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित किया है। आयोग ने कहा है कि वह अगले पांच चरणों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी संभव उपायों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त (द्वय) ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन सदन के वरिष्ठ अधिकारियों से सतत संपर्क कर 2019 के मानक से कहीं अधिक वोटिंग फीसद बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में व्यक्तिगत रूप से चलाए गए स्वीप अभियानों की एक उल्लेखनीय विशेषता प्रमुख विभागों, कंपनियों, मशहूर हस्तियों और संगठनों का निःशुल्क सहयोग है। पिछले एक वर्ष के दौरान आयोग ने अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) को सशक्त रूप से संचालित किया है। राज्यों और जिलों ने कम मतदान प्रतिशत वाले निर्वाचन क्षेत्रों को लक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की योजना के तहत नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई स्थानीय विशिष्ट क्रियाकलाप किए हैं। आयोग ने दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया में कुछ महानगरीय शहरों में मतदान प्रतिशत में आई गिरावट को गंभीरता से लिया है। आयोग को उम्मीद है कि अगले चरणों में शहरी मतदान केंद्र में मतदान के प्रति मतदाताओं की रुचि काफी बढ़ेगी। पहले चरण के मतदान में गिरावट के बाद आयोग ने महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को अतिरिक्त योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए तीसरे और चौथे चरण में कम मतदान वाले जिलों (2019 के आंकड़ों के आधार पर) के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ अलग-अलग बातचीत की। आयोग का कहना है कि यह सुखद है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सात मई को होने वाले आम चुनाव के तीसरे चरण के लिए गर्मी को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं जताई है। मौसम सामान्य रहने का पूर्वानुमान किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत परामर्श जारी किया गया है कि मतदाताओं को गर्मी के मौसम में हर हाल में श्रेष्ठतम सुविधा मिले। आयोग के सोशल मीडिया सेल ने अभियान 'आई एम इलेक्शन एम्बेसडर' शुरू किया है। बीसीसीआई के सहयोग से आईपीएल 2024 के दौरान विभिन्न स्टेडियमों में मतदाता जागरुकता संदेश और गाने बजाए जा रहे हैं। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर द्वारा पूर्व-रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में मतदाता प्रतिज्ञा विभिन्न आईपीएल स्थानों पर दिलाई जा रही है। सभी फेसबुक यूजर्स को मतदान दिवस के लिए सतर्कता संदेश भेजा गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# स्वास्थ्य के लिए सार्वजनिक वित्तपोषण में वृद्धि

**राष्ट्रीय** स्वास्थ्य नीति (एनएचपी) 2017 में सभी के लिए किफायती व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक सार्वभौमिक पहुँच की परिकल्पना की गई है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, स्वास्थ्य अवसंरचना का निर्माण करने, सेवाओं में सुधार करने और स्वास्थ्य आश्वासन प्रदान करने के लिए इष्टतम सार्वजनिक व्यय की आवश्यकता है। हाल के वर्षों में स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाने के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता राष्ट्रीय स्वास्थ्य खातों (एनएचए) के क्रमिक आंकड़ों से स्पष्ट होती है, जिसमें 2020-21 और 2021-22 के अनंतिम अनुमान भी शामिल हैं। एनएचए के अनुमान बताते हैं कि जीडीपी के अनुपात के रूप में सरकारी स्वास्थ्य व्यय (जीएचई) में 2014-15 और 2021-22 के बीच 63% की वृद्धि हुई है, जो अभूतपूर्व है। 2014-15 में जीएचई जीडीपी के 1.13% से बढ़कर 2019-20 में 1.35% हो गया। यह क्रमशः 2020-21 में 1.60% और 2021-22 में 1.84% तक पहुँच गया। प्रति व्यक्ति के संदर्भ में, जीएचई 2014-15 और 2019-20 के बीच 1,108 रुपये से बढ़कर 2,014 रुपये हो गया। यह बढ़ता रुझान आगे भी जारी रहा और प्रति व्यक्ति सरकारी व्यय 2020-21 में 2,322 रुपये और 2021-22 में 3,156 रुपये तक पहुंच गया है, जो अनंतिम अनुमानों के अनुसार 2014-15 के स्तर का लगभग तीन गुना है। एक अन्य महत्वपूर्ण रुझान यह है कि सरकारी वित्तपोषित बीमा पर व्यय 2013-14 के 4,757 करोड़ रुपये से 4.4 गुना बढ़कर 2021-22 में 20,771 करोड़ रुपये हो गया है। यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) और राज्य स्वास्थ्य आश्वासन/बीमा योजनाओं में बढ़ते निवेश को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य पर सामाजिक सुरक्षा व्यय (जिसमें सरकार द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा, सरकारी कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति और सामाजिक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम शामिल हैं) का हिस्सा कुल स्वास्थ्य व्यय (टीएचई) के संदर्भ में 2014-15 के 5.7% से बढ़कर 2019-20 में 9.3% हो गया है। ये रुझान स्पष्ट रूप से स्वास्थ्य सेवा में बढ़ते सरकारी निवेश और एनएचपी 2017 के लक्ष्य - स्वास्थ्य सेवा खर्च में लोगों पर कम वित्तीय बोझ - की दिशा में सकारात्मक बदलाव का संकेत देते हैं। अच्छी खबर यह है कि टीएचई के हिस्से के रूप में जेब से होने वाले खर्च (ओओपीई) में लगातार गिरावट दर्ज की गयी है, जो 2014-15 के 62.6% से घटकर 2019-20 में 47.1% रह गया है। एनएचए के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, गिरावट का यह रुझान आगे भी जारी रहा है और ओओपीई की हिस्सेदारी 2020-21 में घटकर 44.4% और 2021-22 में 39.4% रह गयी है। 2014-15 के बाद, 7 वर्षों की अवधि में ओओपीई में 37% की हुई यह अभूतपूर्व कमी, हमारे नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। विशेष रूप से, कोविड 19 महामारी से प्रभावित वर्षों (यानी 2020-21 और 2021-22) के दौरान, ओओपीई में गिरावट जारी रही। वायरस के भीषण प्रभाव कारण अविश्वसनीय रूप से स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की अत्यधिक आवश्यकताओं की पृष्ठभूमि में ओओपी में कमी आना वाकई असाधारण है। यह स्वास्थ्य प्रणाली की सुदृढ़ता, सेवाओं की सुलभता और वित्तीय सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। पिछले दशक के दौरान ओओपीई में गिरावट का एक निरंतर एवं निश्चित रूझान कई कारकों के कारण संभव हुआ है। एबी पीएमजेएवाई के तहत स्वास्थ्य संबंधी आश्वासन के कवरेज से लोगों को भारी बचत हो रही है। यह अनुमान लगाया गया है कि अपनी शुरूआत के बाद से 6.5 करोड़ से अधिक मुफ्त अस्पताल में भर्ती होने के प्रावधान के जरिए एबी - पीएमएजेवाई ने लोगों को ओओपीई में 1,35,000 करोड़ रुपये की संचयी बचत प्रदान की है। लाभार्थियों को कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के लिए शल्य चिकित्सा और चिकित्सीय उपचार का लाभ हासिल करने के लिए संपत्ति उधार लेने या बेचने की जरूरत नहीं है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) के अनुसार, विशेष रूप से आंतरिक रोगी देखभाल और संस्थागत प्रसव के लिए सरकारी सुविधाओं के उपयोग में बढ़ोतरी हुई है। मुफ्त एम्बुलेंस सेवाओं, मजबूत सरकारी माध्यमिक व तृतीयक स्तर की सेवाओं और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (जिसके तहत 2016 से 2.59 करोड़ से अधिक मुफ्त डायलिसिस सत्र आयोजित किए गए हैं) ने ओओपीई के बोझ को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दवाएं और डायग्नोस्टिक्स जेब से होने वाले फुटकर खर्चों के प्रमुख कारक होते हैं। कुल 1,69,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम; स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों) सहित विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त दवाओं एव निदान सबधी सेवाओं में लगातार सुधार से आम परिवारों को बड़ी वित्तीय बचत हुई है। उपकेन्द्र एएएम 105 दवाएं और 14 नैदानिक परीक्षण निःशुल्क प्रदान करते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एएएम को 172 दवाएं और 63 नैदानिक परीक्षण मुफ्त प्रदान करने का आदेश दिया गया है। जैसा कि एएएम में अनिवार्य है, गैर-संचारी रोगों (जैसे उच्च रक्तचाप और मधुमेह) की प्रारंभिक जांच एवं मुफ्त उपचार, लोगों के स्वस्थ जीवन को लंबा करेगा और भविष्य में होने वाली जीवन के लिए घातक गंभीर जटिलताओं के इलाज पर होने वाले विनाशकारी खर्चों से बचाएगा। आज, व्यावहारिक रूप से सभी जिलों में 10,000 से अधिक जन औषधि केन्द्रों के जरिए 1,900 से अधिक गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं और लगभग 300 सर्जिकल आइटम कम कीमत पर बेचे जा रहे हैं। अनुमान बताते हैं कि 2014 से अब तक इस योजना से उपभोक्ताओं को 28,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। इसी तरह, कोरोनरी स्टेंट, आर्थोपेडिक घुटने के प्रत्यारोपण, कैंसर की दवाओं और अन्य आवश्यक दवाओं के मूल्य विनियमन से लोगों को प्रति वर्ष 27,000 करोड़ रुपये की बचत होती है। क्रमबद्ध तरीके से प्रायः सभी आर्थिक सर्वेक्षणों में सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी व्यय में वृद्धि की प्रवृत्ति की भी रिपोर्ट की गई है। सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में, यह वित्त वर्ष 2020-21 में 1.6 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2021-22 (संशोधित अनुमान) में 2.2 प्रतिशत था। स्वास्थ्य सेवाओं और वस्तुओं पर व्यय के अलावा, आर्थिक सर्वेक्षणों के अनुमानों में स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण सामाजिक निर्धारकों, अर्थात जल आपूर्ति और स्वच्छता पर खर्च को भी शामिल किया गया है। सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता का स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। 2019 में जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय केवल 3.23 करोड़ (कुल 19.4 करोड़ में से) ग्रामीण परिवारों (यानी 17 प्रतिशत) के पास नल के पानी की पहुंच थी। अब तक, 14.7 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों (यानी 76 प्रतिशत) के पास घरेलू नल कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक बार जब हर ग्रामीण घर में नल का पानी उपलब्ध हो जाता है, तो इससे 5 साल की अवधि में कुल 4 लाख लोगों की जान बच जाएगी। इसी तरह, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अनुमान लगाया है कि स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) - ग्रामीण के के तहत ग्रामीण भारत खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) होने से, 2014 और अक्टूबर 2019 के बीच 3,00,000 से अधिक मौतों (दस्त और प्रोटीन-ऊर्जा कुपोषण के कारण) से बचाव संभव हुआ है। सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि के रुझान और आम लोगों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर व्यय के बोझ में लगातार कमी के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं पर सरकारी व्यय और स्वास्थ्य सेवा पर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की बढ़ती हिस्सेदारी, एक अधिक प्रगतिशील स्वास्थ्य प्रणाली की ओर सकारात्मक कदम का संकेत देती है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (जिसका उद्देश्य मेडिकल कॉलेज और नए एम्स बनाना है), प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (गंभीर देखभाल इकाइयां आदि बनाने के लिए) और आपातकालीन प्रत्युत्तर तथा स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज (जिसका उद्देश्य बाल चिकित्सा और वयस्क आईसीयू आदि विकसित करना है) जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर के समर्थन को लेकर मिलने वाली धनराशि से देश के स्वास्थ्य संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिल रही है। इसके अलावा, 15वें वित्त आयोग के तहत स्थानीय निकायों को स्वास्थ्य अनुदान (70,000 करोड़ रुपये की राशि) भी प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली में डाला जा रहा है। इन पूंजीगत व्यय के बल पर न केवल देश में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का निर्माण संभव हो रहा है, बल्कि सरकार द्वारा दीर्घावधि में राजस्व व्यय में भी वृद्धि होगी। साथ ही, केंद्र और राज्यों द्वारा समग्र सरकारी स्वास्थ्य व्यय में और वृद्धि होगी। भारत की स्वास्थ्य प्रणाली निकट भविष्य में व्यापक स्वास्थ्य कवरेज को वास्तविकता बनाने के लिए सुधार-निष्पादन-परिवर्तन के पथ पर अग्रसर है। इस प्रयास में, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सरकारी वित्तपोषण में वृद्धि और आम लोगों द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च के बोझ में कमी के हालिया रुझान सही दिशा में हैं।

**- डॉ. विनोद के पॉल नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) हैं। लेख में व्यक्त किए गए विचार लेखक के निजी हैं।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी को देश के किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित बताया और कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा। कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा।

## गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का होगा कर्ज माफ : अखिलेश



**बदायूं।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को बदायूं में कहा कि भाजपा सरकार ने किसनों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसान लागत लगाने और मेहनत करने के बाद भी खुशहाल नहीं हो पा रहा है। किसनों की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

## ईवीएम ठीक रही तो जुमलेबाजी काम नहीं आएगी : मायावती



**आगरा।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि यह चुनाव फेयर हुआ और ईवीएम ठीक रही तो इनकी कोई गारंटी, जुमलेबाजी काम नहीं आएगी। भाजपा ने अच्छे दिन का जो वादा किया, वो दिखते नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस आने वाली नहीं। बस शर्त रहे कि ये चुनाव फ्री और फेयर हो। वोटिंग मशीन में कोई गड़बड़ी नहीं की जाती है तो इनकी कोई जुमलेबाजी काम नहीं आएगी।

## राहुल वायनाड और रायबरेली दोनों जगह से हारेंगे : गौरव भाटिया



**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि शहजादे डरकर भाग रहे हैं। कल राहुल गांधी नामांकन करते समय थर-थर कांप रहे थे। मम्मी-मम्मी कर रहे थे। राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली से भी हारेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि स्मृति ईरानी के सामने पार्ट टाइम बालक क्या लड़ते। इसलिए वह अमेठी छोड़कर भाग गये और सेफ सीट की तलाश में रायबरेली पहुंच गये।

# जिन्हें जिहाद से है प्यार, वे पाकिस्तान जाएं : सीएम योगी

## भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जिहाद की नहीं

### जिनके आकाओं ने पहले देश बांटा आज यही लोग जिहाद की बात कर रहे हैं



**एजेंसी। फरुर्खाबाद**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जिहाद की बात करने वालों को शर्म आनी चाहिए। इनके आकाओं ने पहले देश का बंटवारा किया था और आज ये लोग जिहाद की बात कर लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। सीएम ने चेतावनी दी कि जिहाद से प्यार है तो भूखे मरने वाले भिखमंगे पाकिस्तान के पास जाइए, जो दो जून रोटी के लिए तरस रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरुर्खाबाद से सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के लिए शनिवार को जनसभा कर वोट मांगा। कांग्रेस व बसपा पर हमलावर सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों के हकों पर डकैती डाली और दिव्यांगों को भी नहीं छोड़ा, ऐसे लोगों को जिहाद की बात याद आने लगी है। वे जान लें कि भारत की धरती राम-कृष्ण की है, जिहाद की नहीं।

सीएम ने कहा कि आपने 2014 के पहले और बाद का भारत देखा है। तब देश आतंकवाद व नक्सलवाद से त्रस्त था। गरीबों को शासन की योजनाएं नहीं मिल पाती थी। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लगती थी, वे हर योजना में भ्रष्टाचार करते थे। सीएम योगी ने भारत व उप्र के विकास की चर्चा की और कहा कि 2022 में यहां आकर कहा था कि गंगा मैया पर बनने वाला पुल जल्द शुरू होगा। अब कार्य प्रारंभ हो चुका है। पहले नारा लगता था कि फरुर्खाबादी चूसे गन्ना, लेकिन अब फरुर्खाबाद को एक्सप्रेसवे से जोड़ने की कार्रवाई आगे बढ़ा दी है।

## प्रधानमंत्री पर राहुल की टिप्पणी से रायबरेली में आक्रोश, चुनाव आयोग से हस्तक्षेप की मांग

**रायबरेली ।** राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई अभद्र टिप्पणी पर उनके निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली में खासा आक्रोश है। लोग इस तरह की टिप्पणियों की न केवल निंदा कर रहे हैं बल्कि चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने द्वारका में समुद्र के अंदर जाने और दर्शन करने को ड्रामा बताया था। डलमऊ बड़ा मठ के महंत महामंडलेश्वर स्वामी देवेन्द्रानंद गिरी ने कहा कि यह बिल्कुल ही अनुचित,अशोभनीय बयान है। सनातन स्थलों को लेकर इस तरह के बयान न केवल निंदनीय है बल्कि निर्वाचन आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता इसका जवाब उन्हें देगी। सेवानिवृत्त इंजीनियर अवधेश नारायण त्रिपाठी कहते हैं कि राहुल की बेतुकी और अमर्यादित टिप्पणियों के कारण ही कांग्रेस की यह हालत हुई है। पार्टी को इस विषय पर चिंतन करना चाहिए। त्रिपाठी के अनुसार प्रधानमंत्री के पद की एक गरिमा है, जिसका ख्याल सभी को रखना चाहिए.राजनीति में सभी को अपनी गरिमा बनानी चाहिए। क्योंकि जनता सब देख रही है। वरिष्ठ साहित्यकार योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का ध्यान अपनी पार्टी की ओर नहीं है, वह हर बात पर जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी को घेरते हैं और असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हैं,वह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। जनता का समर्थन इससे नहीं मिलता बल्कि उन्हें जनता के बीच जाकर अपनी बात रखनी चाहिए।

# भारत खुले विचारों वाले लोगों का देश सबका होता है सत्कार : जयशंकर

### बाइडेन ने कहा था, जेनोफोबिक प्रकृति भारत की आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री डॉ सुब्रमण्यम जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के भारत को लेकर दिए गए बयान का खंडन किया है। बाइडेन ने भारत को जेनोफोबिक कहा था। इस पर जयशंकर ने कहा कि भारत खुले विचारों वाले लोगों का देश है और अपने आतिथ्य सत्कार के लिए जाना जाता है। पिछले 2 अप्रैल को बाइडेन ने कहा था कि अमेरिका अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करता है इसलिए हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती है। वहीं भारत, चीन, जापान और रूस की जेनोफोबिक प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। यह देश अधिक आप्रवासन स्वीकार करें तो यह आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस पृष्ठभूमि पर एक न्यूज कार्यक्रम में एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया के इतिहास में भारत हमेशा से जरूरतमंदों की मदद करने वाला देश रहा है। विभिन्न समुदायों के लोग भारत आते हैं और यही बात हमारे देश को विशेष बनाती है। दुनिया के इतिहास में भारत हमेशा से जरूरतमंदों की मदद करने वाला देश रहा है। भारत खुले विचारों वाले लोगों का देश है और अपने आतिथ्य सत्कार के लिए जाना जाता है।

## करीना कपूर को बनाया गया यूनिसेफ का नेशनल एंबेसडर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री करीना कपूर को यूनिसेफ का नेशनल एंबेसडर बनाया गया है। शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में यूनिसेफ इंडिया के कार्यक्रम में करीना को राष्ट्रीय एम्बेसडर बनाया गया। इस मौके पर अभिनेत्री करीना कपूर ने कहा कि वे इस सम्मान को पाकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान को पाकर वो बहुत सम्मानित महसूस कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने दस साल इंतजार किया है और सभी के साथ बहुत मेहनत की है। यह अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे मैं दिल से स्वीकार कर रही हूं। करीना ने आगे कहा कि हमने बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने और सभी बच्चों के लिए समान भविष्य के लिए आवाज बनने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और दोहरा रहे हैं।

## पाकिस्तान के राहुल प्रेम पर कांग्रेस में चुप्पी : सुधांशु



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने नए ट्वीट में एक बार फिर राहुल प्रेम का इजहार किया है। फवाद चौधरी के इस ट्वीट पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधते हुए कांग्रेस पार्टी से पूछा कि इस प्रेम को क्या कहते हैं। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने पुलवामा के शहीदों का अपमान किया और राहुल गांधी के लिए प्यार बरसा रहा है। कांग्रेस पार्टी इस पर चुप्पी क्यों साधे बैठी है। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद और पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने हाल ही में वही कहा जो विपक्ष (भारत में) कहता है, यानी भारत में भाजपा की सरकार नहीं आनी चाहिए, मोदी को हारना चाहिए। उन्होंने अपील की कि लोग फवाद चौधरी के ट्वीट को देखें और भाषा की तुलना विपक्ष (भारत में) द्वारा कही गई बातों से करें। आज, एक नए ट्वीट में फवाद चौधरी ने गांधी परिवार के प्रति अपना प्यार व्यक्त किया है। 'राहुल साहब' शब्द का इस्तेमाल किया है।

## पाकिस्तान से आए श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** पाकिस्तान से आए ढाई सौ श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को यहां श्री रामलला के दर्शन किये। पड़ोसी देश के सिन्ध प्रांत के 34 जिलों से आए इन भक्तों ने हनुमान गढ़ी में भी हाजिरी लगाई और सरयू आरती में भी शामिल हुए। रामलला के दरबार में जब पाक श्रद्धालु पहुंचे तो अधिकांश भाव-विभोर हो उठे। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने बताया कि रामलला से प्रार्थना की है कि भारत और पाकिस्तान के रिश्ते जल्द से जल्द बेहतर हों। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के सिंध प्रान्त के सक्खर, सांगण, कंथकोट, चिचड़ा, पैनो, बैजी, पीतापिन, मैसरा, भैलारी आदि स्थानों से सिन्धी समाज के ढाई सौ लोग शादानी दरबार की अगुवाई में तीर्थ यात्रा पर भारत आए हुए हैं।

## भाजपा उम्मीदवार के काफिले में फायरिंग की आवाज को पुलिस ने बताया अफवाह



**गोंडा।** उत्तर प्रदेश की वीआईपी सीट में शुमार कैसरगंज संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले के दौरान फायरिंग की आवाज का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस ने फायरिंग की बात को अफवाह करार दिया है। पुलिस ने पटाखे की आवाज बताते हुए एक वीडियो भी जारी किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार का शनिवार को जब काफिला निकला तो तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के बेलसर (रगड़गंज) बाजार इलाके में लोगों से भेंट कर रहे थे, तभी किसी ने 12 आवाज वाला पटाखा दाग दिया। उस समय मौजूद लोगों ने भी फायरिंग जैसी बात से इनकार किया है। उन्होंने बताया किसी ने फायरिंग की आवाज की अफवाह फैला दी और वीडियो वायरल किया है जो कि झूठ है।

## भारतीय नाविक 35 दिनों बाद भी बाल्टीमोर में फंसे हैं



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के बाल्टीमोर बंदरगाह के पास ब्रिज से मर्चेंट शिप के टकराने की घटना के 35 दिनों बाद भी बाद भारतीय नाविक जहाज में ही फंसे हैं। बाल्टीमोर में 26 मार्च की सुबह एक कंटेनर जहाज ब्रिज से टकरा गया था। इस दुर्घटना में ब्रिज पर काम कर रहे छह लोगों की मौत हो गई थी। तब से ही चालक दल के 20 भारतीय सदस्य 35 दिनों के बाद भी जहाज पर ही हैं। चालक दल का एक सदस्य जो घायल हो गया था, उसका तट पर ही उपचार किया गया और वह अगले दिन जहाज पर लौट आया। यदि उस रात सब कुछ सही रहा होता, तो वे सोमवार या मंगलवार तक कोलंबो में होते।

फ़्लूएंट कार्गो कंपनी का कहना है कि वह जमीन, हवा और समुद्र से ग्राहकों के लिए माल ढुलाई की योजना बना रही है। एक कंटेनर जहाज को बाल्टीमोर से कोलंबो पहुंचने में करीब 33 दिन और 21 घंटे लगेंगे। मार्च में जहाज ने स्कॉट ब्रिज के एक पिलर को टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया। यह 50 साल पुरानी संरचना थी। इस ब्रिज से हर दिन हजारों वाहन गुजरते थे। अमेरिकी एजेंसियों जांच कर रही हैं। टक्कर से पुल टूट गया और सभी मालवाहक जहाजों का मार्ग अवरुद्ध हो गया। चालक दल जहाज पर है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और तटरक्षक बल के समुद्री जांच बोर्ड द्वारा चल रही अलग-अलग जांच के अलावा एफबीआई ने घटना की आपराधिक जांच शुरू की है।

## आज का राशिफल

**मेष:** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**वृषभ:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ।

**सिंह:** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं।

**कन्या:** आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

**तुला:** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक:** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

**धनु:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा।

**मकर:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कुम्भ:** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मीन:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

# यूपी में सियासत की विरासत को आगे बढ़ा रही बेटियां

## कुछ खुद मैदान आजमा रहीं किस्मत तो कुछ माता-पिता की कर रहीं मदद



**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों की बेटियां अपनों की सियासत की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। किसी ने अपने माता पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी अपने कंधों पर उठाई है तो कोई खुद चुनावी मैदान में उतर कर परिवार का मान सम्मान बढ़ाने में लगी हैं। इस मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) अन्य पार्टियों से आगे है। सपा ने बेटियों को लोकसभा का टिकट देकर उन पर अपना विश्वास जताया है। प्रस्तुत है कुछ प्रमुख बेटियों का राजनीतिक सफर :

पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी रहे बेनी वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को समाजवादी पार्टी ने गोंडा से टिकट दिया है। दिल्ली के रामजस कॉलेज से इकोनॉमिक्स में ऑनर्स करने वाली श्रेया वर्मा ने राजनीति की शिक्षा अपने बाबा और पिता से ली है। श्रेया के पिता राकेश वर्मा भी विधायक और राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं। वह कुछ साल पहले सपा में आईं।

सुरक्षित सीट मछलीशहर से समाजवादी पार्टी ने अधिवक्ता प्रिया सरोज को टिकट दिया है। ये तीन बार के सांसद और वर्तमान 2022 में मछलीशहर की केराकत सीट से विधायक तूफानी सरोज की पुत्री हैं। कानून की पढ़ाई करने वाली प्रिया ने अब लोकसभा का रास्ता अख्तियार करने के लिए राजनीति का रास्ता चुना है।

पश्चिमी यूपी की कैराना लोकसभा सीट से पूर्व सांसद मुनव्वर हसन की बेटी इकरा हसन को सपा ने चुनाव मैदान में उतारा है। इकरा हसन पिछले कई सालों से कैराना क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय हैं। वह पूर्व सांसद तबस्सुम हसन की बेटी हैं और कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन उनके बड़े भाई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव मैनपुरी से चुनाव मैदान में हैं। मैनपुरी से यह उनकी दूसरी पारी है। इस बार उनकी बेटी अदिति यादव भी मां के लिए जनता के बीच जाकर वोट मांग रहीं हैं। अदिति के प्रचार-प्रसार से डिंपल यादव को मतदाताओं का काफी सपोर्ट मिल रहा है।

# पाकिस्तान में पहली बार योग की हुई एंट्री



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

दुनिया भर में अपनी छाप छोड़ने के बाद, योग ने अब कट्टर इस्लामिक देश पाकिस्तान में एंट्री ली है। योग भारत की एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कला है। कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीडीए) के खेल और संस्कृति विभाग ने राजधानी इस्लामाबाद में निवासियों के लिए कंप्लीमेंट्री योग सत्र का आयोजन किया। सीडीए के फेसबुक पेज के मुताबिक, यह कार्यक्रम 2 मई को इस्लामाबाद के एफ-9 पार्क में आयोजित किया गया था। सीडीए के इस्लामाबाद डिवीजन ने फेसबुक पर लिखा, इस्लामाबाद मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन ने एफ-9 पार्क में मुफ्त योग कक्षाएं शुरू की हैं! स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए कई लोग पहले ही शामिल हो चुके हैं। सीडीए ने आगे लिखा लेकिन सिर्फ योग ही सबकुछ नहीं है! खेल, संस्कृति और पर्यटन निदेशालय भी एफ-6 और जी-11 बहुउद्देश्यीय ग्राउंड में बास्केटबॉल, लॉन टेनिस और फुटसल के लिए कोचिंग कक्षाओं की घोषणा करते हुए रोमांचित है। 7 से 16 वर्ष की आयु के लड़के और लड़कियाँ विशेषज्ञ मार्गदर्शन के तहत अपने कौशल को निखार रहे हैं, हमारे समुदाय में टीम वर्क और एथलेटिकवाद की भावना को बढ़ावा दे रहे हैं।

# न्यूज बॉक्स

## तिहाड़ जेल में एक कैदी की हत्या अफगानी कैदी पर आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिहाड़ जेल में खाने को लेकर हुए विवाद में एक 29 वर्षीय कैदी की एक अन्य कैदी ने हत्या कर दी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। घटना जेल नंबर 3 में हुई जहां मृतक कैदी सेवादार के रूप में काम करता था। उसकी पहचान शकूरपुर निवासी दीपक के रूप में हुई है। वह डकैती और हत्या के एक मामले में जेल में बंद था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने विवरण साझा करते हुए कहा कि शुक्रवार को हरि नगर थाने को डीडीयू अस्पताल से एक विचाराधीन कैदी को मृत अवस्था में वहां लाये जाने की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त ने कहा, उसकी छाती पर किसी धारदार हथियार से एक घाव का निशान था। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट को सूचना दे दी गई है और सीआरपीसी की धारा 176 के तहत कार्यवाही के लिए एक मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है।

## कट्टे के साथ रील बनाते दोस्त की हत्या करने वाला नाबालिग गिरफ्तार



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने कथित तौर पर इंस्टाग्राम पर फेमस होने के लिए कोटा में अपने दोस्त की हत्या के आरोप में शुक्रवार को एक नाबालिग को उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया। दो दिन पहले कोटा में एक छात्र की देसी कट्टे के साथ रील बनाते हुए गलती से गोली चलने से मौत की खबर आई थी। रील इंस्टाग्राम पर लोड करने के लिए बनाई जा रही थी। बाद में उसके परिवार वालों ने आरोप लगाया था कि यह पूरी योजना के साथ की गई हत्या है। कोटा के महावीर नगर इलाके की पुलिस ने शुक्रवार को एक नाबालिग को देसी कट्टे से अपने दोस्त को जानलेवा तरीके से घायल करने के लिए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के साथियों अजय साल्वी और दीपक प्रजापति उर्फ 'लड्डू शूटर' को भी कोटा से गिरफ्तार किया गया है।

## दिल्ली पुलिस और एनएसजी की स्कूलों में मॉक ड्रिल जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में स्कूलों के अंदर बम की धमकी मिलने के बाद से पुलिस और एनएसजी की टीम का लगातार मॉक ड्रिल और सर्च अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) टीम के साथ मिलकर अलग-अलग स्कूलों में मॉक ड्रिल की जा रही है, जो शनिवार को भी जारी रही। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरके पुरम स्थित डीपीएस स्कूल में मॉक ड्रिल की गई और यह आगे भी जारी रहेगी। टीम ने कश्मीरी गेट और नई संसद भवन सहित राष्ट्रीय राजधानी में कई स्थानों पर शुक्रवार को भी इसे जारी रखा था। ज्ञात हो कि 1 मई (बुधवार) को सुबह 5:47 बजे से दोपहर 2:13 बजे तक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर विभिन्न स्कूलों से कुल 125 बम धमकी कॉल पुलिस को मिली थीं। जिसके बाद से पुलिस अलर्ट मोड पर है। मेट्रो स्टेशनों, स्कूलों, मंदिरों और सरकारी भवनों जैसे विभिन्न स्थलों पर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया जा रहा है। बीते गुरुवार को यह मामला दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट को सौंप दिया गया था।

## उदयनिधि स्टालिन को तमिलनाडु का डिप्टी सीएम बनाएगी द्रमुक



**चेन्नई ।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन को राज्य का उपमुख्यमंत्री नियुक्त करेगी। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी ने 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद उदयनिधि को राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत करने का फैसला पहले ही ले लिया है। लोकसभा चुनावों में उदयनिधि ने ही द्रमुक के लिए पूरे तमिलनाडु में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तीखे हमले किए।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, गिरफ्तार

**धारवाड़।** कर्नाटक के धारवाड़ शहर में शनिवार को 'लव जिहाद' मामले के एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। आरोपी की पहचान हुबली शहर के ईश्वर नगर निवासी सद्दाम हुसैन लिम्बुवाले (19) के रूप में हुई है। 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में सद्दाम हुसैन के खिलाफ हुबली शहर के नवानगर थाने में केस दर्ज किया गया था। तब से ही वह फरार चल रहा था। हुसैन ने गिरफ्तार करने वाले इंस्पेक्टर संगमेश और कांस्टेबल अरुण पर चाकू से हमला का प्रयास कर भागने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें एक गोली उसके पैर में लग गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की के माता-पिता ने कहा कि हुसैन ने नाबालिग लड़की से दोस्ती की। पहले उसे संबंध बनाने के लिए मजबूर किया और फिर उसका यौन शोषण करना शुरू कर दिया। जब लड़की ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। जब परिजनों को पता चला कि उनकी बेटी को आरोपी ने गर्भवती कर दिया है, तो उन्होंने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार), 506 (आपराधिक धमकी) के तहत केस दर्ज कराया।

## रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले में और जांच करेगी तेलंगाना पुलिस

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने शुक्रवार को घोषणा की कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के रिसर्च स्कॉलर रोहित वेमुला की आत्महत्या के मामले में वह आगे और जांच करेगी क्योंकि उसके परिवार के सदस्यों ने अब तक की जांच तथा पुलिस द्वारा अदालत में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर संदेह व्यक्त किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रवि गुप्ता ने एक बयान में कहा कि मामले में आगे और जांच करने का फैसला किया गया है। संबंधित अदालत में याचिका दायर कर मजिस्ट्रेट से केस की आगे जांच के लिए अनुमति मांगी जाएगी। इससे पहले यह बात सामने आई कि पुलिस ने रोहित वेमुला के मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित वेमुला को पता था कि वह अनुसूचित जाति से नहीं है और उसकी मां ने उसे एससी प्रमाण पत्र दिलाया था। इसे लेकर उसके मन में डर था क्योंकि इसके उजागर होने से उसे अपनी शैक्षणिक डिग्रियां खोनी पड़ेंगी और अभियोजन का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। मृतक को कई अन्य मुद्दे परेशान कर रहे थे, जो उसे आत्महत्या करने के लिए प्रेरित कर सकते थे। पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट में सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी गई है। तत्कालीन सिकंदराबाद के सांसद बंडारू दत्तात्रेय, एमएलसी एन रामचंदर राव और हैदराबाद विश्वविद्यालय के वीसी अप्पा राव के अलावा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और एबीवीपी नेताओं को दोषमुक्त करार दिया गया।





# एलएसजी के सामने केकेआर की मजबूत होगी चुनौती

**एजेंसी। लखनऊ**

इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा। मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गये है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। टीम आखिरी ओवर में सिर्फ चार विकेट से जीत हासिल कर सकी।



कप्तान राहुल और हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस ने एलएसजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और यह देखना होगा कि क्या दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी क्विंटन डिकॉक को युवा अर्शिन कुलकर्णी के स्थान पर वापस लाया जाता है। कुलकर्णी ने पिछले मैच में पारी की शुरूआत की थी। निकोलस पूरन ने इस सत्र में अब तक अर्धशतक नहीं बनाया है लेकिन उन्होंने कई मौके पर आखिरी ओवर में टीम के लिए तेजी से रन बनाए हैं। वह हालांकि मुंबई के खिलाफ रन बनाने में संघर्ष करते दिखे जिससे उनका फिनिशिंग कौशल' सवालों के घेरे में है।

आयुष बडोनी भी इस सत्र में एकाध मैच छोड़ कर प्रभावित करने में विफल रहे है। वह केकेआर के खिलाफ लय हासिल करना चाहेंगे। लखनऊ की टीम के गेंदबाजों को केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। टीम को तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मयंक यादव की सेवाएं नहीं मिलेंगी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है।

लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), दीपक हुडा, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, कुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, यश ठाकुर, मोहसिन खान, शमर जोसेफ

कोलकाता नाइट राइडर्स : सुनील नारायण, फिल साल्ट (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती

# छह ओवर में मात्र आठ रन पर ढ़ेर हुई कोडरमा की टीम

**पाकुड़।** पाकुड़ में खेले जा रहे जेएससीए वीमेंस अंडर 15 मुकाबले में शनिवार को रांची ने कोडरमा टीम को 6.3 ओवर में मात्र 8 रन पर आउट कर 278 रनों से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने 20 ओवरों में 286 रन बनाए। रिद्धिमा गौतम ने 132, रागिनी ने 62 और गुरलीन ने 23 रन की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी कोडरमा की पूरी टीम मात्र 6.3 ओवर में 8 रन पर ही ढ़ेर हो गई। शानवी ने 7 रन देकर 6 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच रिद्धिमा को चुना गया।

**मैन ऑफ द मैच रही रिद्धिमा**

**रांची ने कोडरमा को 278 रनों से हराया**




## आईपीएल इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने पीयूष चावला



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। चावला ने पावरप्ले के बाद पहली गेंद पर खतरनाक रिंकू सिंह को आउट किया, जिससे वह ड्वेन ब्रावो से आगे निकल गए और 184 विकेट लेकर दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। राजस्थान रॉयल्स के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल इस लीग के इतिहास में 200 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के पूर्व तेज गेंदबाज ड्वेन ब्रावो 123 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 178 विकेट लेकर चौथे स्थान पर हैं।

## झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग मैच का लिया आनंद



**रांची।** झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, और झारखंड सरकार के खेल विभाग के निदेशक श्री सुशांत गौरव ने शनिवार को रांची में चल रहे राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 ( चरण 1) के तहत हॉकी मिजोरम और मणिपुर हॉकी के बीच खेले गए रोमांचक मैच का अवलोकन किया। यह हाई-ऑक्टेन मुकाबला शहर के मध्य में स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ। यह हाई-प्रोफाइल मैच रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया गया था। भारतीय हॉकी के महासचिव श्री भोला नाथ सिंह ने गणमान्य व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें गुलदस्ते और स्मृति चिन्ह भेंट किए। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में अब तक दोनों टीमों ने तीन-तीन मैच खेले हैं और उन्हें अभी तक जीत का खाता नहीं खोला है। आज का मैच टूनामेंट में अपनी पहली जीत हासिल करने के उनके दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। झारखंड सरकार राज्य में हॉकी को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग जैसे प्रतिष्ठित टूनामेंटों की मेजबानी करने की प्रबल समर्थक रही है। आज के मैच में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति राज्य की महत्वाकांक्षी महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## रांची जिला वुशु प्रतियोगिता आज

रांची। रांची जिला वुशु प्रतियोगिता का आयोजन आज बिरसा मुंडा स्टेडियम के वुशु हॉल में किया जायेगा। इस 20 वी वुशु प्रतियोगिता में रांची जिले के विभिन्न स्कूलों और कलबों के खिलाडी और अधिकारी भाग लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए रांची जिला वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र दुबे ने बताया की प्रतियोगिता के आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। प्रतियोगिता प्रातः 9 बजे प्रारम्भ होंगी और इसका समापन अपराह्न 4 बजे होगा।




## यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष टीम घोषित, रोहित कप्तान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को 20 से 29 मई 2024 के बीच यूरोप दौरे पर जाने वाली भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। इस दौरे पर टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड्स क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ तीन देशों में पांच मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया की पहल के तहत भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी, ताकि टीम को अनुभव प्राप्त करने में मदद मिल सके। वे अपना पहला मैच 20 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे, उसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी। इसके बाद भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी, उसके बाद 28 मई को जर्मनी के खिलाफ जर्मनी में खेलेगी। टीम 29 मई को अपने दौरे के अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी। टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी को उनका डिप्टी बनाया गया है। कप्तान रोहित ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "हम अपने कैंप में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं और एक-दूसरे के खेल को बेहतर तरीके से समझ रहे हैं। दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना शानदार होगा, इससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने और इस तरह के अनुभव के माध्यम से बेहतर होने में मदद मिलेगी।

# ओलंपिक में शामिल होगा योगासन : डॉ. जयदीप

**▸▸ विनीत कुमार ने कहा की योग शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक रूप से हमारा विकास होता है साथ में एकता भाव भी हमारे बीच विकसित होता है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चौथा राष्ट्रीय योगासन जज प्रोग्राम लेवल 1,2,2+का आयोजन योगासान भारत के तत्वावधान मैं 29 अप्रैल से 3 मई तक साई एन एस एन आई एस पटियाला में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विनीत कुमार साइ कार्यकारी निदेशक एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 180 से भी अधिक सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश से आये जजों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जो योगासन खेल से संबंधित आने वाली प्रतियोगिताओं




में जजिंग का कार्य करेंगे। जिसमें स्टेट प्रतियोगिता, नेशनल योगासन प्रतियोगिता, खेलो इंडिया प्रतियोगिता, योगासन खेल से संबंधित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। जिसमें योगासन प्रतियोगिता में होने वाली बारीकियों के बारे में और तकनीकी जानकारी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया और योगासन भारत द्वारा योगासन खेल को 12 इवेंट में कराया जाता है योगासन सत्र के दौरान ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना, प्रवीण और उनके कोच द्वारा भी उनके बॉक्सिंग खेल मैं कितना सुधार उन्होंने किया आसन, प्राणायाम, ध्यान के माध्यम से इसके बारे में बॉक्सर खिलाड़ी लवलीना ने विस्तार पूर्वक बताया उन्होंने कहा योग से हमारा शरीर फ्लैक्सिबल रहता है सूर्य नमस्कार से हमारा वार्मअप हो जाता है मेडिटेशन और प्राणायाम से हम कंसंट्रेट रहते हैं और हमारी इम्यूनिटी पावर बढ़ जाती है इसलिए प्रत्येक खेल के खिलाड़ी को अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करना चाहिए। वही योगासन भारत के महासचिव डॉक्टर जयदीप आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा योगासन खेल बहुत जल्द ही ओलंपिक में शामिल किया जायेगा। जिससे हमारे भारत के समस्त योग के खिलाड़ी हमारे राष्ट्र के लिए मेडल जीतकर योग खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पूरे विश्व में अपने देश का नाम रोशन कर सकेंगे, समापन सत्र के दौरान साई कार्यकारी निदेशक विनीत कुमार ने कहा की योग से हम शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक रूप से हमारा विकास होता है साथ मैं ही एकता भाव भी हमारे बीच विकसित होता है। योगाचार्य महेश पाल ने जानकरी देते हुए बताया कि इस प्रोग्राम में विशिष्ट अतिथि डॉ संजय मालपानी उमंग डॉन, डॉ एम निरंजन, सी वी जयंती, डॉ आरती पाल ,योगासन भारत कोषाध्यक्ष रचित कौशिक कार्यकारी परिषद के सदस्य रोहित कौशिक साईं एनएस, एनआईएस में योगासन के मुख्य प्रशिक्षक डॉ सी के मिश्रा, शमील मोन, अभिजित बोष,एवं श्रेयस मार्तं, पारुल शर्मा आदि शामिल थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### केंद्र ने प्याज के निर्यात से हटाया प्रतिबंध, न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध हटा दिया है। इसके साथ ही सरकार ने प्याज के निर्यात का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया जा रहा है। अधिसूचना के मुताबिक प्याज के निर्यात नीति को प्रतिबंधित से बदल कर मुक्त विषय में लाया जा रहा है। इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन होगा। इससे पहले देर रात केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए इसके निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। दरअसल, सरकार ने पिछले साल अगस्त में प्याज के निर्यात पर आंशिक तौर पर रोक लगाते हुए 31 दिसंबर, 2023 तक इसके निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगाया था। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने करीब छह महीने बाद प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया है। सरकार का यह कदम महाराष्ट्र के व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत है क्योंकि यहां प्याज की फसल का एक बड़ा हिस्सा होता है।

### सेबी का अडाणी समूह की छह कंपनियों को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अडाणी समूह की कम से कम छह कंपनियों को कारण बताओ नोटिस भेजा है। सेबी ने इनको यह नोटिस संबंधित पक्ष लेन-देन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए जारी किया है। शेयर बाजार को दी गई सूचना में इन कंपनियों ने इसका खुलासा किया है। समूह की इन कंपनियों में अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं।

### कोटक बैंक का मार्च तिमाही में मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान किया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये रहा है। बैंक के निदेशक मंडल ने पांच रुपये अंकित मूल्य वाले प्रति इक्विटी शेयर पर 2 रुपये के लाभांश देने की सिफारिश की है। कोटक महिंद्रा ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये रहा है।

# एआई वॉयस क्लोनिंग बना रहा है आपकी आवाज की कॉपी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आधुनिक दुनिया में तकनीकी उन्नति का जादूगर है, जिसने मानवता को अनगिनत सुविधाएं दी हैं। इसमें से एक महत्वपूर्ण सुविधा है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस । इसके द्वारा हम अनेक कार्यों को सरल और तेजी से कर सकते हैं। लेकिन, कुछ अवैध उपयोग की वजह से, आई वॉयस क्लोनिंग स्कैम जैसे मुद्दे सामने आए हैं, जिनसे बचना महत्वपूर्ण है।

**▸▸ वॉइस क्लोनिंग क्या है?**

इसका मतलब है किसी व्यक्ति की आवाज को अन्य व्यक्ति के द्वारा उत्पन्न किया जाना। आई वॉयस क्लोनिंग का अर्थ है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके किसी की आवाज को क्लोन करना। यह तकनीक आमतौर पर शोषण, धोखाधड़ी,



और अन्य अपराधों के लिए उपयोग की जाती है।

आई वॉयस क्लोनिंग स्कैम ने तकनीकी विश्व को चुनौतियों का सामना कराया है। इससे लोगों के विश्वास को खो दिया जा सकता है, क्योंकि अब वे आवाज के माध्यम से भी धोखे में आ सकते हैं। इस आर्टिकल में, हम आई वॉयस क्लोनिंग स्कैम से बचने के कुछ उपायों पर चर्चा करेंगे।

**▸▸ सतर्कता और शिक्षित रहें :**

सबसे पहले, हमें सतर्क रहना और अपने आसपास के तकनीकी माध्यमों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आवाज के माध्यम से किसी भी प्रकार की सहायता के लिए, हमें सतर्क रहना और सत्यापित स्रोतों का उपयोग करना चाहिए।

**▸▸ आशंका जाँच:**

जब हम किसी आवाज को सत्यापित करते हैं, तो हमें उसकी फेक होने की जाँच भी करनी चाहिए। कई बार, आवाज क्लोनिंग स्कैम में, धोखेबाज व्यक्ति की आवाज की आशंका होती है।

**▸▸ तकनीकी सुरक्षा :**

अपने तकनीकी डिवाइसेज को सुरक्षित रखना बहुत महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षा अपडेट को समय-समय पर करना, मलवेयर से अपने डिवाइस को सुरक्षित रखना, और केवल प्रमाणित वेबसाइटों से ऐप्स डाउनलोड करना चाहिए।

**▸▸ आधिकारिक संपर्क :**

कभी-कभी, यह भी अच्छा होता है कि हम स्पष्टीकरण के लिए आधिकारिक संपर्क प्राप्त करें। यदि हमें कोई संदेश या कॉल संदेश आता है और हमे अनिश्चितता महसूस होती है, तो हमें संबंधित निकटतम आधिकारिक संपर्क को जानकारी प्रदान करने के लिए प्रश्न पूछना चाहिए।

**▸▸ सावधानी से साइबर क्राइम विभाग के आदेशों का पालन करें:**

साइबर क्राइम विभाग के निदेशों का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर हमें कोई संदेश या कॉल आती है और वह साइबर क्राइम विभाग के निदेशों का पालन नहीं करते है, तो हमें संदेश की सत्यापन करने के लिए सतर्क रहना चाहिए।

# व्हाट्सएप के नए फीचर की टेस्टिंग जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

व्हाट्सएप, दुनिया भर में अरबों लोगों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, यह एक नई कार्यक्षमता का परीक्षण कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को प्लेटफॉर्म पर साझा की गई फोटो और वीडियो पर तुरंत प्रतिक्रिया देने की सुविधा देता है। वर्तमान में, किसी फोटो या वीडियो पर प्रतिक्रिया करने का एकमात्र तरीका उस पर लंबे समय तक टैप करना और दिखाई देने वाली बार से अपनी प्रतिक्रिया चुनना है।अभी टेस्टिंग चल रही है

हालांकि, व्हाट्सएप एक नई कार्यक्षमता का परीक्षण कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को मीडिया पर तुरंत उत्तर देने और प्रतिक्रिया देने की सुविधा देता है। पिछले साल सितंबर में, डेवलपर्स ने ऐप के मीडिया व्यूअर के लिए एक नया रिप्लाई बार पेश किया था, लेकिन नवीनतम बीटा मीडिया व्यूअर में एक रिएक्ट बार जोड़कर इसे एक कदम आगे ले जाता है।

व्हाट्सएप में कोई फोटो देखते समय या वीडियो देखते समय, उपयोगकर्ताओं के पास अब सीधे इसका उत्तर देने का विकल्प होता है। आप मीडिया पर प्रतिक्रिया देने के लिए बार के दाईं ओर इमोजी बटन भी दबा सकते हैं। यदि आपकी पसंदीदा प्रतिक्रिया दिखाई नहीं दे रही है, तो अपनी पसंद का इमोजी चुनने के लिए बस '+' बटन पर टैप करें।

यह वर्तमान अमल से बेहतर है जहां आपको किसी भी मीडिया पर प्रतिक्रिया या उत्तर देने के लिए या तो लंबे समय तक प्रेस करना होगा या दाएं स्वाइप करना होगा। और जब आप नवीनतम व्हाट्सएप बीटा को साइडलोड कर सकते हैं, तो हअईी३क्ल्लाङ्ग का सुझाव है कि कार्यक्षमता वर्तमान में मुट्ठी भर उपयोगकताओं के लिए उपलब्ध है, जिसका अर्थ है कि इसमें सर्वर-साइड तत्व शामिल हो सकता है।

# ऑटोमेटिक कारों की बढ़ रही है मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आजकल ऑटोमेटिक कारें तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और खासकर शहरों में जहां ट्रैफिक जाम आम बात है, वहां तो लोग ऑटोमैटिक कारें खरीदने पर ही ज्यादा जोर दे रहे हैं। मैनुअल के मुकाबले ऑटोमैटिक कारें चलाना बेहद आसान है, क्योंकि इसमें आपका लेफ्ट हैंड और पैर फ्री रहता है और इससे ड्राइविंग एक्सपीरियंस बेहतर होता है। आज हम आपको ऑटोमैटिक कारों की 5 खास बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके काफी फायदे लोगों को मिलते हैं।

**कंफर्टेबल ड्राइविंग**

ऑटोमैटिक कारों में गियर बदलने की जरूरत नहीं होती, जिससे ड्राइविंग अनुभव अधिक आरामदायक और सुगम हो जाता है। यह भीड़भाड़ वाले शहरों या लंबी दूरी की यात्राओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जहां बार-बार गियर बदलना थकाऊ हो सकता है।

**बेहतर माइलेज**

ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, जैसे कि कंटीन्यूअसली वेरिएबल ट्रांसमिशन, पारंपरिक मैनुअल ट्रांसमिशन की तुलना में ज्यादा ईंधन कुशल हो सकते हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि वे इंजन को अपनी पावर बैंड में ज्यादा कुशलता से काम करने की इजाजत देते हैं।

# 14 जून तक करा सकते हैं आधार अपडेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आधार कार्ड अपडेट करवाने के बारे में सोच रहे हैं तो हम कुछ तरीके आपको बताने जा रहे हैं। अगर आप इसे फॉलो करेंगे तो आसानी से आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिरी ये कैसे संभव है तो आपको पहले ही बता दें कि सरकार ने कुछ समय के लिए फ्री आधार कार्ड अपडेट करने पॉलिसी को बरकरार रखा है, लेकिन बाद में आपको डिटेल अपडेट करने पर पैसे देने होंगे।




अगर आप भी फ्री में आधार कार्ड अपडेट करना चाहते हैं तो आपके पास 14 जून तक का समय है। इस दौरान अगर आप आधार कार्ड डिटेल अपडेट करवाएंगे तो आपको पैसे नहीं देने होंगे। हालांकि अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि इसके बाद भी ये फ्री रहेगा या भुगतान करना पड़ेगा। ऐसा आप ऑनलाइन आसानी से कर सकते हैं।

## एक नजर

### फरार अभीयुक्त के घर पर पांकी पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया

**पांकी।** पांकी थाना पुलिस ने पांकी थाना क्षेत्र के एक फरार अभियुक्त के घर पर इश्तिहार चिपकाए है इस संबंध में पांकी पुलिस ने बताया कि पांकी थाना क्षेत्र के कोनवाई गांव निवासी विष्णुदेव मोची के विरुद्ध पांकी थाना में मारपीट मामला दर्ज है। मामला दर्ज होने के उपरांत अभियुक्त विष्णुदेव मोची फरार है। ऐसे में उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया था। न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार को पांकी पुलिस ने अभियुक्त के घर पर इश्तिहार चिपकाए है।

### पीएम के कार्यक्रम से लौट रहे पुलिस जवान के बाईक में लगी आग

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शदिक चौक के पास शनिवार की दोपहर गढ़वा जिला के एक पुलिस जवान के मोटरसाइकिल में शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। आग लगते देख स्थानीय लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार टीओपी 2, प्रभारी अनिल सिंह, टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर मोटरसाइकिल में लगे हुवे आग को स्थानीय लोगो के सहयोग से बुझाया।

### आज से नीट ( यू.जी.) की प्रवेश परीक्षा होगी आयोजित

**मेदिनीनगर।** पलामू में 5 मई को तीन केंद्रों पर देश की अति प्रतिष्ठित परीक्षा नीट ( यूजी ) 2024 की प्रवेश परीक्षा आयोजित है । यह परीक्षा एन.टी.ए. जोकि एक स्वायत्त शासी संस्था है, जो भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधीन है आयोजित कर रही है। एन.टी.ए. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर 2019 से पूरे देश में नीट (यूजी) की परीक्षा आयोजित करती आ रही है । यह परीक्षा पलामू में तीसरी बार आयोजित हो रही है। इस बार यहां तीन केंद्र बने हैं। एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर, ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बाईपास रोड रेड़मा को केंद्र बनाया गया है।

# पलामू को आकांक्षी जिला बनाकर पहचान दिलायी : प्रधानमंत्री मोदी

**नक्सलवाद पर लगभग काबू पा लिया गया है, कुछ जिलों में शेष है उसे भी खत्म करेंग**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री ने चियांकी हवाईअड्डे पर महा विजय संकल्प सभा में कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने पलामू को उसके हाल पर छोड़ दिया था। इन नेताओं से देश का नक्शा दिखाकर उनसे पूछ लीजिए तो यह बता नहीं पायेंगे कि पलामू कहां है। पलामू को पिछड़ा जिला बताकर अपमानित किया जाता रहा है। 2014 में जब हमारी सरकार बनी तो हमने कह दिया कि ऐसे नहीं चलेगा। पलामू को पिछड़े जिलों की श्रेणी से बाहर निकालकर एक आकांक्षी जिले के रूप में पहचान दिलायी। पलामू को दुनिया मे आगे लाना है और होनहार जिला बनाना है। पहले अधिकारी पलामू आने से डरते थे। अब देश के सबसे बेहतर अफसर यहां आने को इच्छुक रहते हैं।





### वोट की ताकत से जम्मू कश्मीर में धारा 370 की दीवार जमींदोज

पीएम मोदी ने कहा-2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लगी। कांग्रेस की महाभ्रष्ट सरकार को हटा दिया था। आपके एक वोट ने बीजेपी-एनडीए की सरकार बनाई। आपके इस एक वोट की ताकत से आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। 'आपके एक वोट की ताकत से जम्मू कश्मीर में धारा 370 की दीवार को जमींदोज कर दिया। आये दिन हमारे झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश में, पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सलवाद, आतंकवाद फैला कर यहां की धरती को लहूलुहान कर देता था।

### पीएम ने की वीडी राम की तारीफ

पीएम ने पलामू संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के बारे में कहा कि ये काफी सरल हैं। इनका व्यवहार काफी सरल है। इनके बारे में मैं जब बताता हूं और कहता हूं कि ये डीजीपी थे तो कोई मानने को तैयार नहीं होता है। लेकिन ये सबके सुख-दुख में साथ रहते हैं। देश को ऐसे व्यक्ति की जरूरत है। तीसरी बार इन्हें समर्थन दीजिए। पलामू के विकास के लिए अपना बूथ जीतिए।

### आपके एक वोट से राम मन्दिर बन गया

उन्होंने कहा कि 500 साल से हमारी कितनी ही पीढियां संघर्ष करती रही, इंतजार करती रही, लाखों लोग शहीद हुए, 500 साल लंबा संघर्ष चला। शायद इतिहास में इतना लंबा संघर्ष कहीं नहीं हुआ, जो अयोध्या में हुआ। वोट की ताकत देखिए 500 साल तक लड़ाई लड़नी पड़ी। जो काम नहीं हुआ आपके एक वोट से राम मन्दिर बन गया।

### नया भारत घर में घुसकर मारता है

कांग्रेस अपने शासनकाल मे पाकिस्तान को लव लेटर भेजती थी, लेकिन पाकिस्तान की सरकार लव लेटर के जवाब में उतने ही आंतकवादी भेजते थे। आपके एक वोट ने दम दिखाया, अब वह खेल नहीं चलेगा। नया भारत घर में घुसकर मारता है। सर्जिकल स्ट्राइक के तमाचे ने पाकिस्तान को हिला दिया। सीमा पर हर दिन आंतकी हमले होते थे। आज वह बंद हो गया है। ये सब एक वोट का कमाल है। एक वोट की ताकत है कि पाकिस्तान रो रहा है। बचाओ-बचाओ चिल्ला रहा है। कांग्रेस के शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान दुआ कर रहा है। पीएम ने कहा कि मजबूत भारत, मजबूत सरकार चाहता है। मजबूत सरकार के लिए मोदी सरकार जरूरी है।

# प्रधानमंत्री के जनसभा को लेकर सुरक्षा की थी कड़ी इंतजाम





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पूरे शहर में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वही चौक चौराहे पर तैनात पुलिस के अधिकारी व जवान किसी भी बड़े वाहनों को शहर में घुसने नहीं दे रहे थे। पुलिस के द्वारा संदिग्ध वाहनों की जनता पूर्वक जांच की जा रही थी।वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सदर अस्पताल में भी पुलिस बल के पदाधिकारी व जवान तैनाती थे। शहर में बड़ी वाहनों की प्रवेश न हो इसके लिए विसफुट्टा पुल, रेड़मा चौक, बैरिया चौक, रांची रोड भगवती हॉस्पिटल सहित अन्य जगहों पर ब्रेकेटिंग लगाया गया था।

शहर के ट्रैफिक पर प्रभारी अहमद सुबह से ही अपने सभी ट्रैफिक जवानों को रांची रोड में तैनात किए हुवे थे।ताकि किसी भी वाहन की वजह से सड़क में जाम न लगे। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को देखते हुए रांची रोड सड़क के दोनों ओर जहां से मुख्य सड़क पर गाड़ियों का आवागमन होता है। दोनों ओर से बैरिकेडिंग की गयी थी। वहीं, जिन जगहों से आमलोगों के प्रवेश की संभावना थी वहां भी बैरिकेडिंग कर दी गयी थी। सड़क के दोनों ओर पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी थी। वही चियांकी हवाई अड्डा के बाहर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे। हवाई अड्डा के बाहरी हिस्से में सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती के साथ-साथ पेट्रोलिंग की भी विशेष व्यवस्था की गयी थी।

# गर्म माड़ से चलकर दो वर्षीय बच्चा घायल, स्थिति गंभीर

**चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के लेदुका गांव निवासी मिथलेश चौहान के 2 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ कुमार शनिवार की सुबह गर्म माड़ से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में मिथलेश चौहान की पत्नी ने बताया की शनिवार की सुबह वह खाना बना रही थी। रसोई में ही गर्म माड़ रखा हुआ था। तभी सिद्धार्थ खेलते हुए रसोई में पहुंच गया और गर्म माड़ से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबका उसका रोने का आवाज सुनाई दिया तो परिजन वहां पहुंचकर उसे इलाज के लिए पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी सिद्धार्थ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घटना की जानकारी मिलने पर सिद्धार्थ के नाना नानी भी सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखने में उसका इलाज करवा रहे है।

## न्यूज बॉक्स

### शहीद कॉमरेड जगदेव शर्मा का 24 वां शहादत दिवस मनाया गया



**मेदिनीनगर।** छतरपुर इंडिया महागठबंधन कार्यालय में शनिवार को शहीद कॉमरेड जगदेव शर्मा का 24 वा शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामता राम और संचालन रामराज पासवान ने किया। इस कार्यक्रम को पूर्व प्रमुख गोपाल प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया शंभू यादव,कांग्रेस पार्टी के आलम साहब,भाकपा माले के कपिलदेव प्रजापति, लालमोहन प्रजापति,राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव ने संबोधित किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा की आज जब देश का संविधान और लोकतंत्र खत्म करने की बात भारतीय जनता पार्टी द्वारा की जा रही है, इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के जरिए बिफ कंपनियों सहित सैकड़ो लोगों से चंदा लिया जिसके कारण महंगाई दिन दुगना रात चौगुना बढ़ गया ।

### नगर पंचायत ने जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को किया जागरूक



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय परिसर के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम के आयोजन से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों की महिलाओं ने भी कई कार्यक्रम का आयोजन कर वोटर जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ-साथ पहले मतदान तब जलपान थीम पर कई पेंटिंग प्रस्तुत किया गया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं को सक्रिय होकर भाग लेने की जरूरत है। उन्होंने शहरवासियों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। वहीं स्वयंसेवी महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश कुमार, रविकांत पटेल,धीरज कुमार,रवि यादव, संजीत कुमार,बिकास कुमार आदि मौजूद थे।

### हुसैनाबाद में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का कार्यालय खुला



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के खादी ग्रामोद्योग के समीप उदय विश्वाकर्मा के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को भाजपा कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव प्रभारी अविनाश वर्मा, विधानसभा संयोजक विनोद कुमार सिंह, सहसंयोजक रविंद्र कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह ,कर्नल संजय कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीताकाट कर किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा की लोकसभा चुनाव को लेकर यह चुनाव कार्यालय को खोला गया, ताकि इस क्षेत्र के लोगों को चुनाव संबंधित जानकारी मिल सकें। इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, सांसद प्रतिनिधी श्रवण अग्रवाल, अखिलेश मेहता, युवा मंडल अध्यक्ष रंजीव कुमार सिंह, सुबोध कश्यप, शिवपूजन गुप्ता समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जपला एके सिंह कॉलेज में 6 को बैठक

**हुसैनाबाद।** शहर के एके सिंह कॉलेज जपला में आगामी 6 मई को शिक्षकों व अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई है। उक्त तिथि को पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। जिसमें शैक्षणिक समेत सभी विंदुओं पर विचार विमर्श की जाएगी। जबकि 7 मई को पूर्ववर्ती विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि बिद्यालय के पूर्व छात्र कई क्षेत्रों में बेहतर कर रहे हैं, वैसे छात्र कार्यक्रम में अपने अनुभवों से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करने का काम करेंगे।

# नावाबाजार के नावा में पानी के लिए हाहाकार

**प्यास बुझाने के लिए भटकने को विवश है ग्रामीण**





**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार पलामू।** पलामू जिला स्थित नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित नावा गांव जहां पेय जल को लेकर हाहाकार मची है। पेयजल के लिए लोग भटक रहे हैं ? समृद्ध लोग अपने घरों में पानी की व्यवस्था कर रखे हैं। लेकिन सामान्य लोगों का जीना दुभर हो गया है। केंद्र सरकार की ओर से चलाई गई जल जीवन मिशन योजना भी यहां मृतप्राय बना है। संवेदक के द्वारा लगाया गया जलमिनार केवल दिखावा मात्र बन कर रह गया है। लोगों की माने तो संवेदक के द्वारा लगाया गया जलमिनार सिंटेक्स शुरूआती दिनों से हीं फूटी पड़ी है। जिसमें कभी पानी आया हीं नहीं। वहीं लोगों की माने तो संवेदक के मिली भगत से मुंशी के द्वारा पंप का स्टार्टर को खोल लिया गया। पहले पंप चला लोग अपनी जरूरतों के अनुरूप पानी विछाई गई पाईप लाईन में सीधा जोड़ लें जाते थे। लेकिन स्टार्टर खोलने के बाद ऐसा नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोगों की जरूरत देख स्थानीय मंदिर में लगे पंपिंग सेट से पानी दिया जा रहा है। अफसोस बिछाई गई पाईप लाईन एक नाले से होकर गुजरती है। जिसके कारण लोग नालों के बीच लगे पाईप से जल लेकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

# लड़के वाले शादी नहीं करना चाहते गांव वाले परेशान : उपनिदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इस छोटे से गांव में 35 घर है अधिकांश घर आदिवासी समुदाय के हैं। यह लोग वर्षों से पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में रहते चले आ रहे हैं। अब यह 35 घर यहां रहना नहीं चाहता इसकी वजह कोई वन्य प्राणी या वन्य जीव जैसे हाथी, भालू, बाघ या तेंदुआ नहीं है यह किसी और कारण से को एरिया से बाहर जाना चाहते हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि नावर नागौ के छोटे से गांव के लोगों की एक बड़ी मुश्किल है। उन्होंने गांव वालों की बात सुनते हुए कहा की नावर नागौ के लड़कियों की शादी देर से हो रही है। लड़के इस गांव में शादी करना नहीं चाहते। श्री जैना ने बताया की नावर नागौ के लोग इससे परेशान लड़के



क्यों नहीं शादी करना चाहते उसकी वजह बहुत सीधी है और वह वजह है। एक अच्छी सड़क का ना होना सड़क के अभाव में लड़के वाले इस गांव में अपने लड़के को नहीं देना चाहते जब अच्छी सड़क नहीं है तो इसका सीधा प्रभाव स्वास्थ्य सेवा पर पड़ता है। यदि नावर नागों में कोई भी व्यक्ति बच्चा, बूढ़ा, स्त्री, पुरुष हो रात के समय बीमार हो जाए तो उन्हें उपचार के लिए या तो सुबह का इंतजार करना है या फिर रात में ही उभर खाबर सड़कों से मरीज को स्वास्थ्य केंद्र लाना।

### जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के जमुआ खुर्द गांव में 20 वर्षीय विवाहिता अंजली कुमारी के जहरीला पदार्थ खाने गे मौत हो गई है। हालांकि परिजनों ने बेहोशी की हालत में अंजली को इलाज के लिये तत्काल स्थानीय सरकारी अस्पताल ले गये। जहां से रेफर किये जाने के बाद हुसैनाबाद के किसी निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। जहां उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में सूचना मिलते ही हैदरनगर पुलिस ने पहुंचकर छानबीन में जुटी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया विवाहिता का नैहर हरिहरगंज थाना के हल्का गांव में है। वहां से इसके परिजनों के आने के बाद प्राथमिकी दर्ज होगी। फिलहाल शव सुसरालवालों को सौंप दिया गया है।

## पेज एक के शेष

### मजबूत भारत, मजबूत सरकार ...

पैसे के घोटाले का आरोप नहीं लगा है। मैं आज भी पद-प्रतिष्ठा, सुख समृद्धि से दूर हूं। मोदी मौज नहीं, मिशन के लिए पैदा हुआ है। आप सबके नाती-पोते मेरे वारिस हैं। विरासत में आपके बच्चों को विकसित भारत देकर जाउंगा।

**10 साल में 25 करोड़ देशवासियों को गरीबी से बाहर निकाला है :** मोदी ने आगे कहा कि 100 में से 14 लोगों के पास पक्के मकान थे। अब हमने सब परिवार को पक्का का मकान दिया। किसी का भी कच्चा मकान दिखायी दे तो हमें बतायें मैं तीसरी बार सरकार बनते ही उन सभी का घर पक्का का बना दूंगा। यह मोदी की गारंटी है। दस साल में हर घर को बिजली दी है। पहले 100 में से 80 घरों में अंधेरा था। अब उनके यहां बिजली है। आज हर गांव डिजिटल क्रांति का हिस्सा है। निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा हूं और यह सब आपके बच्चों के लिए कर रहा हूं। पलामू को बदहाली से बचाना चाहते हैं। यहां रोजगार बढ़ाकर खुशहाली लायेंगे। मोदी के 10 साल के सेवाकाल में 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। इसलिए वो आज भाजपा को आशीर्वाद दे रहे हैं।

**एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस छीन लेना चाहती है :** पीएम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में जिन चीजों को उल्लेख हैं वह आपकी नींद उड़ा देगा। कांग्रेस की बेइमानी देखिए वे कहते हैं अब लोगों का एक्स-रे करेंगे। देखेंगे उनकी कितनी जमीन है, घर में क्या-क्या है। कितने कमरे हैं। कितना सोना-चांदी है। मंगल सूत्र है कि नहीं, यह जांच करेंगे। कांग्रेस-जेएमएम और आरजेडी सब मिलकर आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों के आरक्षण में डाका डालकर उसे धर्म के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते हैं। कांग्रेस ये ऐलान कर रही है, लेकिन जेएमएम और आरजेडी इस पर चुप हैं और इसे अपनी मौन सहमति दे रहे हैं। मैं यह कदापि नहीं होने दूंगा। एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस छीन लेना चाहती है। भारत में कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जायेगा। कांग्रेस और उनके चट्टे-बट्टे सब आरक्षण में डाका डालकर धर्म के आधार पर संविधान बदलकर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहते हैं। जबतक मोदी जिंदा है, दलितों, पिछड़ो के आरक्षण में रत्ती भर भी मुसलमानों को नहीं देने दूंगा। संविधान में छेड़छाड़ नहीं करने दूंगा। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा के गांव उलिहातू जाने वाला मैं पहला प्रधानमंत्री हूं। भगवान बिरसा की 150वीं जयंती पर भारत के कोने-कोने में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जायेगा।

### संविधान के खिलाफ धर्म के ...

आदिवासी विरोधी इस दर्जे का है कि इनके इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का खुलकर विरोध किया था।

### मानकी मुंडा व्यवस्था खत्म...

कि मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ की जा रही है, हम मानकी मुंडा के बैठने के लिए भवन का निर्माण भी कराएंगे। हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग दिल्ली तक हो रही है, लेकिन केंद्र सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही। सरना धर्मकोड को लागू नहीं किया जा रहा है। इस लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित कर सरकार बनाना है।

### मैं प्रत्याशी के रूप में ...

उनके जीवन स्तर को सुधारना जरूरी है। बैठक के बाद कल्पना सोरेन गांडेय और बेंगाबाद के महुआर दुर्गा मंडल में स्थानीय लोगों से मिलीं और उनसे रुबरु हुईं। इसके बाद कल्पना सोरेन ने करीब दर्जन भर गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद कायम किया। कई स्थानों पर इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन का स्वागत आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक तरीके के साथ किया।

### सीबीआई ने दाखिल की...

दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया था। बुद्धदेव उरांव की ओर से दायर जनहित याचिका में अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान बताया गया कि 12 साल से अधिक बीत जाने के बाद भी सीबीआई ने जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की और ना ही इस मामले में आरोप पत्र दायर किया है। इस पर सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि गड़बड़ी मामले की जांच अब तक जारी है।

### सर्जन के चाकू की तरह एआई...


विरोधी की वर्तमान चाल को देखते हुए खेल खेला था।

**सीमित मेमोरी :-** इस फॉर्म की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले समय का डेटा स्टोर करती है और पुराने डेटा का इस्तेमाल करके भविष्य में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताती है। दिलचस्प बात यह है कि यह प्रणाली खुद सीखने और फैसला लेने में सक्षम है। इस प्रकार की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीनों द्वारा मानव मस्तिष्क की सीमा तक पहुंच गई है। इस समय कई मशीन वॉयस असिस्टेंट के तौर पर काम कर रही हैं। फिलहाल, इस प्रकार पर काम चल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस प्रकार पर काम चल रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस प्रणाली के आने से रोबोट्स इंसानों की तरह यह जान सकेंगे कि उनका वजूद क्या है। इसके बाद इंसानों और मशीनों में कोई अंतर नहीं रह जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग का एक भाग है। इस तकनीक का सपोर्ट हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में दिया जाता है, ताकि एल्गोरिदम को आसानी से समझा जा सकता है। एआई किसी भी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का पर्याय नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तीन स्किल पर करती है काम-लर्निंग प्रोसेस - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा प्राप्त करने और इसे योग्य जानकारी में बदलने के लिए नियम बनाने पर केंद्रित है। इन्हें एल्गोरिदम कहा जाता है। ये एल्गोरिदम कंप्यूटर सिस्टम को कार्य पूरा करने में मदद करते हैं। रीजनिंग प्रोसेस - इस स्किल के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वांछित परिणाम तक पहुंचने के लिए सही एल्गोरिदम का चुनाव करती है। सेल्फ-करेक्शन प्रोसेस - इस स्किल के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एल्गोरिदम को अपने-आप ठीक करती है, ताकि यूजर्स को सटीक परिणाम मिल सकें। कृत्रिम मेधा से होने वाले फायदे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से देश के मेडिकल सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा होने वाला है। इस तकनीक से एक्सरे रीडिंग जैसे तमाम काम आसान हो जाएंगे। डॉक्टर्स को अनुसंधान में मदद मिलेगी। इतनी ही नहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मरीजों का बेहतर तरीके से इलाज किया जा सकेगा। स्पोर्ट्स के क्षेत्र को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बहुत फायदा होगा। खिलाड़ी इस तकनीक के जरिए अपनी परफॉर्मेंस पर नजर रख सकेंगे। इसके अलावा लोगों को तकनीक से खेल को आसानी से समझने की सुविधा मिलेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से स्कूल और कॉलेज से लेकर कृषि के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बहुत फायदा होगा। कृत्रिम मेधा से होने वाले नुकसान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से सबसे ज्यादा बेरोजगारी बढ़ेगी, क्योंकि आने वाले समय में इंसानों की जगह मशीनों से काम कराया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से मानव जाति का अंत हो सकता है, क्योंकि रोबोट्स इस तकनीक के जरिए अपने आप को विकसीत करके खुद खतरनाक हथियार बना सकते हैं। हालांकि, इस दौर को आने में अभी बहुत समय है।

# लालू यादव ने आरक्षण से कोटा निकालकर मुस्लिमों को देने की मांग की थी : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। दरभंगा (बिहार)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के शहजादे (तेजस्वी यादव) के पिता (लालू यादव) ने रेल मंत्री रहते हुए मुस्लिमों को आरक्षण से निकालकर रेलवे में उन्हें कोटा देने की मांग की थी। ये एससी, एसटी और ओबीसी का हक छिनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण कटेगा तो यादव और कुर्मी जैसे समाज का हक भी बंटेगा। पासवान, मुसहर और रविदास समाज के हक पर ये डाका डालने की फिराक में हैं।



प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को बिहार के दरभंगा स्थित राज मैदान में भाजपा उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस तरह एक शहजादे (राहुल गांधी) हैं, उसी तरह पटना में भी एक शहजादे (तेजस्वी यादव) हैं। एक शहजादा पूरे देश को तो दूसरा पूरे बिहार को अपनी जागीर समझता है। कोरोना काल में बिहार के लोगों के साथ इंडी गठबंधन वालों ने गलत किया था। महाराष्ट्र समेत जिन राज्यों में इंडी गठबंधन की सरकार थी, वहां से बिहार के लोगों को भगा दिया गया। बिहार के लोगों को बसों में बैठाकर बीच रास्ते में छोड़ दिया गया।

पीएम मोदी ने अपने शासनकाल की उपलब्धियों पर कहा कि आज भारत ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। दस साल पहले भारत दुनिया की 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थी। बीते 10 साल में हम पांचवें नंबर पर पहुंच गए। कोरोना काल में 100 साल के बाद बड़ा संकट आया था। दुनिया सोचती थी भारत बर्बाद हो जाएगा लेकिन उस समय हमने अपना सामर्थ्य दिखाया और देश उस संकट से बाहर निकला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबी चर्चा के बाद हमारा संविधान बना। बाबा साहेब आंबेडकर और राजेंद्र प्रसाद जैसे बड़े-बड़े विद्वानों ने धर्म के आधार पर आरक्षण पर लंबी चर्चा की। 77 साल पहले उन्होंने तय किया कि हमारे देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते हैं। देश को फिर से नहीं बांट सकते हैं। बाबा साहेब ने इसके खिलाफ खुलेआम वकालत की। पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। अब हमारे गरीब एससी, एसटी और ओबीसी का कांग्रेस से मोह भंग हो गया है। कांग्रेस नेहरू की भावना के खिलाफ जा रही है और बाबा साहेब आंबेडकर की पीठ पर छुरा घोंप रही है। इस साजिश में आरजेडी भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

प्रधानमंत्री ने भाषण में कहा कि दरभंगा में विकास की धारा बह रही है। यहां एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अमृत भारत ट्रेन और आधुनिक सड़कें यानी हर तरफ काम हो रहा है। दरभंगा एम्स की अड़चनों को भी दूर किया जा रहा है। दरभंगा में आईटी पार्क भी बना, जिसे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। मिथिला में मखाना, लीची और आम खूब होता है। अच्छी सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर से इनका एक्सपोर्ट दुनियाभर में बढ़ेगा। इससे पहले मोदी ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे से भाषण की शुरूआत की। साथ ही राम मंदिर बनने की बधाई दी।

## योगानंद शास्त्री ने फिर थामा कांग्रेस का दामन, 3 बार रह चुके हैं विधायक



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और तीन बार विधायक रहे योगानंद शास्त्री ने एक बार फिर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। उन्होंने लंबे समय तक कांग्रेस में रहने के बाद 2020 में इस्तीफा दे दिया था और 2021 में उन्होंने शरद पवार की मौजूदगी में दिल्ली में ही एनसीपी का दामन थाम लिया था। योगानंद शास्त्री दिल्ली की महरौली विधानसभा क्षेत्र से एक बार और मालवीय नगर विधानसभा से दो बार विधायक और 2008 से 2013 तक दिल्ली विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष रहे। योगानंद शास्त्री को 1993 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद उन्हें पिछले दोनों विधानसभा चुनाव -- 2013 और 2015 में भी हार का सामना करना पड़ा। 2015 विधानसभा चुनावों में शास्त्री को आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती से हार मिली थी। उन्होंने 2020 में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया और 2021 में शरद पवार की एनसीपी पार्टी ज्वाइन कर ली।

## कांग्रेस को बड़ा झटका भाजपा में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली, राजकुमार चौहान, नसीब सिंह व नीरज बसोया



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार में लगातार 15 वर्षों तक मंत्री रहे राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह एवं नीरज बसोया और अमित मलिक ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, संजय मयूख और भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में अरविंदर सिंह लवली, राजकुमार चौहान, नसीब सिंह, नीरज बसोया और अमित मलिक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## जंग-ए-मैदान



कांग्रेस नेता और रोहतक निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा ने शनिवार को रोहतक में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी दिखाई दे रहे हैं।



आप के लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार, सोमनाथ भारती और महाबल मिश्रा ने शनिवार को किया नामांकन



दिल्ली में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया। शनिवार को ही आम आदमी पार्टी के भी तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

# कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी : अमित शाह

**एजेंसी। छोटाउदेपुर**

केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को छोटाउदेपुर जिले के बोडेली में आयोजित चुनावी सभा में आरक्षण और संविधान को लेकर कांग्रेस की ओर से किए जा रहे दावों को झूठा करार देते हुए कहा कि केन्द्र में जब तक भाजपा सरकार है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने आदिवासी विकास के लिए केन्द्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों के अंदर करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाया है। बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि आदिवासियों की जितनी आबादी है, उन्हें बजट में उसी के



अनुपात में हिस्सेदारी देना चाहिए। भारत का संविधान लागू होने के बाद सबसे पहले नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के बजट का 14 फीसदी आदिवासी जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। इनके जमाने में आदिवासी मंत्रालय भी नहीं था। अटल बिहारी की सरकार ने पहली बार 1999 में अलग आदिवासी विभाग का मंत्रालय बनाया। कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति पर प्रहार करते हुए अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तो उन्होंने 5 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को दे दिया। इसका अर्थ हुआ कि ओबीसी समाज का 5 फीसदी आरक्षण छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि यह उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है कि आरक्षण तो कांग्रेस छीन रही है और नाम भाजपा का दे रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बात का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि वे कहते हैं कि गुजरात और राजस्थान की जनता को कश्मीर से क्या लेना-देना है। शाह ने कहा कि गुजरात का एक-एक व्यक्ति कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। शाह ने कहा कि राहुल गांधी संसद में अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध करते थे और कहते थे कि इसे हटाने पर देश में खून की नदिया बह जाएंगी।

# जनता के अधिकारों को कमजोर कर रही सरकार : प्रियंका गांधी

**एजेंसी। पालनपुर**

बनासकांठा जिले के लाखणी में कांग्रेस की न्याय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महंगाई, बेरोजगारी समेत विभिन्न मुद्दों पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा। प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाते हुए प्रियंका वाड्रा ने कहा कि उन्होंने जनता के अधिकारों को कमजोर किया है। एक जमाने में प्रधानमंत्री देश की जनता के गांव-घरों में जाते थे तो लोग-बाग उनसे अपना हक मांगते थे। सड़क-पानी के लिए जनता कहती थी। यह पहले की राजनीति की नींव महात्मा गांधी ने डाली थी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे देश की जनता से कट कर कुछ सीमित लोगों तक सिमट गए हैं। अपने भाई राहुल को शहजादा कहने पर प्रियंका ने कहा कि इस शहजादे ने देश की 4000



किलोमीटर यात्रा की है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चले हैं, लोगों की समस्याओं को जाना है। प्रियंका ने केन्द्र सरकार को पेपर लीक, किसानों की कर्ज माफी, खेती के सामान पर जीएसटी आदि मुद्दों पर घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों की कर्ज माफी के लिए स्थाई आयोग बनाएगी। खेती के सामान से जीएसटी हटा देंगी। फसल नुकसान पर 30 दिनों के अंदर भुगतान की नीति बनाई जाएगी। साथ ही देशभर में न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये करने का लोगों को भरोसा दिलाया।

# बिहार ने जिनको 15 साल मौका दिया वे परिवार को आगे बढ़ाने में ही लगे रहे : नीतीश कुमार

**एजेंसी। पटना/मुंगेर**

बिहार में मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू उम्मीदवार ललन सिंह के पक्ष में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिनको 15 साल (लालू यादव) मौका मिला, उन्होंने कुछ काम नहीं किया और सिर्फ परिवार को ही आगे बढ़ाते रहे। मुंगेर लोकसभा सीट के राजग उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे नीतीश ने हवेली खड़गपुर के खंड बिहारी में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को 15 साल मौका मिला वह बिहार में क्या काम किए, सबको मालूम है। शाम होने के बाद लोग घर बाहर नहीं निकल पाते थे। इनके शासनकाल में लोग डरे रहते थे। वर्ष 2005 के पहले क्या हाल था। सिर्फ प्रचार करते रहते थे। हम



ही बनवाए थे। गड़बड़ करने लगे तो हम ही छोड़ दिए। लालू ने पत्नी को सीएम बनाया। बाल-बच्चा को बनाया, परिवारवाद को बढ़ावा दिया। कांग्रेस भी परिवारवाद पर चल रही है। सीएम ने कहा कि पहले बिहार में सबसे ज्यादा हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव होता रहता था और हमें जब मौका मिला तो बिहार के हित में सिर्फ काम किया जो सबके सामने है। हमने 2005 में सबसे पहले कानून का राज्य कायम किया। सभी जगहों पर हिंदू-मुस्लिम मामले को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय के लिए सभी जगहों पर कब्रिस्तान का घेराबंदी किया, मदरसे के लिए भी काम किया। उनके हित में कई काम किए लेकिन ये लोग तो सिर्फ नाम पर वोट का इस्तेमाल किया।

अशोक महतो की पत्नी को मुंगेर लोकसभा सीट से राजद उम्मीदवार बनाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए कोई ब्याह कर लिया और कोई जेल में रहे। ये सब कोई चुनाव लड़ेगा, इसका कोई मतलब है। आज बिहार में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है। चाहे वह पुल-पुलिया और सड़क मार्ग का मामला हो। सभी जगहों पर लगातार कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेर में हर प्रकार का कार्य किया जा रहा है। भाजपा से हमारा संबंध पुराना है। बीच में इधर-उधर चले गए थे लेकिन अब हम कहीं नहीं जायेंगे।

## महाराष्ट्र के 4 प्रमुख उम्मीदवारों को चुनाव आयोग का नोटिस



**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के चार प्रमुख उम्मीदवारों को चुनाव आयोग ने खर्च में गड़बड़ी पाए जाने पर नोटिस जारी किया है। चारों से 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। नोटिस में कहा गया है कि जवाब न देने पर यह माना जाएगा कि चुनाव खर्च के अंतर को स्वीकार कर लिया गया है।

यह नोटिस महाविकास अघाड़ी के शिरूर लोकसभा उम्मीदवार अमोल कोल्हे, पुणे लोकसभा क्षेत्र के रवींद्र धांगेकर, भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के शिरुर के उम्मीदवार शिवाजीराव पाटिल और पुणे के उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल को जारी किया गया है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पुणे और शिरूर लोकसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के प्रचार खर्च की पहली जांच तीन मई को की गई थी। इसके अनुसार उम्मीदवारों की ओर दिए गए दैनिक खर्च एवं निर्वाचन विभाग द्वारा दर्ज खर्च में विसंगति पायी गई है।

# लोस चुनाव देखने के लिए भारत पहुंचे 23 देशों के प्रतिनिधि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनावों को प्रथमदृष्टया देखने के लिए 23 देशों के प्रतिनिधि भारत पहुंच गये हैं। आज से शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य विदेशी प्रबंधन निकायों (ईएमबी) को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव के लिए अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित कराना है। चुनाव आयोग ने विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से 75 अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को आमंत्रित किया था। चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वह लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के आयोजन के माध्यम से लगातार



अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

आयोग ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू 5 मई को इन विदेशी प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद, ये प्रतिनिधि छोटे-छोटे समूहों में छह राज्यों- महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की यात्रा पर निकलेंगे तथा वहां के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। यह कार्यक्रम 9 मई को समाप्त होगा।

भागीदारी के पैमाने और परिमाण के मामले में यह ऐसा पहला आयोजन है। यह 23 देशों भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया, चिली, उज्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इन 23 देशों के साथ इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के सदस्य और भूटान तथा इजराइल की मीडिया टीमें भी भाग लेंगी।

## पुरी लोस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुचरिता मोहंती ने टिकट लौटाया

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के पुरी से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। सुचरिता ने चुनाव लड़ने के लिए फंड नहीं मिलने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि केवल फंड की कमी ही हमें पुरी में विजयी अभियान से रोक रही है। मुझे दुख है कि पार्टी फंडिंग के बिना पुरी में अभियान चलाना संभव नहीं होगा। इसलिए, मैं पुरी लोकसभा सीट से अपना कांग्रेस का टिकट लौटा रही हूं। सुचारिता मोहंती ने अपने त्याग पत्र में लिखा, मैं एक कांग्रेसी महिला हूं और मेरे डीएनए में कांग्रेस के मूल मूल्य हैं। मैं कांग्रेस और अपने नेता जननायक राहुल गांधी की एक वफादार सिपाही बनी रहूंगी।" पुरी लोकसभा सीट के लिए अपने नामांकन के बाद, मोहंती ने क्राउड-फंडिंग के माध्यम से फंड की व्यवस्था करने की भी कोशिश की थी। उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए चंदा मांगते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक यूपीआई क्यूआर कोड और अन्य अकाउंट डिटेल भी शेयर की। मोहंती ने साल 2014 के आम चुनाव में पुरी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन बीजद उम्मीदवार पिनाकी मिश्रा से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com